
इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हमारा पर्यावरण हमारा भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -126, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 2 जून 2024


आज का मौसम | 42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05:16 सूर्यास्त 18:58




बिग बॉस ओटीटी- 3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर...14


# अंतिम चरण : उप्र की 13 लोकसभा सीटों पर 55.60 प्रतिशत मतदान

## चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत, सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत वोटिंग

**दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान**

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ। चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत व सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत मतदान रहा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी सीटों पर छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि महाराजगंज में 60.08 प्रतिशत, गोरखपुर में 54.69 प्रतिशत, कुशीनगर में 57.29, देवरिया में 55.30, बांसगांव में 51.59, घोसी में 54.87 प्रतिशत, सलेमपुर में 51.25, बलिया में 52.84 प्रतिशत, गाजीपुर में 55.21, वाराणसी में 56.35 प्रतिशत, मिर्जापुर में 57.72 व राबर्ट्सगंज (अजा) में 55.92 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें ईवीएम खराब होने व फर्जी मतदान होने समेत विभिन्न शिकायतें रहीं।



### मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद



सातवें चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। प्रधानमंत्री वाराणसी सीट से तीसरी बार प्रत्याशी रहे। प्रधानमंत्री के मुकाबले में इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय प्रत्याशी रहे। गोरखपुर सीट पर भाजपा से भोजपुरी अभिनेता और मौजूदा सांसद रवि किशन प्रत्याशी थे। इनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से रहा।

### प्रचंड गर्मी और लू के बीच आठ राज्यों की 57 सीटों पर 59 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग से शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान में 69.89 प्रतिशत वोट डाले गए। बिहार में मत प्रतिशत 49.35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62.76 प्रतिशत वोट डाले गए। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

# केजरीवाल को आज जाना होगा जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शनिवार को आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि यह आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत के लिए था न कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि के विस्तार के लिए। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी। उन्हें रविवार 2 जून को आत्मसमर्पण करना है।

# भाजयुमो नेता ने पिता को चाकू से गोदा

संवाददाता, रुद्रपुर

- भाजयुमो उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष है हत्यारोपी दीपक राठौर
- हत्या के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में हत्यारोपी ने किया आत्मसमर्पण

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में भाजयुमो नेता ने चाकू से गोदकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पुत्र ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, मृतक के भांजे ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में तोताराम राठौर (50) अपने बड़े बेटे दीपक राठौर और सुमित राठौर के साथ रहते थे। बड़ा बेटा दीपक भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष है। बताया जा रहा है कि तोताराम का बड़े बेटे दीपक के साथ कुछ समय से



मकान बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। पिता को डर था कि दीपक मकान बेचकर रकम को खुर्दबुर्द कर देगा। इसलिए तोताराम पैसे छोटे बेटे को देना चाहता था।

शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे इसी बात को लेकर तोताराम व दीपक में झगड़ा हुआ। उस समय तो परिजनों ने दोनों में बीच-बचाव करा दिया। लेकिन, सुबह चार बजे दीपक ने सो रहे पिता पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात के बाद हत्यारोपी खुद ही थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में बताया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर निहारिका तोमर, थानाध्यक्ष भारत सिंह घटनास्थल पहुंचे। वहां तोताराम का शव जमीन पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक के भांजे जेपीनगर, जनपथ फुलसुंगा निवासी गौरी शंकर राठौर ने दीपक राठौर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# इंडिया गठबंधन का 295 से ज्यादा सीट जीतने का दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एग्जिट पोल की चर्चा में भी भाग लेंगे गठबंधन में शामिल दल
- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को यहां अनौपचारिक बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति पर चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में यह फैसला भी किया गया कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से जुड़ी टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग लेंगे। यह भी तय किया कि स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को यह निर्देश देंगे कि चार जून को मतगणना से जुड़ी पूरी प्रक्रिया संपन्न होने तक तथा जीत का प्रमाण मिलने तक मतगणना केंद्रों पर मुस्तैद रहें। इस गठबंधन ने निर्वाचन आयोग से रविवार को मुलाकात का समय मांगा है ताकि मतगणना से जुड़े विषयों एवं शिकायतों को उनके सामने रखने के साथ समाधान की मांग भी कर सकें।

# अधिकारी के खाने में हड्डी निकली, होटल सील किया

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- दिल्ली जा रहे थे ओडिशा के कांउटिंग आर्ब्जवर श्रीश कुमार

**अमृत विचार :** गजरौला में हाईवे पर हवेली होटल में खाना खा रहे ओडिशा में मतगणना ऑब्जर्वर उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार के खाने में मुर्गे की हड्डी निकल आई। डीएम के आदेश पर एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है।

पूर्व सांसद हरीश नागपाल का गजरौला में नेशनल हाईवे पर हवेली होटल है। पंकज भारद्वाज समेत तीन लोग होटल का संचालन करते हैं। शनिवार दोपहर राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर सीनियर पीसीएस अफसर श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जाते समय होटल में खाना खाने के लिए रुके। उनके साथ बेटा भी था। उन्होंने होटल में कढ़ाई पनीर का आर्डर दिया। खाना सर्व होने के बाद दोनों ने खाना शुरू किया। तभी पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आई। उनकी सूचना के बाद अमरोहा से खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम चंद्रकांता व प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी पहुंचे।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 69 रुपये घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में शनिवार को 6.5 प्रतिशत की कटौती की गई, वहीं 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी गई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक मई को 19 रुपये तथा एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती की गई थी। हालांकि, घरेलू उपयोग में आने वाली रसोई गैस (14.2 किलोग्राम) सिलेंडर की कीमत 803 रुपये प्रति सिलेंडर ही रहेगी।

### छत्तीसगढ़ में हार्डकोर समेत तीन नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की पुलिस ने शनिवार को केरलापाल थाना क्षेत्र में हार्डकोर सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार नक्सली सुकमा चिंतलनार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमेल के निवासी है। गिरफ्तारी में जिला बल, डीआरजी सुकमा एवं 206 कोबरा वाहिनी सूचना शाखा की विशेष भूमिका रही।

### भवानी रेवन्ना से पूछताछ नहीं कर सकी एसआईटी

**हासन।** कर्नाटक पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को कहा कि वह प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी से महिला के अपहरण मामले में पूछताछ नहीं कर सका क्योंकि वह जिले के होलेनरसीपुरा स्थित आवास पर नहीं थीं। एसआईटी ने गुरुवार को भवानी को नोटिस जारी कर उन्हें 1 जून को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक अपने घर पर मौजूद रहने को कहा था।

# गजब! सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लगा दी 5 लेखपालों की ड्यूटी

- गोरखपुर का मामला, विरोध जताने के बाद विवादित आदेश निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सातवें चरण के मतदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में निर्वाचन अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े हो गए। यहां सेक्टर मजिस्ट्रेट को सुबह चार बजे जगाने के लिए पांच लेखपालों की ड्यूटी लगा दी गई। लेखपालों के विरोध के बाद विवादित आदेश निरस्त किया गया।

गोरखपुर लोकसभा सीट के गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी ने पांच लेखपालों की ड्यूटी सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने में लगा दी। सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी आदेश में लेखपाल विकास गुप्ता, रजत वर्मा, विकास मद्धेशिया, विकास पाल व राजीव बघेल को सुबह 4 बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने शिकायत जिलाधिकारी से की। इस पर उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई और आदेश निरस्त करने का निर्देश दिया। आदेश के निरस्त होने के बाद लेखपाल शांत हुए।

### आदेश लेखपालों की गरिमा के खिलाफ

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष राम मूरत यादव ने कहा कि सुबह सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लेखपालों की ड्यूटी लगाया जाना उनकी गरिमा के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि लेखपाल काम में सहयोग के लिए होते हैं, सुबह जगाने के लिए नहीं होते। उन्होंने बताया कि सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी विवादित आदेश का कड़ा विरोध किया गया। इसके बाद आदेश निरस्त हुआ।

# सलमान खान पर हमले के चार साजिशकर्ता गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सलमान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी की पृष्ठभूमि में यह गिरफ्तारी हुई है। अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि सलमान के पनवेल स्थित फार्महाउस में उनपर हमला करने की साजिश रची गई है, जिसके बाद नवी मुंबई पुलिस ने पिछले महीने जांच शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि चारों गिरफ्तार आरोपी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे तथा उन्होंने बिश्नोई भाइयों के इशारे पर फार्महाउस एवं उन स्थानों की रेकी की थी, जहां सलमान काम करते हैं।



- सभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य

# विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 यात्री थे। एक सूत्र ने बताया कि विमान सुबह करीब 8.45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया। इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी। सूत्र ने कहा कि चेन्नई से मुंबई आ रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई5314 के लिए शनिवार को उस समय पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई, जब विमान चालक ने मुंबई एटीसी को विमान में कथित रूप से बम होने की धमकी की सूचना दी।

चेन्नई से मुंबई आ रही उड़ान में कथित रूप से बम की धमकी की पुष्टि करते हुए इंडिगो ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया है।

- एक हफ्ते में इंडिगो एयरलाइन से जुड़ा यह दूसरा मामला

# अनुमानः 15-22 जून के बीच बारिश संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मानसून जल्द देगा दस्तक, फसलों को भी होगा फायदा
- मानसून से पहले कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

**अमृत विचार :** जानलेवा गर्मी व हीट वेव से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है। आगामी 24 घंटे में प्रदेश में मौसम परिवर्तन की संभावना है। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून के इसी माह के तीसरे सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 से 22 जून के बीच मानसून की बारिश शुरु हो सकती है जो सितंबर माह तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है। अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलने के साथ फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा और किसानों की चिंता कम होगी।

लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार मानसून आने से पहले फिलहाल अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उप्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजीपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, इटावा, एटा, महामायानगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2 से लेकर 4 जून तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### टूटा रिकॉर्ड, उप्र में 29,727 मेगावाट बिजली की मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली अभियंताओं के मुताबिक बिजली मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले साल प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंची थी। इस बार 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंच गई। 24 मई को अधिकतम मांग 29,197 मेगावाट थी। 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट व इसके बाद 29,129 मेगावाट दर्ज हुई थी। जल्द ही 30 हजार मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पहुंचने की संभावना है।


वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा





बर्लिन कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालु (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।

सबका साथ | सबका विकास | सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् | डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक | दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोग: खुजली, मुंहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झांईया एक्जिमा दाद। श्वास रोग: छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस। पेट रोग: जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से। पथरी: गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी। मूत्र रोग: पेशाब में जलन, प्रोस्टेट। हड्डी रोग: गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका। पुरुषों में रोग: शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।



अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच

बाल झड़ना एवं गंजापन: डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना। मस्तिष्क का रोग: सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददाश्त में कमी, चिड़चिड़ापन। स्त्री रोग: बच्चे दानी की गांठ, स्तन में गांठ, बांझपन, अनियमित माहवारी, सफेद पानी। अन्य रोग: पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दांतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइड, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन होना।

अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा



लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी" से एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करते हुए अटल आरोग्य जर्मन होम्यो क्लीनिक के एमडी डा. अतुल मिश्रा व डा. प्रीति मिश्रा।



माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. प्रीति मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच | मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला-हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009



चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, बोले- खेल का आनंद ले रहा हूं

# भारतीय जीत की कुंजी हैं बुमराह



**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का टी-20 विश्वकप में प्रदर्शन भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ने हाल के दिनों में मैदान पर सफल वापसी की है और टी-20 विश्व कप के दौरान वह उस लय को बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में दूसरे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब के लिए भारत की खोज में बुमराह को एक प्रमुख कुंजी के रूप में देखा जा रहा है। बुमराह 2022 और 2023 के बीच काफी समय तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ वापसी की और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत की ओर से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज थे जिन्होंने 18.65 की औसत से 20 विकेट लिए, जबकि उनकी इकॉनोमी केवल चार की थी। बुमराह भारत के लिए जीत की कुंजी हैं, जो अकेले मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं।

बुमराह ने कहा जब से मैं अपनी चोट से उबरा हूं, मैंने केवल जितना हो सके खेल का आनंद लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं खेल को लेकर अनिश्चितता के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि कुछ चीजें मेरे अनुकूल होंगी। कुछ चीजें मेरे अनुकूल नहीं होंगी। ये सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। मैं अंतिम परिणाम के बजाय उस पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उस पहलू में आप अपना दबाव कम करते हैं और खेल का आनंद लेते हैं। जब आप उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हे आप नियंत्रित नहीं कर सकते,तो परिस्थितियां जटिल हो सकती है।

### अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी-20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने कहा आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे के पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं। बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है।



# टी-20 विश्वकप में खुल कर खेले भारतः गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**

● पूर्व कप्तान बोले- गंभीर कोच पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। गांगुली ने कहा हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी-20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या और जिस टीम में सूर्यकुमार यादव हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता पर ध्यान दिया, जहां कोई भी टीम शीर्ष पांच में पहुंचने की क्षमता रखती है।

मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है। हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए। गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा क्या गंभीर ने आवेदन किया है, क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसी के बाद वह यह पद हासिल कर पाएंगे।

मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी। जाहिर है, बीसीसीआई के पास समय सीमा बढ़ाने का अधिकार है। अगर गंभीर आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे। आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया। आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी। मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं।

## खेल डायरी



मुंबई में ब्लू ओशन कॉरपोरेशन इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को किया गया सम्मानित। ● एजेंसी

### थाईवान ओपन में डीपी मनु ने जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था।

### डोरमी ओपन में प्रणवी संयुक्त बढ़त पर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपियन टूर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डोरमी ओपन में दूसरे दौर के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होंने बारिश से प्रभावित पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला। प्रणवी इंग्लैंड की कारा गेनर (65-71) के साथ बढ़त बना ली है। प्रणवी पिछले सप्ताह जाबरा क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता से हटने से पहले इस सत्र में इस प्रतियोगिता में कट में जगह बनाने में सफल रही है। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (70-71) संयुक्त 15वें स्थान पर है और वह कट में आसानी से जगह बना लेंगी। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर में अपना खेल शुरू नहीं किया है।

### शुभंकर ने यूरोपीय ओपन के कट में जगह बनाई



**हैमबर्ग (जर्मनी)।** शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर दो दौर के खेल के बाद कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। पहले राउंड में तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ 73 का स्कोर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं। इस बीच वीर अहलावत (79-70) और ओम प्रकाश चौहान (75-76) कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### इंयिन ओपन ऑफ सर्फिंग में तमिलनाडु का दबदबा

**मंगलुरु।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन शनिवार को भी तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपना दबदबा बनाये रखा और पुरुषों के ओपन श्रेणी में चारों फाइनल स्थान और महिला ओपन श्रेणी के फाइनल में दो स्थान हासिल किए। दूसरे दिन की शुरुआत पुरुषों के ओपन सर्फ श्रेणी के क्वार्टरफाइनल्स के साथ हुई, जहां सिवराज बाबू और तमिलनाडु के सर्फर्स ने बढ़त को जारी रखा, सिवराज ने दिन के सबसे अधिक अंक (15.17) इकट्ठे किए। इस श्रेणी में अन्य सर्फर्स जो सिवराज के साथ सेमीफाइनल्स में शामिल हुए वे संजैकुमार एस (12.83), संजय सेल्वमानी (11.63), अजीष अली (11.43), श्रीकांत डी (10.33), मणिवन्ना टी (9.40) थे। दिन की प्रक्रिया सर्फिंग ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू हुई, जहां हरीश पी, जो वर्तमान में भारत में 5वें स्थान पर हैं, ने 10.17 के साथ श्रेणी में उच्चतम स्कोर बनाया।

### दिनेश कार्तिक ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 को आउट किया है।

# अभ्यास मैच में श्रीलंका और अफगानिस्तान की जीत

**फ्लोरिडा, एजेंसी**

श्रीलंका और अफगानिस्तान ने अभ्यास मैचों के अंतिम दिन जीत के साथ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी तैयारी को धार दी। दासुन शनाका ने आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका की 41 रन की जीत में चार विकेट लिए, जबकि गुलबदीन नायब के तेज अर्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड को 55 रन से हरा दिया।

फ्लोरिडा में श्रीलंका ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन चौथे ओवर में उसके एक के बाद एक दो विकेट गिर गए। इसके बाद कप्तान वानिंदु हसरंगा (26) और शनाका (23) ने शुरुआत की, श्रीलंका सात विकेट पर 125 रन बनाए और आयरलैंड को 41 रनों से हराया।



वहीं, त्रिनिदाद में अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और आठ विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में जॉर्ज मुन्से ने 18 गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन वह स्कॉटलैंड के शीर्ष छह में से एकमात्र सदस्य थे, जिन्होंने दोहरे अंक में जगह बनाई। अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड को 55 रनों से हराया।

# जीत की तलाश में उतरेगी वेस्टइंडीज

**जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी**

ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी-20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौंवे चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी।

ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था, लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से



बाहर हो गई। इसके बाद तो हालत और खराब हो गए और ऑस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी। ईडन गार्डन्स में पिछला खिताब जीते हुए 2982 दिन हो गए हैं और अब जब टूर्नामेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे।

### कनाडा के खिलाफ अमेरिका का पलड़ा भारी

**डलास।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी-20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे।

# अल्काराज और सबालेंका ने जीते मैच

**पेरिस, एजेंसी**

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया।

इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को हराया। सबालेंका ने पाउला बडोसा पर जीत हासिल की।

दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे



● फ्रेंच ओपन: स्टेफानोस सिटसिपास चौथे दौर में स्वियातेक, रिबाकिना और सिनर भी बढ़े आगे

दौर में जगह बनाई। अल्काराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की सेमीफाइनलिस्ट दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया, लेकिन उनकी हमवतन सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओन्स जबूर से होगा। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जबूर ने 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज को 6-4, 7-6 (5) से हराया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लो पैक्वेट को 6-1, 6-3 से पराजित किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना अब क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से होगा।

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला मार्टिनेज ने डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया।

# सेमीफाइनल में हार के बाद त्रिसा-गायत्री का सफर खत्म

**सिंगापुर, एजेंसी**

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सिंगापुर ओपन में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। इस हार से भारत का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 में भी अभियान खत्म हो गया। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी की निगाहें शीर्ष 10 खिलाड़ियों पर जीत की हैट्रिक बनाने पर लगी थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री की जोड़ी जापान की खिलाड़ियों के आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने 47 मिनट में 23-21 21-11 से जीत हासिल की। जापान की जोड़ी ने इस तरह

**सिंगापुर ओपन**



फरवरी में एशिया टीम चैंपियनशिप में त्रिसा और गायत्री से सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। जापान की जोड़ी का भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड अब 3-1 हो गया है। त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले दुनिया की दूसरे नंबर की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी को प्री क्वार्टर में और दुनिया की छठे नंबर की किम सो यियोंग और कोंग ही यंग की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हराया था।

# भारत ने जर्मनी को हराया

**लंदन, एजेंसी**

भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी।

विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर



पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया। भारतीय कप्तान ने 16वें मिनट में नीची फ्लिक जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर की ओर बढ़ाई जो बैरी एंथियस से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चली गयी। भारतीय टीम अब आठ जून को फिर से जर्मनी से भिड़ेगी जिसके बाद उसका सामना दो और नौ जून को ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

# टीम की हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो

**जेद्दा।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी।



### मुंबई सिटी एफसी ने ब्रैंडन के साथ किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने शनिवार को भारत के मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस के साथ तीन साल का अनुबंध किया, जो 2015 में आईएसएल की इस टीम के साथ संक्षिप्त समय बिताने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सात साल तक एफसी गोवा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एफसी गोवा के लिए 130 मैचों में 17 गोल किए। इस दौरान गोवा की टीम ने 2019-20 में आईएसएल लीग शील्ड जीती। उन्होंने टीम को क्रमशः 2019 और 2021 में इंडियन सुपर कप और डूरंड कप जीतने में भी मदद की। गोवा के इस खिलाड़ी ने करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा मैं मुंबई सिटी एफसी में वापसी करके खुश हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# निष्प्रयोज्य जमीन पर एक करोड़ से बनेगा अमृत सरोवर

विवेक दीक्षित

- तत्कालीन एसडीएम ने भी चिन्हीकरण कराया, लेकिन हावी रहे कब्जेदार
- 2018 में तत्कालीन विधायक ने भी किया था प्रयास, तब हटाए गए थे कब्जे


प्राचीन भद्रकुंड की निष्प्रयोज्य पड़ी जमीन पर बनेगा सरोवर। अमृत विचार

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी), अमृत विचार:** छोटी काशी के प्राचीन भद्रकुंड पर दशकों से भू माफियाओं की नजर है। कई बार अवैध कब्जे हटाए गए। तत्कालीन एसडीएम शंभू कुमार ने कब्जेदारों को हटाकर चिन्हीकरण कराया, लेकिन उनके तबादले बाद कब्जेदार फिर हावी हो गए। प्रदेश में भाजपा की 2017 में सरकार बनी तो तत्कालीन दिवंगत विधायक अरविंद गिरि ने भी इस भूमि के कायाकल्प का प्रयास किया और कब्जेदारों को हटाया गया। अब पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू के प्रयास से निष्प्रयोज्य पड़ी इस भूमि पर अमृत सरोवर का निर्माण कराया जाएगा। शासन ने फरवरी महीने में ही लगभग एक करोड़ के बजट की मंजूरी दे दी थी।

वराह पुराण में वर्णित स्थानीय शिव मंदिर पूरे देश में विख्यात है। यहां अनेक ऐतिहासिक स्थल और धार्मिक उपयोग की भूमि निष्प्रयोज्य पड़ी है। जिस पर भूमाफियाओं की नजर है। नगर के भूतनाथ मार्ग पर त्रिलोक गिरि मंदिर के निकट प्राचीन भद्र कुंड की भी स्थिति यही थी। इस पर लोग कब्जा कर रहे थे। तत्कालीन एसडीएम शंभू कुमार ने भद्रकुंड का चिन्हीकरण करवाया था। तब कब्जेदारों में हड़कंप मचा था, लेकिन उनके तबादले के बाद फाइल बंद हो गई। बाद में तत्कालीन एसडीएम योगानंद पांडेय से शिकायत हुई तो उन्होंने पैमाइश करा तालाब का सीमांकन कराया। चारों और गहरी खाई बनवाकर सीमेंट के पोल लगवा दिए थे, लेकिन उनके हटते ही धीरे-धीरे खाई पाट दी गई और पोल भी गायब कर दिए गए। कुछ कब्जेदारों ने कोर्ट की भी शरण ली, लेकिन उनके वाद खारिज हो गए। तब तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित पांडेय और नगर पालिका के पूर्व अधिशासी अधिकारी पीएन दीक्षित के नेतृत्व में जेसीबी और लोडर लेकर पहुंची टीम ने अवैध निर्माणों को ढहा दिया था। तबसे यहां कोई नया निर्माण नहीं हुआ। अब इस भूमि पर अमृत सरोवर बनाए जाने से स्थानीय लोगों में ख़ुशी है। उनका कहना है की भद्रकुंड की जमीन पर अवैध कब्जेदारी से छुटकारा मिलेगा और यहां अमृत सरोवर बनने से आसपास की गंदगी से निजात मिलेगी। अमृत सरोवर के आसपास का क्षेत्र पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। सरोवर के किनारे बेंच और सोलर लाइट्स लगाई जाएंगी। सौंदर्यीकरण हो जाने से यहां बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को पार्क आदि की सुविधाएं मिल सकेंगी।

### पालिकाध्यक्ष का प्रयास रंग लाया, बनेगा विकास का प्रतीक

नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अपने पहले साल के कार्यकाल में ही इस जमीन पर विकास का प्रतीक बनाने की अपनी प्राथमिकता को अमली जामा पहना दिया है। उनके प्रस्ताव पर शासन ने फरवरी महीने में ही करीब एक करोड़ की धनराशि को मंजूरी दे दी थी। टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण काम शुरू नहीं हो सका। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होते ही सरोवर की खुदाई शुरू कर दी जाएगी। इसके निर्माण से नगर की सुंदरता बढ़ेगी, वहीं यह विकास प्रतीक साबित होगा।



शहर के बीचोबीच अमृत सरोवर बनने से नगर की सुंदरता बढ़ेगी। बच्चों, युवाओं सहित सभी के आकर्षण का केन्द्र होगा। सुंदर सरोवर के साथ ही पार्क का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें बेंच, झूले और लाइटिंग कराई जाएगी। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। **– विजय शुक्ल रिंकू, अध्यक्ष– नगर पालिका परिषद।**

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्ति एआरएम को समारोहपूर्वक विदाई


एआरएम को माला पहनाकर विदाई देते केंद्र प्रभारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** लखीमपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश मेहरोत्रा 31 मई को सेवानिवृत्ति हो गए हैं। उनको विदाई देने के लिए रोडवेज परिसर में शुक्रवार की शाम विदाई समारोह का आयोजन हुआ। रोडवेज स्टाफ से लेकर परिवहन निगम के हरदोई क्षेत्र के आरएम ने समारोह में शामिल होकर एआरएम को शुभकामनाएं देकर विदाई दी। एआरएम मुकेश मेहरोत्रा ने बताया कि उन्होंने 23 मार्च 1989 को परिवहन निगम में बतौर क्लर्क नौकरी की शुरूआत मुख्यालय से की थी। इसके बाद अनुभाग अधिकारी पद की जिम्मेदारी मिली। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी 2023 को लखीमपुर डिपो का एआरएम बनकर 31 मई को रिटायर हो गया। एआरएम ने लखीमपुर में 15 माह के कार्यकाल के दौरान डिपो कर्मचारियों के सहयोग करने के लिए बधाई दी। इस मौके पर केंद्र प्रभारी नफासत अली, प्रदीप श्रीवास्तव, शोएब, नरेंद्र सिंह, उदय प्रताप, आदित्य श्रीवास्तव, अनीस अहमद, रामचंद्र, सुनील अवस्थी, दिनेश वर्मा राघवेंद्र सिंह, श्रवण मिश्रा, लवनिर्मल सिंह सहित परिचालक व स्टाफ मौजूद रहा।

### बंदूक लेकर जंगल में घूम रहा शिकारी गिरफ्तार, चार फरार

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** खीरी वन प्रभाग बफरजोन की संपूर्णानगर वन रेंज क्षेत्र के हजारा जंगल में वनकर्मियों ने एसटीएफ की मदद से बंदूक लेकर घूम रहे एक शिकारी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके चार अन्य साथी भाग जाने में सफल रहे। सभी शिकारियों के खिलाफ वन एवं वन्य जीव अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। वन विभाग ने गिरफ्तार आरोपी का चालान भेजा है ।जनपद पीलीभीत का शारदा पार हजारा वन क्षेत्र का एक बड़ा भाग संपूर्णानगर वन रेंज के तहत आता है। संपूर्णानगर वन रेंज अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें जंगल में कुछ शिकारियों की मौजूदगी होने की सूचना मिली थी। उन्होंने इसकी जानकारी डीएफओ उत्तर खीरी को दी। साथ ही एक टीम गठित कर एसटीएफ के साथ जंगल में घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने पीलीभीत के थाना हजारा के गांव बाजार घाट निवासी जयमल को गिरफ्तार किया, जबकि उसके चार अन्य साथी मौका पाकर भागने में सफल रहे। टीम ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक देशी बंदूक भी बरामद की है। वन विभाग ने पांचों शिकारियों के खिलाफ वन एवं वन्य जीव अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपी जयमल का चालान भेजा है।

### सामाजिक संस्था ने राहगीरों को पिलाया शीतल पेयजल

**संवाददाता, संसारपुर। अमृत विचार :** कस्बे की सामाजिक संस्था ग्रामीण भारत जन सेवा संस्थान ने भीषण तपिश भरी गर्मी से राहत देने हेतु प्याऊ लगाकर राहगीरों को ठंडा जल पिलाया है। बांकेगंज रोड़ पर स्थित अपने प्रतिष्ठान पर ग्रामीणों एवं राहगीरों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराया। लगातार गर्मी का पारा दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में ग्रामीण भारत जन सेवा संस्थान ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाने हेतु अपनी दुकान के सामने ठंडे पानी का प्याऊ लगाया। सैकड़ों लोगों ने संस्थान के इस कदम की जमकर सराहना की। प्याऊ का शुभारंभ प्रधान पुत्र सूरज देवल ने किया। संरक्षक रामनिवास गुप्ता, संस्था अध्यक्ष शमशाद अंसारी, मोहम्मद सलीम, एहतशाम हुसैन, चंद्रिका प्रसाद मौर्य, डॉ सोहेल अहमद, सूरज मौर्य, राहुल मौर्य, डॉ अवधेश वर्मा, अमित कुमार, असफाक अहमद, रिजवान गाजी, सलाउद्दीन, मोहम्मद नईम, वेदराम, शिवपूजन मौर्य, अहमद हुसैन आदि रहे।

### पिटाई से आहत युवक ने खाया जहर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर निवासी एक व्यक्ति ने पिटाई से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। मामले की तहरीर दी गई है। आरोप है कि शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे मंगला देवी गली के पास उन लोगों ने उसके भाई को लाठी–डन्डों से मारा पीटा। जब वह कोतवाली में शिकायत करने गया तो पुलिस पुलिस ने भगा दिया। जिससे आहत होकर शनिवार की दोपहर उसने पंजाबी कालोनी रोड पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस बाबत कोतवाल इन्द्रजीत सिंह का कहना है कि उनका आपसी विवाद है। आरोप निराधार हैं। मारपीट मामले की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### गर्भवती प्रेमी संग फरार, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, धौरहरा, अमृत विचार :** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 25 वर्षीय तलाकशुदा युवती अपने मायके में रह रही थी। शुक्रवार रात वह अपने पड़ोसी प्रेमी के साथ 10 हजार की नकदी और सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गई। युवती के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर दोनों पर भ्रूण हत्या कराने की आशंका जताई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

# तूफान का कहर: तीसरे दिन भी पटरी पर नहीं आई बिजली आपूर्ति

## जिला मुख्यालय से गांवों में हाहाकार, इंडस्ट्रियल एरिया में बिजली न होने से कारोबार ठप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


तीन दिन बाद भी दुरूस्त नहीं हो सकी पेड़ की डाल गिरने से क्षतिग्रस्त लाइन।


जिला अस्पताल के पास विद्युत तारों में आग लगने से आपूर्ति प्रभावित।

**अमृत विचार:** तीन दिन पहले जिले में आए तूफान का कहर अभी भी जिलेवासियों के लिए मुसीबत बना है। तीसरे दिन भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है, जिसकी गवाही जिला मुख्यालय से लेकर कस्बा एवं गांवों में टूटे बिजली के खंभे और विद्युत लाइनें बयां कर रही हैं। हालांकि, शनिवार को भी बिजली कर्मचारी लाइनें और खंभों को दुरुस्त करने में जुटे रहे।

बृहस्पतिवार रात तूफानी बारिश की चपेट में आकर विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ गए। बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर और बिजली लाइन तक क्षतिग्रस्त हो गईं। अभी तक जिला मुख्यालय के अलावा आस पास के बसी कॉलोनियों सहित दर्जनों गांवों की बिजली सप्लाई पूरी तरह से बहाल नहीं हो पाई है। हालांकि शनिवार को भी गुरु गोविंद सिंह तिराहे से लेकर लोहिया भवन के निकट बिजली की लाइन कर्मचारी ठीक करने में लगे रहे। विभागीय जिम्मेदारों के तमाम दावों के बावजूद लोहिया भवन से नसीरुद्दीन मौजी भवन और कचेहरी रोड पर तीन दिन से बल्ब की रोशनी देखने के लिए तरस रहे हैं। उधर, ग्रामीण क्षेत्र का तो कोई पुरसाहाल नहीं है। विभागीय लोगों की मानें तो गांवों की आपूर्ति बहाल होने में दो से तीन दिन लगेंगे।

### 400 खंभे, 11 ट्रांसफार्मर व 25 हजार मीटर लाइन क्षतिग्रस्त

जिले भर में 400 पोल, 11 ट्रांसफार्मर सहित करीब 25 हजार मीटर विद्युत लाइन का क्षतिग्रस्त होना बताया जा रहा है, जबकि इनकी संख्या अधिक है। जिम्मेदारों की मानें तो आंधी और बारिश से विभाग को करीब 70 लाख की चपत लगने का अनुमान है। हालांकि इसका एस्टीमेट अभी तैयार कराया जा रहा है। वहीं, बिजली व्यवस्था चौपट होने से राजापुर इंडस्ट्रियल एरिया में सभी फैक्ट्रियां बंद पड़ी हैं। काम धंधा बंद होने से लोगों में नाराजगी है।

### दिन रात कार्य कर रहे बिजली कर्मचारी

**बिझौली।** गोला से संचालित अलीगंज फीडर के बिजली के 16 पोल टूटने से क्षेत्र की बिजली गुल है। आपूर्ति सुचारु करने के लिए दिन रात बिजली कर्मचारी जुटे हैं। सुबह होते ही एसडीओ विनीत वर्मा, जेई मिथिलेश यादव, लाइन स्टाप राजेश कुमार, नरेन्द्र, योगेंद्र आदि लोगो के साथ पूरी लाइन को देखकर टूटे हुए पोल को मंगवाकर युद्ध स्तर पर कर्मचारियों को लगाया, जिससे लक्ष्मनजती तक की लाइन चालू कराई। बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ ग्रामीण कृष्णकुमार, जनमेजय यादव, मेवालाल, योगेंद्र सिंह, छोटेलाल, रोहित आदि लगे रहे।

### कलक्ट्रेट विद्युत उपकेंद्र पर हंगामा


उपकेंद्र पहुंचे मोहल्लेवासी।

मोहल्ला हिदायतनगर में बिजली आपूर्ति सुचारु न होने से लोगों का सब्र जवाब दे गया। शनिवार को मोहल्ले के लोग कलेक्ट्रेट स्थित उपकेंद्र पहुंच गए। विद्युत कर्मियों के जवाब से असंतुष्ट मोहल्लेवासी हंगामा करने लगे। इस पर उपकेंद्र पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने जल्द ही विद्युत सप्लाई बहाल होने का आश्वासन देकर उन्हें समझाबुझाकर मामला शांत कराया।

आंधी बारिश की चपेट में आने से करीब 350 पोल, आठ ट्रांसफार्मर सहित तार टूट गए हैं। क्षतिग्रस्त सामग्री का एस्टीमेट बनवाया जा रहा है। करीब 30 से 40 लाख का नुकसान होने का अनुमान है ।**– राजनरायन, एक्सईएन– गोला**

करीब 150 पोल और तीन से चार ट्रांसफार्मर सहित करीब सात हजार मीटर विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। इसका एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। **–शैलेंद्र कुमार, एक्सईएन– लखीमपुर**

# तीन दिन बाद भी नहीं हटा सड़क पर गिरा बोर्ड


गोला रोड पर लालपुर बैरियर के पास रोड पर गिरा पड़ा शाइन बोर्ड।

संवाददाता, लखीमपुर।

**अमृत विचार:** बृहस्पतिवार रात आंधी की चपेट से लालपुर बैरियर पर गोला रोड पर लगा शाइन बोर्ड सड़क पर गिर गया। इससे पैदल भी निकलना दूभर है। वहीं, दो एवं चार पहिया वाहन छाउछ रोड पर बरमबाबा से होकर गोला रोड पर निकल रहे हैं। दो दिन बीतने के बाद भी जिम्मेदारों ने बोर्ड को रोड से हटवाना जरूरी नहीं समझा। सबसे ज्यादा दिक्कत फरधान, गोला व मोहम्मदी सीएचसी से गर्भवतियों को लेकर आने वाली एंबुलेंस चालकों को होती है।

वहीं, शनिवार शाम तक बिजली न आने से नाराज उदयपुर महेवा व गणेशनगर के लोग सड़क जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उधर, गोला पावर हाउस के अंतर्गत कोटवारा फीडर भी बदहाल है। दो दर्जन से अधिक गांवों में आंधी में गिरे पोलों को अभी तक ठीक करने कोई नहीं आया, जिस कारण आसपास के लोग बिजली को तरस रहे है। अधिकारियों के फोन नहीं उठ रहे। इससे लोगों में रोष पनप रहा है।

### दर्जनों गांव अंधेरे में

**रोशननगर।** इलाके के दर्जनों गांव अंधेरे में हैं, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों ने अपने मोबाइल तक बंद कर लिए हैं। इससे लोगों में गुस्सा है। लोगों के मोबाइल, बिजली उपकरण, इनवर्टर, पंखे शो पीस बने हुए हैं। भीषण गर्मी में सभी बेहाल हैं। गांव ममरी, रोशननगर, परेली, कैथोला, धिरावां, बेहड़ा, खोखाय, जनकपुर, सेखवापुर, जमुनहां, दूलीपुर, अंबरपुर, बाबरपुर, रामपुर, वृंदावन, बोझवा सहित कई गांवों के लोग परेशान हैं। इस बाबत हैदराबाद फीडर के जेई देवेश पांडे का कहना है कि गुरुवार को आंधी आने से बिजली की लाइन टूटी हैं। जो लाइनमैन को लगाकर सही कराया जा रहा है। उम्मीद है जल्द ही सप्लाई सुचारु करा दी जायेगी।

### 48 घंटे बाद भी बिजली नहीं

**रजागंज।** कैमहरा उपकेंद्र से जुड़े दर्जनों गांवों में बृहस्पतिवार रात से बिजली नहीं है। इससे ग्रामीणों का उमस भरी गर्मी में बुरा हाल है। ग्रामीण बताते हैं कि विद्युत पोल और बिजली लाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचना जेई को दी थी। मगर, अब तक बिजली बहाल नहीं हो सकी है। जेई राकेश कुमार ने बताया कि काफी पोल टूटे हैं, जिन्हें ठीक कराया जा रहा है।

# देश से गद्दारी व गो माता पर बर्बरता करने वालों को नहीं छोड़ते बजरंगी

- प्रांतीय प्रशिक्षण शौय शिविर के समापन पर बोले विहिप केंद्रीय उपाध्यक्ष संपत राय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


बजरंग दल के प्रशिक्षण शिविर के समापन पर पूजन करते श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव व संघ प्रचारक संपत राय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव संपत राय ने कहा कि देश व हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए नव युवकों को आगे आने के लिए बजरंग दल कार्यकर्ता जुटे हैं। बजरंग दल एक संस्कारी संगठन है। अवध प्रांत के 25 जिलों से आए नवयुवक आठ दिन से देश सेवा सीख रहे हैं। बजरंगदल कार्यकर्ता किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन देश से गद्दारी और गो माता के साथ बर्बरता करने वालों को छोड़ता भी नहीं।

वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को बजरंग दल के प्रांतीय अभ्यास वर्ग के समापन समारोह में मौजूद रहे। समारोह में नैमिष मिश्रिख चौरासी कोसी परिक्रमा के सचिव एवं राष्ट्रीय महामंत्री संतोष दास रहे। इस दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शिविर में सीखे कार्यों का प्रदर्शन किया। संचालन प्रांत संयोजक महेश तिवारी ने किया। केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय गोसेवा प्रमुख दिनेश उपाध्याय, राजदेव सिंह, देवेंद्र, उमाशंकर मिश्र, आशू मिश्रा, बलराम आदि मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएमओ की बिगड़ी तबीयत, इमरजेंसी में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- प्रशासनिक अधिकारी बोले जांच रिपोर्ट आने का इंतजार

**अमृत विचार:** सीएमओ कार्यालय में डिप्टी सीएमओ के सीने में अचानक तेज दर्ज होने लगा। इससे कार्यालय में हड़कंप मच गया। कार्यालय के लोग सीएमओ के वाहन से लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। ईसीजी जांच रिपोर्ट सामान्य आने पर ईएमओ से लेकर सीएमओ और सीएमएस ने राहत की सांस ली।

रोजाना की तरह डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम शनिवार सुबह सीएमओ कार्यालय पहुंचकर अपने कक्ष में विभागीय काम करने लगे। दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक सीने में तेज दर्द उठने से वह बेहाल हो उठे। उन्होंने इसकी सूचना पास के कार्यालय में मौजूद सौरभ शुक्ला को दी। सौरभ शुक्ला ने सीएमओ को सूचित कर डिप्टी सीएमओ को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर ईएमओ ने भर्ती कर जांच शुरू कर दी। उधर, इसकी सूचना मिलते ही सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा आदि भी जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंच गए। मगर, ईसीजी रिपोर्ट नार्मल आने पर सभी ने राहत की सांस ली। जिला अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संतोष मिश्रा ने बताया कि डिप्टी सीएमओ को सीने में दर्द की शिकायत थी। हालांकि उनकी ईसीजी रिपोर्ट नार्मल आई है। इस पर कुछ अन्य जांचे कराई गई हैं, जिनकी रिपोर्ट आने का इंतजार है।

**बैठक** डीएम ने प्रत्याशियों संग कलेक्ट्रेट सभागार में की बैठक

# तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना

- मतगणना संबंधी दिशा निर्देशों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना संबंधी निर्देशों की जानकारी देते डीएम।

**अमृत विचार:** मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। इसको लेकर राजापुर मंडी में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मतगणना स्थल निगरानी सीसीटीवी कैमरों से होगी।

डीएम ने शनिवार को प्रत्याशी और राजनैतिक दल के लोगों संग कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निर्वाचन आयोग से मतगणना को लेकर जारी निर्देशों के बारे में बताया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना राजापुर मंडी परिसर में चार जून की सुबह आठ बजे शुरू होगी। मंडी में मतगणना का कार्य सकुशल संपन्न कराने के लिए थ्री लेयर सुरक्षा रहेगी। इसके अलावा सीसीटीवी से भी नजर रखी जाएगी, जिसके लिए कैमरे लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने प्रत्याशियों से मतगणना के दिन अभिकर्ताओं को समय से मंडी में पहुंचने के लिए कहा है। डीएम ने बताया कि अभिकर्ता अपनी विधान सभा क्षेत्र में निर्धारित टेबिल पर ही रह सकेंगे। दूसरी टेबिल एवं अन्य दूसरी जगह पर जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। मतगणना केंद्र पर मोबाइल, स्पाई पेन, कैमरे के अलावा अन्य कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस व ज्वलनशील पदार्थ नहीं ले जा सकेगें। एजेंट को पास सामने लगाना होगा। परिणाम को नोट करने के लिए कागज़ व कलम लेकर जा सकेंगे। बैठक में एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के एआरओ श्रद्धा सिंह सहित प्रत्याशी और उनके एजेंट आदि मौजूद रहे।

# ट्राली से टकराई बाइक, तीन घायल

**धौरहरा, अमृत विचार:** निघासन थाना क्षेत्र के गांव सहतेपुरवा मजरा लुधौरी निवासी रवी कुमार (20) विनोद कुमार भार्गव, अपने ममेरे भाई अमित कुमार (24) व राजपाल (22) निवासी पचघरा थाना धौरहरा के साथ एक ही बाइक से घर वापस जा रहे थे। बसंतापुर गांव के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गए। ट्राली के पीछे लगी सरिया चालक रवी कुमार और अमित कुमार के पेट में घुस गई। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर होने पर रवी कुमार और अमित कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# किशोरी के अपहरण मामले में नामजद आरोपी का फंदे से लटका मिला शव

## पांच लोग थे नामजद, नीमगांव पुलिस किशोरी को बरामद करने का बना रही थी दबाव

संवाददाता बेहजम/मितौली

**अमृत विचार:** किशोरी के अपहरण के मामले में नामजद थाना नीमगांव के गांव बहादुरपुरा निवासी नत्थू सिंह (55) का शव थाना मितौली क्षेत्र में स्थित एक आम की बाग में पेड़ से लटका बरामद हुआ है। परिवार वालों का आरोप है कि पुलिस किशोरी को बरामद करने के लिए उन पर मानसिक दबाव बना रही थी। वहीं मृतक का दामाद भी मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था, जबकि उसकी विवाहित पुत्री भी किशोरी के साथ ही गायब है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


नत्थू सिंह (फाइल फोटो)

थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव बहादुरपुरा निवासी एक व्यक्ति की 14 वर्षीय ने गांव के ही नत्थू सिंह, उसकी विवाहित पुत्री छोटी बिटिया पत्नी सुकंजी सिंह, पत्नी, गोलू सिंह व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि 14 मई की रात छोटी बिटिया उसकी 14 वर्षीय उसके घर में ही पुत्री के साथ लेटी हुई थी। तड़के चार बजे वह उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर किसी परिचित के साथ शादी करने के उद्देश्य से ले गई है। पुलिस ने 17 मई को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस नत्थू सिंह पर किशोरी को बरामद करने का दबाव बना रही थी। शुक्रवार को भी पुलिस उसके घर गई थी। इससे वह काफी मानसिक दबाव में थे। वह देर शाम किसी समय घर से चले गए। उनका शव शनिवार की सुबह थाना मितौली क्षेत्र में गांव पहाड़ा में स्थित बाग के एक आम के पेड़ से लटका देखा गया। शव मिलने से उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर तरह क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

### पुत्र ने बहनोई पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप, दी तहरीर

**बेहजम।** मृतक के पुत्र मुन्ना सिंह ने अपने बहनोई सुकंजी सिंह पर पिता को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि बहनोई ने ही किशोरी के परिवार वालों को उकसा कर गलत तरीके से माता-पिता पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही बहनोई पिता नत्थू सिंह को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। आए दिन गाली गलौज करता और धमकी देता था। इससे परेशान होकर उसके पिता ने आत्महत्या की है। पुत्र ने आरोपी बहनोई के खिलाफ थाना नीमगांव पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के पुत्र ने ग्रामीणों की मदद से आरोपी अपने बहनोई सुकंजी को घर से पकड़ कर मारापीटा और बेहजम चौकी पुलिस को सौंपा है।

> मृतक नत्थू सिंह किशोरी के अपहरण मामले में आरोपी था। उसने पेड़ से लटककर आत्महत्या की है। आत्महत्या के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। वीडियो दिखाकर पुलिस के धमकाने की बात सही नहीं है। हो सकता है कि पुलिस उसके घर पूछताछ करने के लिए गई हो।
> –शमशेर बहादुर सिंह, सीओ मितौली।

## डॉक्टर ने महिला से की छेड़छाड़

**मोहम्मदी। अमृत विचार:** बीमार महिला को दवा देने उसके घर पहुंचे एक झोलाछाप डॉक्टर ने मौका देखकर महिला से छेड़छाड़ की। उसके शोर मचाने पर सास मौके पर पहुंची तो डॉक्टर धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह रात करीब आठ बजे अचानक बीमार पड़ गई। पत्नी ने गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर मुनीश कुमार को बुलाया। इसके बाद पति खेत की सिंचाई करने के लिए चले गए। डॉक्टर मुनीश कुमार घर दवा देने घर आया था। घर में अकेला देखकर छेड़छाड करने लगा। उसने जब विरोध किया तो धमकाने लगा। शोर मचाने पर महिला की सास मौके पर आ गई। इस पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़ित महिला ने घटना की जानकारी अपने पति को दी और कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# छात्र को बेल्टों से पीटा सिर पर किए कई प्रहार

▸▸ कोचिंग पढ़कर वापस घर जा रहा था छात्र, घायल छात्र जिला अस्पताल में भर्ती, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सीतापुर फोरलेन स्थित एक कोचिंग सेंटर से पढ़कर जा रहे छात्र को चार युवकों ने रोक लिया और उसकी हाथ के कड़े और बेल्टों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना फरधान के गांव अटकोनवा निवासी किशन वर्मा ने बताया कि वह सीतापुर फोरलेन पर स्थित एक कोचिंग सेंटर पर पढ़ने आता-जाता है। शुक्रवार की शाम वह कोचिंग पढ़कर अपने घर जा रहा था। जल भवन के पास थाना खीरी के गांव डिम्हैरा निवासी समीर ने अपने तीन अन्य अज्ञात साथियों के साथ रोक लिया और बेवजह गाली गलौज करने लगे। उसने जब बिना किसी कारण के गाली देने से मना किया तो चारों आरोपी भड़क गए। उसे बेल्ट से जमकर मारापीटा। हाथ में पहने कड़े से उसके सिर पर कई प्रहार किए, जिससे वह वह लहूलुहान हो गया और सड़क पर गिर गया। शोर शराबा सुनकर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और पिटाई का विरोध किया। तब आरोपी उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर एलआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल घायल छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि एक युवक को नामजद कर तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, दो घायल

**बेहजम। अमृत विचार:** थाना नीमगांव के गांव बाछेपारा में रास्ते को बंद करने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडे लेकर दूसरे पक्ष के घर पर धावा बोल दिया और जमकर मारपीट की। पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

गांव बाछेपारा निवासी गीता देवी ने बताया कि सुबह करीब सात बजे गांव के ही विजय, शोभित, ममता व शोभा देवी उसके मुख्य मार्ग को बंद कर रहे थे। उसने जब मार्ग बंद करने से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे लेकर उसे दौड़ा लिया। किसी तरह से जान बचाकर घर में घुस गई तो पीछे से आरोपी भी आ गए और उसे, उसके पति शत्रोहन, बहू मैना देवी को मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने पुत्र लव कुश आ गया तो आरोपी तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोपियों की पिटाई से मैना देवी व शत्रोहन गंभीर रूप से घायल हुए हैं, दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### फल वितरित कर, शर्बत पिलाकर विधायक का मनाया जन्मदिन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। **अमृत विचार:** गोला विधायक अमन गिरि के जन्मदिन को विधानसभा क्षेत्र में उनके शुभचिंतकों व कार्यकर्ताओं ने अस्पताल और प्रमुख स्थानों पर फल वितरित कर, शर्बत पिलाकर मनाया है। शनिवार की सुबह से ही शुभचिंतक विधायक के लाल्हापुर स्थित फार्म हाउस पहुंचने लगे और बधाई दी। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के अशोक चौराहे पर विधायक अमन गिरि की तरफ से एक सप्ताह के लिए लगाए गए ठंडे पानी के प्याऊ का विधायक के चाचा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने शुभारंभ किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों, अशोक चौराहे सहित नगर के प्रमुख स्थानों पर रिक्शे वाले, मजदूरों को फल, बिस्किट वितरित किए। लखीमपुर रोड पर साहनी डीलक्स होटल के सामने शर्बत का प्याऊ लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। व्यवस्था में राजन साहनी, पुनीत साहनी, कपिल भारती, मोनू गिरि, सचिन सिंह, अजीत पांडे, राहुल भारती, आयुष शुक्ला, मोहित राठौर, सोनू सिंह, राजेंद्र सैनी, दीपक शुक्ला, आदर्श शुक्ला, सूरज कुमार, रवि राठौर, सरताज खान आदि लगे रहे।


गोला में फल वितरित करते धर्मेंद्र गिरि मोंटी।

### सीएमएस ने कराया विद्यार्थियों को योगासन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। **अमृत विचार:** सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज की मिशन इन्ट्रैक्ट-नॉलेज इज पॉवर के तहत शनिवार को विद्यार्थियों को शहर के कंपनी बाग परिसर में योगासन कराया गया। योग प्रशिक्षक रमेशचन्द्र गुप्ता व पंकज राजवंशी ने सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाती, भ्रामरी प्राणायाम, आसन, सूर्य नमस्कार आदि योगासन कराए। योगासन करने आए विद्यार्थी काफी उत्साहित होकर अनुशासित ढंग से योगा सीख रहे थे। इस मौके पर प्रभारी नितीश खन्ना, आरके सिंह व शहर के समाजसेवी राममोहन गुप्ता ने विद्यार्थियों को गर्मी की छुट्टियों में प्रतिदिन सुबह योग करने के लिए प्रेरित किया, जिससे बच्चे स्वस्थ रहें व बीमारियों से बचे रहें। साथ ही उन्होंने योग से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।


योगाभ्यास करते विद्यार्थी। अमृत विचार

### यज्ञ व सुंदरकांड का पाठ कराया, कन्या भोज करवाया


सुंदरकांड के भोज में शामिल कन्याएं। अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां। **अमृत विचार:** सिद्ध बाबा देवस्थान में सुंदरकांड का पाठ, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ और विशाल भंडारा किया गया। यज्ञ व पूजन पंडित रजनीश ने कराया। इस मौके पर मोहम्मदी सिविल वार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा पत्नी सुनीता के साथ मुख्य यजमान रहे। बाद में कन्या भोज भी हुआ। इस मौके पर अभिषेक, अस्मित शुक्ल, बृजमोहन, जगमोहन, राहुल गुप्ता, उत्कर्ष आदि मौजूद रहे।

### चोरी मामले में हरदोई के दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता, पसगवां। **अमृत विचार:** थाना पसगवां क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मस्तीपुर और जेबीगंज की मोबाइल शॉप में हुई चोरी का खुलासा करते हुए हरदोई जिले के थाना पिहानी के गांव राभा निवासी इसरत अली व थाना संडिला के गांव बरौनी चुंगी निवासी कमल अस्थाना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल के अलावा तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

# वरियर इलेवन, आरआर क्लब और विशू इलेवन ने जीते मैच

▸▸ गोला कप डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** गोला कप डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे दिन खेल गए तीन मैचों में वरियर इलेवन, आरआर क्लब और विशू इलेवन ने जीत दर्ज की है।

नगर के स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम पब्लिक इंटर कॉलेज में चल रहे टूर्नामेंट के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले में वरियर इलेवन, आरआर क्लब और विशु इलेवन ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पराजित कर बढ़त बना ली है। पहले मैच में वारियर इलेवन के सुमित 39, संदीप 30 की मदद से 109 रनों का स्कोर खड़ा किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलाइड इलेवन की टीम महज 78 रनो पर सिमट गयी। दूसरा मुकाबला आरआर क्लब और फ्रेंड्स क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें आरआर क्लब के सोनू 24 अशफ़ाक़ 11 की मदद से 85 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स क्लब की टीम निर्धारित ओवरों में 58 रन पर ही सिमट गई। वहीं हुए तीसरे मुकाबले में विशू इलेवन के सूरज 21, मोइन 18 रनों के सहयोग से 95 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलेवन वारियर 66 रनों पर आउट हो गई। तीनों मैचों में अंपायरिंग अनवार अहमद, सौरभ शुक्ल, रोहित गुप्ता, शिवम अवस्थी, और अनिकेत वर्मा ने की। कमेंट्री सादाब अहमद और स्कोरर की भूमिका नदीम ने निभाई। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, केके शुक्ल, मधुसूदन गिरि, रामगुलाम पांडेय, सुरेंद्र शर्मा, योगेश साहनी, शोभित सिंह, कमाल अहमद आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## हादसे में पीलीभीत के दो युवक घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार:** पलिया-संपूर्णानगर मार्ग पर शुक्रवार को अज्ञात वाहन ने गांव गदनियां के निकट बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पीलीभीत के मझोला के गांव निवरिया भिनरा निवासी पवन राठौर पुत्र चंद्र प्रकाश व लक्षना सिंह राठौर पुत्र लालता प्रसाद घायल हो गए। दोनों को सीएचसी पलिया लाया गया, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को छुट्टी दे दी।

## समरकैंप का उद्घाटन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। **अमृत विचार:** एसडी इंटरनेशनल स्कूल ग्राम घरथनिया के समरकैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि अरविंद पांडेय, विशिष्ट अतिथि प्रधान प्रतिनिधि रवि वर्मा ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि अरविंद पांडेय ने कहा कि ग्राम स्तर पर समर कैंप के आयोजन से छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा। समरकैंप में नृत्य कला, इंग्लिश स्पीकिंग, गायन, ड्राइंग, सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी, डिजाइन, आर्ट एंड क्राफ्ट, हेयर स्टाइल, सौंदर्य कला का प्रशिक्षण प्रशिक्षित शिक्षक देंगे।


फीता काटकर समरकैंप के उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

## घर में घुसकर मारपीट धमकी की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी नरेंद्र दीक्षित ने बताया कि 23 मई की रात 10 बजे मोहल्ले के ही रचित द्विवेदी ने अपने भाई शिवम द्विवेदी के साथ घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की। जिससे उनके तीन दांत टूट गए। रात में ही पुलिस ने रचित द्विवेदी और उसके भाई के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन 10 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है।

## जाम से जूझ रहा सिकंदराबाद चौराहा

**बिलहरी। अमृत विचार:** लखीमपुर रोड पर गोला और फरधान में बन रहे रेलवे के ओवर ब्रिज से डायवर्ट किए गए रूट के कारण सिकंदराबाद चौराहे पर रोज जाम लग रही है। पर्याप्त पुलिस बल न होने से वाहन स्वामी घंटों परेशान होते हैं।

गोला, लखीमपुर के मार्ग पर ओवर ब्रिज बनने के कारण रूट डायवर्जन कर वाहनों को मनकापुर चौराहे से सिकंदराबाद होकर निकाला जा रहा है। जिससे गोला, खुटार, मोहम्मदी, सीतापुर व लखीमपुर से आने वाले वाहनों का यह मुख्य मार्ग बना हुआ है। कस्बा सिकंदराबाद में हर समय वाहनों के बेतरतीब निकलने से कस्बा बासियों को घंटो जाम का सामना करना पडता है। सिकंदराबाद के चौकी इंचार्ज आशीष सहरावत ने बताया कि पुलिस चौकी पर स्टाफ की कमी है। कुछ पुलिस कर्मी चुनावी ड्यूटी में भी लगे हुए हैं। जाम खुलवाने के लिए होमगार्डों को चौराहे पर लगाया गया है।

## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्ते निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 10.06.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)

# वैदिक समर कैंप में तहसीलदार ने दिया बच्चों को वैदिक काल का ज्ञान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** मां कात्यायनी सेवा समिति के हो रहे समरकैंप में तहसीलदार ने बच्चों को संस्कृति और वैदिक ज्ञापन कराया है।

वैदिक समर कैंप में योग प्रशिक्षक रामेंद्र शुक्ला ने बच्चों को योग सिखाया और कराया। हितेश पांडे ने संस्कृत में कैसे अनुवाद किया जाता है वह बच्चों को सिखाया और पढ़ाया। मुख्य अतिथि तहसीलदार सुखबीर सिंह ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की वैदिक धार्मिक और सामाजिक बातों को बताया और साथ ही बच्चों से उन्होंने प्रश्न भी किये, जिसका उत्तर बच्चों ने दिया।


गोला के समरकैंप में बच्चों को संस्कृति का ज्ञान कराते तहसीलदार।

उन्होंने समर कैंप की प्रशंसा कर कहा कि बच्चे अपनी संस्कृत, संस्कृति और संस्कार को आपके माध्यम से सीख रहे हैं। समर कैंप की व्यवस्था में मनोज मिश्रा, परविजय सिंह, रवि सक्सेना, शिवेंद्र अवस्थी, पीयूष पंकज बाजपेई, गुरुदेव शर्मा, हर्ष भारद्वाज, विपिन कश्यप, अमरनाथ मिश्र, आदित्य कुमार मिश्र आदि रहे।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र प्रांशु शर्मा पुत्र **सन्तोष कुमार शर्मा, निवासी– ग्राम– कुतुबनगर, पो0– कुतुबनगर थाना– पिसावां, तहसील– मिश्रित, जिला– सीतापुर** एवं पुत्र वधू डाली शर्मा का चाल–चलन अच्छा नही है और यह मुझे कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके है और मुझे मजबूर कर पैत्रक सम्पत्ति हड़पना चाहते है । मुझे व मेरे दूसरे पुत्र प्रशान्त को उनसे जान माल का भय बना हुआ है। अतः मै अपने पुत्र प्रांसू शर्मा व उसकी पत्नी डाली शर्मा से सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। आज से प्रांशू शर्मा व उसकी पत्नी डाली शर्मा द्वारा कोई भी अच्छा या बुरा काम किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। यह लोग हमारे परिवार से अलग लखनऊ में रहते है।

### सूचना

मैं पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम, निवासी ग्राम– तिलका कटरा बाजार गोंडा की निवासिनी हूं। यह घोषणा करती हूं कि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। **–पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।**

### केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोला गोकर्णनाथ–खीरी

**आवश्यकता है**

यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0 : 500/–**

**अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।**

प्रबन्धक/प्राचार्य

### सूचना

सूचित हो कि मैं **रहतुनन्निषा पत्नी स्व0 जमीर खान निवासिनी–मकान सं0– 541/आर/325 रिफा कालोनी न्यू हैदरगंज, चौक, लखनऊ, उ0 प्र0–226003,** मैने अपने पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार का चाल–चलन ठीक न होने, गलत आदतों व उद्दण्डता का व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और पूर्णतया परिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिया है। मेरे पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रुखसार के द्वारा किए गए कृत्यों व लेन–देन की पूरी जिम्मेदारी मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार की होगी मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे समस्त अभिलेखों में सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान अंकित है जबकि मेरे बैंक ऑफ बडौदा खाता संख्या 38170100004284 में सईद अहमद हो गया है जो गलत है मुझे सईद खान के नाम से जाना जाय। – **सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान, निवासी– गेधरिया, थाना– विशेश्वरगंज, जिला– बहराइच**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पहले अभिलेख में मेरा नाम असलम था जो गलत था अब मेरे सारे अभिलेख में मेरा नाम असलम अहमद है जो सही है मुझे इसी नाम से जाना जाए । – **असलम अहमद पुत्र मुबीन अहमद, निवासी– सचौली, थाना– पयागपुर, जिला बहराइच**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार, ग्राम – न्यू खामोडू, पोस्ट –जयरामपुर,थाना –जयरामपुर, जिला –चांगलांग,पिन कोड–792121,अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम –बलई गांव,पोस्ट– मोतीपुर, थाना– मोतीपुर, तहसील– मिहींपुरवा, एन.आर.एस. – मुर्तिहा,जिला– बहराइच, पिन कोड 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अत:किसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें।– **प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार,निवासी ग्राम –बलई गांव, पोस्ट– मोतीपुर, थाना –मोतीपुर, तहसील– मिहींपुरवा, जिला– बहराइच, उत्तर प्रदेश।**

### सूचना

सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, ग्राम –टिकरी बस्ती , पोस्ट ––जुन्हेबोतो ,थाना– जुन्हेबोतो , जिला– जुन्हेबोतो , एन. आर. एस.– दिमापुर, पिन कोड– 798620, नागालैंड का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम –बलई गांव पोस्ट– मोतीपुर, थाना –मोतीपुर, तहसील –मिहींपुरवा, एन.आर.एस.– मुर्तिहा, जिला बहराइच, पिन कोड– 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अत:किसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें। – **टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, निवासी ग्राम –बलई गांव पोस्ट– मोतीपुर, थाना –मोतीपुर, तहसील– मिहींपुरवा, जिला– बहराइच, उत्तर प्रदेश।**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

## वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता–इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता–इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

**Last Date of Receiving Application :** 20th May, 2024
**Application Submission Address :** To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
**Visit University Website :** www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# सड़क हादसों में दो युवकों की हो गई मौत, पांच हुए गंभीर घायल

उन्नाव। मौरावां थानांतर्गत कस्बा क्षेत्र के गांव उन्नति खेड़ा के पास देररात तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। 100 बेड अस्पताल से जिला अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई। वहीं, बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर डीसीएम की टक्कर से बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। पीछे बैठी मौसी व उसका बेटा घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। वहीं इसी कोतवाली क्षेत्र में अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने से इसमें बैठे तीन लोग घायल हो गए।

### मौरावां में ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**केस 01** **पुरवा।** मौरावां थानांतर्गत के गांव नयागांव निवासी अमन (23) पुत्र ननकऊ कुशवाहा का खेती कर परिवार की जीविका चलाता था। शुक्रवार को वह राजेंद्र नगर अपनी मौसी फूलमती के घर उनकी बेटी लक्ष्मी को छोड़ने गया था। रात को लौटते समय मौरावां-गुरुबक्सगंज मार्ग पर मौरावां कस्बा के मोहल्ला उन्नती खेड़ा के सामने ट्रैक्टर-ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। राहगीरों ने उसे 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में उसकी सांसे थम गईं। युवक की मौत से परिजन बेहाल हो गए। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह दो भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत से मां भानमती, छोटा भाई रमन व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ चंद्रकांत सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



अमन।

### बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत युवक की मौत, मौसी व भाई घायल

**केस 02** **बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव दसदान निवासी अफजल (22) पुत्र मोबीन शनिवार को अपनी मौसी को लेने फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र गांव खेवरई गया था। जहां से वह मौसी हुमैरा (65) पत्नी उस्मान व उसके बेटे अदनान (16) को बाइक से लेकर लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार डीसीएम ने लखनऊ रोड पर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और इसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने अफजल को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। टक्कर मारने के बाद चालक डीसीएम सहित भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**केस 03** **गंजमुरादाबाद।** हरदोई जिला के मल्लावां थानांतर्गत गांव गंज जलालाबाद निवासी तौसीफ खां (32) पुत्र ऊबैदुल्ला शुक्रवार रात परिवार की ही हफीजा बेगम (65) व दरख्शां (18) पुत्री सगीर को कार से लेकर रिश्तेदारी में सफीपुर जाने के लिए निकला था। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गांव नसिरापुर के पास अचानक सामने आए कुत्ते को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ में घुस गई। इससे कार सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### शाम को मिलनी थी हाफिज की डिग्री

**बांगरमऊ।** दिवंगत अफजल ने नगर के मोहल्ला नसीम गंज स्थित मौलाना वारिस मदरसा से हाल में हाफिज की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। शनिवार शाम मदरसे में अफजल की दस्तार बंदी थी और मसरसा प्रबंधन से रात आठ बजे उसे हाफिज की डिग्री देकर पगड़ी पहनाने की रस्म निभाई जानी थी। लेकिन इससे पहले उसकी मौत हो गई।

## केबल डालने के दौरान गिरा एचटी पोल, बिजली बंद

**शुक्लागंज।** शनिवार को ऋषि नगर मोहल्ले में नई केबल डालने का काम किया जा रहा था, तभी एक जर्जर एचटी पोल गिर गया। जिससे घंटों बिजली बंद रही। बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। फाल्टों के कारण भी दोपहर से शाम तक बिजली गुल रही।

शनिवार को ऋषि नगर मोहल्ले में कार्यदायी संस्था नई एबीसी केबिल डालने का काम कर रही थी, तभी एक जर्जर एचटी पोल दोपहर तीन बजे केबिल डालने के दौरान एक एचटी पोल जर्जर होने से टूट कर काफी झुक गया, जिससे पोल से 250 केवीए, 100 केवीए और 400 केवीए की सप्लाई तार टूटने के कारण बंद हो गई। इसके अलावा रविदास पार्क, चंपापुरवा प्रेम नगर में एक फेस न आने के कारण रात एक बजे से सुबह दस बजे तक बिजली गुल रही। वहीं आदर्श नगर, सर्वोदय नगर, कंचन नगर, मंशा खेड़ा में लो वोल्टेज आने से हजारों लोग परेशान रहे। वहीं फीडर एक में फाल्ट होने से एक दर्जन मोहल्लों की आपूर्ति दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रखी गई। दोपहर के समय बिजली न आने से लोग गर्मी में उबल गये।

## प्रचंड धूप में चलते-चलते गिरा युवक, हो गई मौत

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी एक युवक प्रचंड धूप में पैदल जा रहा था, तभी वह फोरलेन पर चलते-चलते गिर गया। आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे इलाज के लिये एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से सफीपुर ऊगू के जसरा गांव में रहने वाला विमल किशोर गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गायत्री नगर भातू फार्म में रहता है। शनिवार सुबह वह उन्नाव बंथर स्थित एक वर्कशॉप में काम करने के लिये निकला था, जिसके बाद शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पैदल फोरलेन से झोला लेकर जा रहा था, तभी आदर्श नगर गली के सामने वह चलते-चलते गिर गया। यह देख आस पास के लोग दौड़े और उसे उठाकर छांव मे बैठाया। जिसके बाद गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर पत्नी निधि और बेटे देव का रो रो कर बुरा हाल हो गया।



विमल किशोर।

### गर्मी से तीन दिन में चार की हुई मौत

30 मई को गर्मी से पोनी रोड निवासी रंजीत की मौत हुई थी। उसी दिन मिश्रा कॉलोनी निवासी मुरली पांडे की चलते-चलते थाने के सामने गर्मी से मौत हो गई थी। जबकि शुक्रवार को गायत्री नगर निवासी रमेश की मौत हो गई थी। वहीं शनिवार को इसी तरह गायत्री नगर निवासी विमल किशोर की तेज धूप से मौत हो गई।

## अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर से टकराई दो लोग घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के तालिब सराय निवासी रेहान अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से शुक्लागंज की ओर शनिवार शाम करीब छह बजे जा रहा था, इस दौरान फोरलेन स्थित सरैयां सब स्टेशन के आगे बने कट के पास आगे चल रहा ट्रैक्टर मुड़ने लगा। जिससे दोनों पीछे से ट्रैक्टर में जा घुसे और गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल के लिये भिजवाया है।

## जिला अस्पताल के बाहर मारपीट

**उन्नाव।** जिला अस्पताल गेट के पास महिला दुकानदार से शुक्रवार रात कुछ युवकों ने अभद्रता की। दुकान में मौजूद अन्य लोगों के विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को छुड़ाने का प्रयास किया। लेकिन, युवक पुलिस के सामने भी एक दूसरे से गाली गलौज करते रहे।



कलेक्शन सेंटर के बाहर शर्बत वितरण करते सेवा मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

## अमरनाथ में भंडारे के लिए खाद्य सामग्री हुई रवाना

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज से बाबा अमरनाथ के भंडारे के लिए नगर की श्री अमरनाथ सेवा मंडल कि शाखा शुक्लागंज ने बीते दिनों कलेक्शन कर राशन का सामान बाबा अमरनाथ के भंडारे के लिए इकट्ठा कर शनिवार को ट्रक से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया। वहीं शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने शर्बत का आनंद लिया। बाबा अमरनाथ के भंडारे के लिए राजधानी मार्ग स्थित पाल मार्केट में कलेक्शन सेंटर खोला गया। जहां शुक्लागंज के अलावा आस पास रहने वाले लोगों में राशन सामग्री दान की। शनिवार को एक ट्रक से कलेक्शन का आटा, शक्कर, चाय पत्ती, सरसो तेल आदि सामान ट्रक द्वारा रवाना किया। वहीं दोपहर में शर्बत वितरण कराया गया। ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली।

## भाभी, भतीजे का फोड़ा सिर, रिपोर्ट

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव में एक युवक नशेबाजी कर रहा था, तभी उसकी भाभी और भतीजे ने विरोध किया। जिस पर युवक ने लाठी डंडों से दोनों को पीट दिया। मारपीट में दोनों के सिर फट गये। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बेहटा गांव निवासी कालावती ने बताया कि उनका देवर पूरन शुक्रवार देर शाम शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था, जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर देवर ने लाठी डंडों से उस पर हमला बोल दिया। जिससे उसका सिर फट गया। बीच बचाव करने आये बेटे राजकुमार को भी मारा पीटा। उसका भी सिर फट गया। घायलावस्था में दोनों गंगाघाट कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिये भेजा और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## जिले की छह शिक्षिकाएं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन व एससीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी में राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद के संयुक्त निदेशक पवन सचान ने सहित अन्य अतिथियों ने जिले के छह शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शैक्षिक नवाचारों पर जोर दिया गया। अतिथि वक्ताओं ने शैक्षिक भ्रमण व कार्यशालाओं की उपयोगिता बताई। कहा कि शैक्षिक भ्रमण व कार्यशालाओं के माध्यम से विधाओं का आदान-प्रदान सुगमता से होता है। इसलिए परस्पर विमर्श के साथ भ्रमण कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी दौर में नवाचारी शिक्षा ही प्रभावशाली हो सकती है, क्योंकि अब शिक्षा को रोजगार परक बनाने की आवश्यता है। इस मौके पर अलग-अलग ब्लाक क्षेत्रों की छह परिषदीय शिक्षिकाओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें बीघापुर क्षेत्र की प्रज्ञा त्रिवेदी व ज्योत्सना शुक्ला, सफीपुर की पूजा खन्ना, अर्जिता श्री, व ज्ञान प्रभा पांडेय और सिकंदरपुर सरोसी की अर्चना सिंह को उनकी कार्य योजनाओं के लिए पुरस्कृत किया गया।



आयोजकों के साथ जिले की सम्मानित शिक्षिकाएं। अमृत विचार

- कार्यशालाओं व शैक्षिक भ्रमण की उपयोगिता पर दिया जोर

शिक्षिकाओं ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 120 शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। संयुक्त निदेशक ने सभी नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के समापन पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन जिले की शिक्षिका ने किया। कार्यक्रम में आल इंडिया फेडरेशन आफ टीचर्स की महासचिव सीएल रोज, सचिव माधुरी व डा. सीमा मिश्रा आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### पुल से मंडी हटवाने को लेकर कानपुर आयुक्त को भेजा पत्र

**शुक्लागंज।** नवीन पुल पर लगने वाले जाम को देखते हुये नगर पालिका प्रशासन ने कानपुर आयुक्त को पत्र देकर कानपुर की ओर लगने वाली सब्जी मंडी को हटवाने की मांग की है। इसके साथ ही शुक्लागंज की ओर सब्जी की दुकानें लगाने वाले विक्रेताओं को चेतावनी दी है। नवीन पुल के फुटपॉथ पर सब्जी मंडी लगने के कारण रोजाना भीषण जाम लगता है। इसके बावजूद कानपुर की ओर अभी मंडी लग रही है। जिसे देखते हुये पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा मंडी हटवाये जाने को लेकर कानपुर आयुक्त को पत्र भेजा है। यदि शुक्लागंज की ओर तीन दिन बाद सब्जी मंडी नहीं हटी तो उनकी सब्जियां जब्त की जायेगी।

### एसबीआई के कैशियर का हुआ स्थानांतरण, किया सम्मान

**सफीपुर।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा सफीपुर में तैनात कैशियर अजय कुमार का स्थानांतरण जिले की मुख्य शाखा में हुआ है। उनके ट्रांसफर की जानकारी पर कस्बे के प्रतिष्ठित लोगों ने पहुंचकर उन्हें फूल मालाओं के साथ विदा किया। शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने कहा कि ईमानदारी व निष्पक्षता के साथ कार्य करने वाले अजय कुमार समय के पाबंद व्यक्तियों व अनुशासितों में एक हैं। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने भी कैशियर को माला पहनाकर विदा किया। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नसीम अहमद, सुबेदार यादव, अरविंद पांडे, वीरेंद्र मिश्रा, राजू द्विवेदी, सोनू श्रीवास्तव, शिक्षक नेता राघवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



कैशियर को माला पहनाकर सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

### चिता की चिंगारी से धू-धूकर जली झोपड़ी

**शुक्लागंज, उन्नाव।** मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट पर शनिवार दोपहर जल रही चिता की चिंगारी पास में बनी झोपड़ी पर जा गिरी। जिससे झोपड़ी धू धू कर जल गई। आस पास के लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर किसी तरह आग बुझाई। जिसके बाद मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। शनिवार दोपहर एक बजे श्मशान घाट पर शवों का अंतिम संस्कार हो रहा था, इस दौरान जलती चिता की चिंगारी श्मशान घाट स्थित पिचिन के पास बनी झोपड़ी में जा गिरी। तेज हवाएं चलने के कारण झोपड़ी धू धू कर जलने लगी।

### स्टेशन का सहायक सुरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थि कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन की हकीकत देखने के लिये शनिवार दोपहर सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद मातहतों से यात्रियों के बारे में जानकारी ली। जिसके बाद रात्रि गश्त में तेजी लाने के निर्देश दिये। अधिकारी के जाने के बाद मातहतों ने राहत की सांस ली। शनिवार दोपहर आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त बीएन मिश्रा, लखनऊ आलमनगर आरपीएफ इंस्पेक्टर श्रीनिवास मिश्रा, उन्नाव आरपीएफ इंस्पेक्टर हरीश कुमार मीना गंगाघाट रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण करने के लिये पहुंचे। जहां अधिकारी को देख मौजूद आरपीएफ कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने आरपीएफ कर्मियों को निर्देश देते हुये कहा कि रात के समय मगरवारा, सहजनी से लेकर मरे कंपनी पुल तक गश्त की गई। इसके अलावाा स्टेशन के आस पास घूमने वाले संदिग्धों पर भी नजर बनाये रहे। निरीक्षण के बाद अधिकारी वापस चले गये। जिसके बाद मातहतों ने राहत की सांस ली।

### पिता ने नाबालिग बेटी को भगा ले जाने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बीती 28 मई को गांव ब्योली इस्लामाबाद के मजरा फत्तेपुर निवासी मनीष पुत्र पप्पू रैदास उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया था। इसमें उसी गांव के रामदास की बेटी नीतू ने भी उसका सहयोग किया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस किशोरी को बरामद करने के प्रयास में जुट गई है।

### युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के गांव फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के मजरा दारापुर निवासी चुन्नी लाल के तीस वर्षीय बेटे संदीप ने शनिवार दोपहर घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी पर परिजन उसे फतेहपुर चौरासी सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों में जहां घटना को लेकर घरेलू विवाद की चर्चा रही।

### डीएम-एसपी पहुंचे मतगणना स्थल, कराया रिहर्सल

**उन्नाव।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना सकुशल व पारदर्शितापूर्ण संपंन कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी ने एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में राजकीय भंडारण गृह स्थित मतगणना स्थल पहुंचकर रिहर्सल कराया। इस दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता, एएसपी अखिलेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज व सीओ सिटी सोनम सिंह मौजूद रहीं।

**मतगणना कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण :** शहर के पूरननगर स्थित एसवीएम इंटर कालेज में मतगणना कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व कार्मिक प्रभारी सीडीओ की मौजूदगी में गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर्स एवं गणना सहायक ( चतुर्थ श्रेणी) कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। सहायक प्रभारी प्रशिक्षण सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग जयसिंह आदि ने जानकारी दी।

## अज्ञात युवक के शव की हुई पहचान

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत मुर्गी फार्म के पास अचेत पड़े मिले युवक की दो दिन बाद जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। इसकी जानकारी पर बिहार प्रांत निवासी पिता ने शुक्रवार रात पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर उसकी पहचान की। इसके बाद शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

बता दें कि हसनगंज के लालपुर गांव स्थित मुर्गी फार्म के पास एक युवक बीती 26 मई को पड़ा मिला था। फार्म के मैनेजर ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था। इसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। युवक मुर्गी फार्म में पहले काम कर चुका था। इसके बाद वह भगवंतनगर में काम करने लगा था। उसके बैग में मिले आधार कार्ड से पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी थी। शुक्रवार रात बिहार प्रांत के जतकौली थाना वैशाली निवासी विपतराम ने उसकी पहचान अपने बेटे मोती राम (32) के रूप में की। शनिवार को पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया। जिसमें बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई। पिता ने बताया कि बेटे को मिर्गी का दौरा आता था और वह तीन भाइयों में बड़ा था। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि इलाज के दौरान मौत हुई है।

### अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के पास नहीं थे रुपये

**उन्नाव।** मृतक का पिता विपत राम बहुत गरीब है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। लेकिन पिता के पास बेटे का शव बिहार ले जाने और अंतिम संस्कार के रुपये नहीं थे। इसकी सूचना हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी को हुई तो उन्होंने अपने एक सहयोगी से आर्थिक सहायता भिजवाई। पोस्टमार्टम कराने आए हसनगंज के दरोगा व एक सिपाही ने भी अपने पास से रुपए दिए। तब जाकर शुक्लागंज के बालू घाट में परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार किया।

- कोतवाली के मुर्गी फार्म के पास पड़ा मिला था युवक

## पाकिस्तान जेल में बंद युवक की रिहाई की रही चर्चा

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र के सुल्तान खेड़ा गांव निवासी एक मानसिक विक्षिप्त युवक पाकिस्तान की लाहौर जेल में करीब चार साल से बंद है। शनिवार को उसकी सजा पूरी होने के बाद रिहाई की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसकी पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। बता दें कि युवक के परिजनों को भी उसके छोड़े जाने के संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने भी ऐसे किसी मामले की जानकारी से इनकार किया है।

## तहसील कर्मियों, अधिवक्ता में विवाद, वकील आक्रोशित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर तहसील में शनिवार को एक कानून-गो, लेखपाल व एक अधिवक्ता में विवाद हो गया। अधिवक्ता ने कानून-गो व लेखपाल पर गाली देने, हाथापाई करने और एसडीएम सदर के कक्ष तक खींच कर ले जाने व सदर एसडीएम द्वारा भी अपमानित करने का आरोप लगाया है। बता दें कि सदर तहसील में शनिवार को एक कानून-गो व लेखपाल से एक अधिवक्ता का विवाद हो गया। जिस पर अधिवक्ता ने कानून-गो व लेखपाल पर गाली देने, हाथापाई करने समेत अन्य आरोप भी लगाए। जिस पर उन्नाव बार एसोसिएशन ने 3 जून सोमवार को 10 बजे बैठक बुलाई है। बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला व महामंत्री अरविंद दीक्षित ने पत्र जारी कर बताया कि अधिवक्ता समाज का अपमान कतई में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपमान करने वाला क्यों न किसी ऊंचे पद पर ही हो। कहा कि दोषी अफसरों व कर्मचारियों समेत उनके सहयोगियों को जब तक सजा नहीं मिलेंगी तब तक अधिवक्ताओ का आंदोलन जारी रहेगा।

**मौसम की मार** — धूप व लू बढ़ते ही फेरी लगाना बंद कर देते हैं कबाड़ी, सब्जी व फल विक्रेता

# दोपहर को सड़कों, प्रतिष्ठानों पर पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** दोपहर दो बजे पारा 43 डिग्री पहुंचते ही सड़कों पर सन्नाटा गहराने लगता है। रास्ते पर सिर छिपाने की जगह दिखते ही राहगीर कुछ देर रुकने के बाद ही गंतव्य को रवाना होने की हिम्मत जुटा पाते हैं। आम दिनों में ठसाठस रहने वाली विभिन्न बैंक शाखाओं में भी इस दौरान सन्नाटा पसर जाता है।

पूरे मई माह गर्मी बर्दास्त करते हुए लोग अब उकता चुके हैं। इसलिए ऊपर वाले से रहम की भीख मांग रहे हैं। हालांकि प्रकृति के रंग-ढंग में बदलाव नहीं हो रहा है। गर्मी से बचने के लिए सभी 10-11 बजे से पहले ही अपने कामकाज निपटाने की जद्जहद में रहते हैं। दोपहर 12 बजे से गर्मी का प्रकोप चरम की ओर बढ़ने लगता है, जिससे दो बजते-बजते सड़कों पर अपेक्षाकृत सन्नाटा पसरना शुरू हो जाता है। शहर में घर जाकर कबाड़ खरीदने वालों सहित सब्जियां व अन्य उत्पाद बेचने वाले भी सड़कों से गायब होने लगते हैं। ठेलों पर सजा सामान न बिकने पर फल व सब्जी विक्रेता फेरी लगाने के बजाए कहीं छाया मिलते ही दुकान सजाकर खड़े हो जाते हैं। अब हालात यह हैं कि जरूरी होने पर भी प्रचंड धूप के दौरान कोई घर से नहीं निकलता है। यही कारण है कि शहर स्थित एसबीआई सिटी ब्रांच, आईओबी, केनरा बैंक, पीएनबी व आईडीबीआई सहित अन्य बैंक शाखाओं में दोपहर दो बजे प्रायः ग्राहकों की संख्या शून्य हो जाती है। इससे ग्राहकों की गैरमौजूदगी में जमा व निकासी काउंटर संभालने वाले बैंककर्मियों के पास कोई काम नहीं रहता है, जिससे वह सीट पर बैठे आराम फरमाते दिखाई देते हैं। इसी तरह विभिन्न बीमा कंपनियों के कार्यालयों में भी दो बजे से ग्राहकों की आवाजाही समाप्त होने लगती है।



दोपहर दो बजे सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### खाली सड़क पर युवा दौड़ाते हैं बाइक

दोपहर के समय पर सड़कों पर सन्नाटा पसरते ही कुछ युवा तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाना शुरू कर देते हैं। हालांकि पिछले आठ दिन से तप रहा नौतपा नक्षत्र के दौरान शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार कोई बाइक सवार गंभीर दुर्घटना का शिकार नहीं हुआ है।

### रास आ रही पेड़ों की छाया

शहर की सड़कों के किनारे बहुत सीमित कुछ वर्षों पहले ही लगाए गए पेड़ खड़े मिलते हैं। गर्मी में काम निपटाने के लिए निकलने वालों को पेड़ की छाया खूब रास आती है। हालांकि आवास विकास कालोनी सहित अधिकांश स्थानों पर ठेले-खोमचे वाले पेड़ों के नीचे पहले से कब्जा जमाए रहते हैं।

## चंपापुरवा में शुरू हुआ योग प्रशिक्षण

**शुक्लागंज।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा संचालित चंपापुरवा पतंजलि योग केन्द्र में शनिवार से योग प्रशिक्षण शुरू हुआ। मुख्य अतिथियों ने दीप जलाकर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

चंपापुरवा स्थित पतंजलि योग केन्द्र में एक जून से 25 जून तक योग प्रशिक्षण दिया जायेगा। शनिवार को पहले दिन मुख्य जिला संयोजक भारत स्वाभिमान न्यास ललित शुक्ला, महिला योग संरक्षिका संतोष श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। योग गुरू उमाशंकर यादव, अवधेश सिंह, शुभम दीक्षित की मौजूदगी में युवाओं को योग की कक्षाएं दी गई। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे, साथ ही शरीरिक रूप से लोगों को योग सिखाने के लिये तमाम प्रकार के योगाभ्यास भी सिखाए।

## एक नजर

### धान बीज की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के धर्मापुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि डेला मोड़ पर दुकान लेकर कीटनाशक दवाओं व धान बीज विक्रय की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार सुबह वह दुकान पहुंचा तो दुकान से धुआं निकलता देख जैसे ही सटर उठाया तो करीब सात लाख रुपये की कीटनाशक दवाए व धान के बीज जलकर राख हो चुके थे। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा किया सुरक्षित

**पुरवा।** कस्बे के मिर्री चौराहा के पास मोहल्ला दुर्गापुर निवासी गुड्डू (42) का खाली प्लाट में संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिला था। परिजन ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की बात कही थी। शनिवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गांव स्थित खेत पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छत पर सो रहे युवक की गला रेतकर हत्या

## बगल में सो रही पत्नी को सुबह पांच बजे हुई जानकारी, शक के आधार पर पत्नी व उसके दो भाई हिरासत में

संवाददाता पुरवा, उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत छत में पत्नी व बच्चों के साथ सो रहे युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर नृशंस हत्या कर दी गई। सुबह नींद खुलने पर पत्नी ने पति को लहूलुहान हालत में पड़ा देख शोर मचाया। पास में ही खेत में झोपड़ी बनाकर रह रहा पिता चीख सुनकर पहुंचा और बेटे का शव देख बेहाल हो गया। हत्या की सूचना पर एसओ पहुंचे और जांच की। सीओ की मौजूदगी में फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। खोजी कुत्ता भी छत का चक्कर लगाकर जीने से नीचे उतारा और वहीं रुक गया। आलाकत्ल की तलाश में पुलिस की टीम काफी दूर तक गई लेकिन, बरामदगी नहीं हो सकी। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। धारदार हथियार से गर्दन पर तीन वार किए जाने से उसकी हड्डी तक कटी मिली। सिर्फ गले की खाल जुड़ी थी। पुलिस ने जांच के बाद पत्नी व उसके दो भाइयों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। साथ ही उनकी सीडीआर भी खंगाली जा रही है।

मौरावां थानाक्षेत्र के असरेंदा गांव के मजरा दृगपालगंज निवासी बेचेलाल (33) पुत्र बिन्दा प्रसाद पुताई का काम करता था। इस समय वह बाराबंकी में काम कर रहा था। 12 दिन बाद वह वहां से लौटा और पत्नी रेखा व बच्चों से मिलने अपनी ससुराल थानाक्षेत्र के लऊआ गांव चला गया। बताते हैं कि शुक्रवार को ही वह वहां से लौटा था। रात करीब 11 बजे वह छत पर पत्नी व बच्चों के साथ सोने चला गया। बेचेलाल जमीन पर चटाई बिछाकर लेट गया। जबकि, पत्नी और बेटी बगल में चारपाई पर सो गई। रात में धारदार हथियार से युवक के गर्दन पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी गई। लेकिन पत्नी व बेटी को इसकी भनक तक नहीं लगी। शनिवार भोरपहर पांच बजे जब रेखा की नींद खुली तो वह पति को रक्तरंजित पड़ा देख चीख पड़ी। घर से करीब 40 मीटर दूर खेत में झोपड़ी में रहने वाला पिता बहू की चीख सुनकर दौड़ा और वहां बेटे का शव पड़ा देख बेहाल हो गया। जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हत्या की सूचना पर एसओ चंद्रकांत सिंह, सीओ पुरवा, फोरेंसिक व डाग स्क्वाड के साथ पहुंचे और जांच की। परिजनों ने किसी से कोई दुश्मनी न होने की भी बात बताई। आलाकत्ल बरामद करने के लिए पुलिस ने खेत में भी तलाश की लेकिन कुछ नहीं मिला। पुलिस को जांच के दौरान मृतक की पत्नी के पैर व अन्य अंगों पर खून लगा मिला है।

मृतक, उसकी पत्नी व अन्य संदिग्ध नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है। मृतक चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। पुलिस ने पत्नी व उसके दो भाइयों को शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सीओ सोमोनेंद्र विश्वास ने बताया कि युवक की धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या की गई है। परिजन किसी से कोई दुश्मनी न होने की बात बता रहे हैं। इसकी जांच चल रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार


मृतक के घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार


बेचेलाल।

### घटना को लेकर कई तरह की चर्चा

- परिजन हत्या को लेकर कोई विशेष जानकारी नहीं दे पाए। दिवंगत युवक अपने छोटे भाई मूलचंद के साथ अधिकांश समय जिले के बाहर रहकर पुताई का काम करता था। बताते हैं कि उसकी पत्नी ज्यादातर मायके में रहती थी। इसे लेकर विवाद भी होता था। इसी को लेकर शुक्रवार को भी ससुराल में दोनों में मारपीट हुई थी। वहीं चर्चा यह भी रही कि उसकी पत्नी अक्सर कई लोगों से फोन पर बात करती थी।

# उन्नाव-पुरवा मार्ग की पटरियां खस्ताहाल, चूके तो हादसा तय

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव-पुरवा मार्ग पर दही चौकी से लेकर गंदा नाला तक सड़क के दोंनो ओर बनी पटरियां पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। इनकी हालत खस्ता होने से आए दिन हो रहे हादसे में लोग जख्मी हो रहे हैं। राहगीरों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से सड़क किनारे की पटरियों की मरम्मत करने की मांग की है। बता दें कि उन्नाव-पुरवा मार्ग पर दही चौकी से गंदा नाला तक 12 किमी तक सड़क के दोनों ओर बनी पटरियों की हालत खस्ता होने से राहगीर जख्मी हो रहे हैं। एक माह के अंदर दो दर्जन से अधिक लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं। विभागीय अधिकारियों के इन पटरियों की मरम्मत को लेकर गंभीर न होने से राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लखनऊ के बनी में निर्माणाधीन एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे के चलते लखनऊ-कानपुर हाईवे अंतर्गत दही थानाक्षेत्र से पुरवा की ओर भारी वाहनों को डायवर्जन किया जा रहा है। जिससे बाइक सवार व बड़े वाहनों को इस मार्ग से गुजरने से दोनों ओर की टूटी पटरी पर वाहन जाने से जान तक गवांनी पड़ रही हैं।


जर्जर उन्नाव-पुरवा मार्ग किनारे बनाई गई पटरियां। अमृत विचार

- **विभागीय अफसरों की उदासीनता के चलते राहगीरों को जान तक गंवानी पड़ रही**

विभाग द्वारा करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी सिर्फ कोरम पूरा किया जाता है।

राहगीरों में संजय सिंह, मनोज कुमार, अतुल तिवारी, रामजी त्रिवेदी व आलोक मिश्रा ने बताया कि खस्ताहाल मार्ग के दोनों ओर बनी पटरियों की मरम्मत न होने से आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। राहगीरों ने मार्ग के दोनों ओर क्षतिग्रस्त पटरियों की मरम्मत कराने की मांग विभागीय अफसरों से की है।

# चुनाव कराकर लौटीं बसें, यात्रियों को मिलेगी आवागमन में राहत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** छठे चरण का चुनाव कराने भेजी गई 20 से 25 रोडवेज बसें शनिवार को जिले में वापस आ गई हैं। अब इन बसों को जिले में निर्धारित मार्गों व लखनऊ-कानपुर सहित दिल्ली मार्ग पर वापस लगाया जाएगा। इससे लखनऊ-कानपुर व दिल्ली जाने वाले यात्रियों को कुछ राहत मिलेगी। वहीं, सातवें चरण के चुनाव में लगी 14 बसों के लौटने पर समस्या से पूरी तरह निजात मिल सकेगी।

बता दें कि उन्नाव डिपो में वर्तमान में 95 बसों का बेड़ा है। इनमें से 34 बसों को चुनाव आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगाया गया था। दिल्ली सहित अन्य मार्गों पर संचालित होने वाली बसों को हटाकर चुनाव ड्यूटी के लिए भेजा गया था। चुनाव ड्यूटी में बसों के जाने से यात्रियों को भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छठे चरण का चुनाव कराने के बाद 20 से 25 बसें शनिवार को वापस आ गई हैं।

इससे निर्धारित मार्गो व लखनऊ-कानपुर सहित दिल्ली जाने वाले यात्रियों को खासी राहत मिलेगी। इन बसों का संचालन रविवार से दिल्ली सहित सभी मार्गों पर किया जाएगा। एआरएम गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया कि ड्यूटी से आई 20 से 25 बसों को निर्धारित मार्गों व लखनऊ-कानपुर सहित दिल्ली मार्ग पर लगाया जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव ड्यूटी से बसें वापस आएंगी उन्हें उनके निर्धारित मार्गो पर वापस भेजा जाएगा। साथ ही कम किये गए बसों के फेरे भी बढ़ाये जाएंगे। जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बताया कि सोमवार से व्यवस्था पूरी तरह से पटरी पर आ जाएगी।


हाईवे पर यात्रियों के इंतजार में खड़ी रोडवेज बस। अमृत विचार

- **वाहनों की कमी के चलते परेशान हो रहे थे यात्री**

# ज्यादातर हैंडपंप खराब जो सही उनमें लोगों ने डाला सबमर्सिबल

संवाददाता औरास, उन्नाव

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में गांव के अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। वहीं, कई लोगों द्वारा सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप में सबमर्सिबल डालकर निजी उपयोग में लाया जा रहा है। शिकायत के बाद भी हैंडपंप ठीक नहीं हुए। जिससे विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश हवाहवाई साबित हो रहे हैं।

बता दें कि विकासखंड औरास क्षेत्र के गांव रानीखेड़ा के मजरा नन्दौली में करीब आधा दर्जन हैंडपंप लगे हैं। वर्तमान में उनमें से अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। इनमें कुछ ऐसे हैं जिनमें कुछ लोग सबमर्सिबल पंप डालकर निजी उपयोग में ला रहे हैं। ग्रामीण नीरज यादव ने बताया कि कई बार ग्राम विकास अधिकारी से यह हैंडपंप सही कराने के लिए कहा गया लेकिन, कोई सुनवाई नहीं की गई। उनका कहना था कि एक ओर उच्चाधिकारियों द्वारा पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। वही, दूसरी ओर जिम्मेदारों की उदासीनता से गांव में हैंडपंप खराब पड़े हैं। ऐसे में ग्रामीणों को पेयजल के भीषण संकट से दो-चार होना पड़ रहा है। लोगों ने जिम्मेदार अफसरों से खराब हैंडपंप दुरुस्त कराने और सही हैंडपंप को निजी उपयोग में लाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।


गांव में लगा बिना हैंडिल का इंडिया मार्का हैंडपंप। अमृत विचार

- **नंदौली में आधा दर्जन से ज्यादा खराब हैं नल**


रोड किनारे रखने को लेकर जाता स्वास्थ्य कर्मचारी।


रोड किनारे रखा वैक्सीन बाक्स। अमृत विचार

# रोड पर लावारिस छोड़ रहे वैक्सीन बाक्स

संवाददाता बिछिया, उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के 21 एएनएम सेंटरों पर शनिवार को टीकाकरण होना था। वैक्सीन बाक्स सीएचसी से टीकाकरण सेंटर तक लाने व ले जाने की जिम्मेदारी कोल्डचेन प्रभारी की होती है। लेकिन, वो इसे सड़क किनारे रखकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। जबकि, कुछ आशाओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई बार इसकी शिकायत भी की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

बता दें कि स्वास्थ्य केंद्रों पर वैक्सीन बाक्स पहुंचने की जिम्मेदारी सीएचसी बिछिया में तैनात कोल्डचेन प्रभारी की होती है। जिसका सरकार द्वारा 90 रुपये प्रति बाक्स दिया जाता है। अधिकारियों की मिलीभगत के चलते कोल्डचेन प्रभारी इस नियम को नहीं मानते हैं और अपनी सुविधानुसार सड़क किनारे इसे लावारिश हालत में रखकर चले जाते हैं। ऐसे में बाक्स लावारिश स्थिति में कूड़े की तरह घंटो धूप में रखा रहता है। इसके बाद इसे जिसे ले जाना हो ले जाए नहीं तो वैक्सीन करियर में कुछ बदलाव कर दे। घंटों तक रोड किनारे रखे रहने से इनमें रखी वैक्सीन की क्षमता में भी कमी आती है। लेकिन, इससे किसी को कोई लेना देना नहीं रहता है। इस बारे में कोल्डचेन प्रभारी ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी बाक्स केंद्र तक पहुंचाने की होती है। टीकाकरण सेंटर पहुंचाने की जिम्मेदारी उनकी नहीं है। यह जिम्मेदारी आशाओं व एएनएम की है।

- **स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी झाड़ रहे पल्ला**

### बोले सीएचसी अधीक्षक

सीएचसी अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि रोड मैप के अनुसार सेंटरों पर वैक्सीन बाक्स छोड़ने की जिम्मेदारी है। बाकी पुरानी व्यवस्था में हमने फेरबदल नहीं किया है।

# जयंती पर याद किए गए साहित्यकार राम नारायण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय नवोदय साहित्यकार परिषद के बैनर तले शहर के कालेज रोड स्थित गायत्री मंदिर में साहित्यकार रामनारायण त्रिपाठी पर्यटक की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा. ओम शंकर मिश्रा व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केसरी प्रसाद शुक्ल ने साहित्यकार के कृतित्व की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि साहित्यकार जिले की पुरवा तहसील के समाधा गांव में जन्मे थे। साहित्यिक रुझान उन्हें लखनऊ खींच ले गया। इससे पहले वह आरएसएस स्वयं सेवक सहित विभिन्न दायित्व निर्वहन करते हुए अलग-अलग क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते रहे। इस दौरान संपर्कशीलता हमेशा सामाजिक सेवा से जोड़े रही। इसके बाद राजेंद्र राज, श्रीकृष्ण द्विवेदी, विजय त्रिपाठी, कृष्ण प्रताप सिंह सुमन, आनंद व शिव मूर्ति त्रिपाठी नगर को दिवाकर द्विवेदी, श्याम त्रिवेदी, कौशल व सुरेश मिश्र आदि ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संयोजन व संचालन विनय विप्र ने किया।

- **अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित**

# वन विभाग ने पकड़ी एक ट्रक प्रतिबंधित लकड़ी

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के फरहदपुर गांव के पास स्थित धर्मकांटा में मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने अचानक छापा मारा। इसमें टीम को एक ट्रक प्रतिबंधित लकड़ी बरामद हुई। टीम के छापा मारने पर वहां हड़कंप मच गया। बताया गया कि इससे पहले ही वहां से एक ट्रक चालक काफी मात्रा में लकड़ी लेकर फरार हो चुका था।

बता दें कि बीते काफी दिनों से फरहतपुर गांव के पास शिव कुमारी धर्मकांटा पर अवैध रूप से प्रतिबंधित लकड़ी खरीदी व बेची जाती थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर रेंजर राजवीर सिंगर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने धर्मकांटा पर छापा मारा। छापे जानकारी होने पर एक चालक लकड़ी से भरा ट्रक लेकर वहां से भाग गया। वहीं मौके पर करीब एक ट्रक प्रतिबंधित लकड़ी टीम ने कब्जे में ली। रेंजर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धर्मकांटा पर छापेमारी की गई थी। एक ट्रक प्रतिबंधित लकड़ी बरामद हुई है। धर्मकांटा संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।


धर्मकांटा में छापेमारी करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

- लोगों के अनुसार, छापेमारी से पहले एक ट्रक लकड़ी लेकर जा चुका था चालक
- वन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने धर्मकांटा संचालक के विरुद्ध दर्ज की रिपोर्ट

### दिल्ली, हरियाणा व पंजाब तक भेजी जा रही लकड़ी

- **हसनगंज।** मोहान वन रेंज के मियागंज में संचालित राठौड़ लकड़ी की अड्डी पर भी प्रतिबंधित लकड़ी की खरीद फरोख्त होती है। वहां से जामुन, इमली, आम, महुआ, गूलर, शीशम, सागौन व चीनी आदि की लकड़ी दिल्ली, हरियाणा और पंजाब राज्यों तक भेजी जा रही है।


बच्चों को शतरंज की बारीकियां समझाते सतेंद्र सिंह। अमृत विचार

# समर कैंप में बच्चों ने सीखी शतरंज की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर तहसील व ब्लाक के गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के समर कैंप के समापन पर अंतर्राष्ट्रीय चेस खिलाड़ी सतेंद्र सिंह ने बच्चों को खेल की बारीकियां बताईं। साथ ही छात्र-छात्राओं ने कैंप में शामिल होकर सीखी गई विधाओं का प्रदर्शन किया। बच्चों की कलाकारी देख कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे अभिभावक बार-बार तालियां बजाने को मजबूर रहे। शतरंज के चमकते सितारे ने बच्चों से कहा कि यह खेल किसी का भी मानसिक विकास करने में सक्षम साबित होता है। इसलिए रुचि रखने वालों को नियमों का पालन करते हुए प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। साथ ही शतरंज में रुचि रखने वाले समर कैंप में शामिल करीब दो दर्जन बच्चों की हौसला आफजाई भी की। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में खेल के प्रति रुझान देख दिल को काफी शकून मिला है। निश्चित तौर पर यह बच्चे लगन से खेलते हुए आगे क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगे। यही नहीं निकट भविष्य में विद्यालय में खेल की कार्यशाला आयोजित करने का भरोसा भी दिया। विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े केंद्रीय विद्यालय के खेल शिक्षक अश्विनी कुमार शुक्ला ने कहा अब छोटे शहरों के साथ ग्रामीण बच्चे भी खेल को करियर बनाने में कामयाबी पा रहे हैं। बच्चों की खेल क्षमता व दक्षता बढ़ाने के लिए योग व ध्यान कराने की सलाह दी।

जिला फुटबाल संघ के संयुक्त सचिव कपिल पांडेय ने खेलों के प्रति विद्यालय की ओर से दिए जा रहे तवज्जो की सराहना की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने समर कैंप में सिखाए गए शास्त्रीय नृत्य, संगीत व गायन की प्रतिभा दिखाई। साथ ही योगा व कराटे का प्रदर्शन भी किया। बच्चों की नाट्य प्रस्तुति की भी दर्शकों ने सराहना की। प्रबंधक गौरव अवस्थी ने बताया कि समर कैंप में कक्षा तीन से कक्षा आठ तक शिक्षा ग्रहण कर रहे 125 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रिंसिपल शिवानी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**प्रदर्शन** मांगों को लेकर चार दिन से धरने पर बैठे हैं किसान, शनिवार को धरने पर बैठी एक महिला हुई बेहोश

# चिलचिलाती धूप में किसान दे रहे धरना, सुध लेने नहीं पहुंचे जिम्मेदार

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के नीचे से खेतों तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों द्वारा धरना देकर अंडर पास बनवाने की मांग कर रहे हैं। बीते कई दिनों से लगातार की जा रही मांग को लेकर निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर टेंट लगाकर बैठे किसानों में भयंकर गर्मी के चलते एक महिला अचानक बेहोश हो गई। जिसे ग्रामीणों ने सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं, लगातार धरना देने के बाद भी कोई जिम्मेदार उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा है। इससे किसानों में आक्रोश है।

बता दें कि तहसील क्षेत्र के गांव मत्तूखेड़ा के मजरा रहीमाबाद के किसान निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के दक्षिण की ओर गांव की करीब 200 बीघा से अधिक कृषि योग्य भूमि पर खेती करते हैं। परंतु एक्सप्रेस-वे के निर्माण होने से उनके खेतों को जाने वाला मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है।

जिससे किसानों को जानवरों व ट्रैक्टर आदि कृषि यंत्रों को लाने व ले जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बचा है। इससे नाराज किसान एक्सप्रेस-वे पर दक्षिण की ओर से खेत आने-जाने के लिए अंडरपास या सर्विस रोड बनावाने की मांग को लेकर भीषण गर्मी में धरना दे रहे थे। इसी दौरान धरने में बैठी राजेश्वरी (60) पत्नी नन्हक्के अचानक बेहोश हो गईं। इसे देख किसान आनन-फानन उसे सीएचसी सफीपुर ले गए और उसे भर्ती कराया। जहां महिला किसान का उपचार चल रहा है।


धरने पर बैठे किसान। अमृत विचार


अस्पताल में भर्ती बेहोश हुई महिला किसान। अमृत विचार

# हैकर ने खाते से उड़ाये 28 हजार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** पोनी रोड स्थित एक गारमेंट्स दुकानदार को झांसे में लेकर हैकरों ने हजारों रुपये पार कर दिये। पीड़ित ने साइबर सेल से शिकायत की है।

बदरका निवासी मुश्ताक अहमद की पोनी रोड झंडा चौराहे के पास गारमेंट्स की दुकान है। उसने बताया कि दोपहर के समय उसके फोन बैंक से फोन आया। जिस पर उसने जो भी जानकारी पूछी तो उसने बता दिया। इस दौरान हैकर ने उससे एक एप डाउनलोड कराया। जिसके बाद एटीएम की फोटो मांगी। इस दौरान मोबाइल पर 28,490 रुपये की रकम निकल गई। मुश्ताक ने उन्नाव साइवर सेल में इसकी शिकायत किये जाने की बात कही।

## एक नजर

### खनन में लगीं आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**मल्लावां, हरदोई।** रात में खनन कर मिट्टी लादते समय खनन विभाग की टीम ने छापा मारकर सात ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी सीज की। शुक्रवार की रात करीब 2 बजे खनन अधिकारी सुभाष सिंह ने टीम के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे राघौपुर रोड पर हो रहे मिट्टी खनन को लेकर छापा मारा। मौके पर एक जेसीबी मशीन और सात ट्रैक्टर-ट्रालियां मिलीं। अधिकारियों ने मिट्टी खनन की अनुमति चालकों से मांगी तो कोई कागज नहीं दिखा सके। इसको लेकर खनन अधिकारी सुभाष सिंह, एस एन पटेल, निरीक्षक अजीत सिंह ने जेसीबी मशीन व सात ट्रैक्टर ट्रालियों को कोतवाली में लाए जहां पर सीज कर जुर्माना के लिए डीएम को कार्यवाही सौपी गईं है। खनन निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि एक जेसीबी मशीन और सात ट्रैक्टर ट्राली सीज कर अर्थ दंद के लिए जिला अधिकारी को सौंपा जाएगा। बताया कि एक ट्रैक्टर पर 25 हजार रूपये और जेसीबी पर प्रति हेक्टेयर में मिट्टी खनन का जुर्माना का प्रावधान होता है।

### महिला ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई।** महिला ने घर के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसके पीछे कोई घरेलू वजह का होना बताया जा रहा है। उधर उसके मायके वालों ने फिलहाल कोई आरोप नहीं लगाया है। बेहटा गोकुल थाने के महमदापुर निवासी मुकेश की 35 वर्षीय पत्नी पूजा ने शनिवार की सुबह घर के कमरें के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूजा के पिता बोदिल निवासी चंदनखेड़ा सुरसा ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नही लगाया है। पूजा के तीन बेटियां है। एसएचओ बेहटा गोकुल राजवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। फिलहाल अभी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# चाइनीज मांझे पर नहीं लग रहा प्रतिबंध, राहगीरों की कट रही गर्दन

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री धड़ल्ले के साथ हो रही है। इस चाइनीज मांझे से अब तक दर्जनों लोगों के घायल होने की खबरें थी लेकिन शुक्रवार की शाम अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाकर बाइक से अपने घर वापस जा रहे एक पिता की गर्दन में मांझा फंस गया और उसकी गर्दन कट गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक मौत के बाद पूरे शहर में चीनी माझा विक्रेताओं के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हो गया, लेकिन प्रशासन की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा। प्रशासन ने चीनी माझा विक्रेताओं के यहां छापेमारी करना मुनासिब नहीं समझा।

मांझा विक्रेता कुछ ज्यादा मुनाफे के कारण इस माझे की बिक्री कर रहे हैं। इस मांझे का आलम यह है कि आसमान में उड़ते हुए पंछी इस माझे का शिकार होकर दम तोड़ देते हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं, पुरुषों, और बच्चों तथा बुजुर्गों के गले में माझा फंस जाने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो जाते हैं। ऐसी तमाम घटनाएं शाहाबाद नगर क्षेत्र में हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर से शिकायतें करने के बाद भी मात्र औपचारिकता



प्रतीकात्का फोटो।

निभाई गई। माझा विक्रेताओं से माझा की बिक्री बंद नहीं कराई गई जबकि यह माझा शासन द्वारा पूरी तरह से प्रतिबंधित है। कुछ दिनों पूर्व क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा ने माझा विक्रेताओं को शाहाबाद कोतवाली में बुलाकर चेतावनी दी थी कि चाइनीज मांझा की बिक्री नहीं की जाएगी अगर किसी भी माझा विक्रेता के यहां चाइनीज माझा पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। उसके बाद औपचारिकता के रूप में शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने एक दो माझा विक्रेताओं के यहां छापेमारी की। उसके बाद पुलिस पूरी तरह से खामोश हो गई। पुलिस खामोश क्यों हुई होगी ? इसका अंदाजा भी शहर वासी है सहज ही लगा सकते हैं। धड़ल्ले से चाइनीज मांझा की फिर बिक्री होने लगी और परिणाम यह हुआ कि शुक्रवार की शाम तकरीबन 7:00 बजे अपनी बेटी को बालामऊ से परीक्षा दिलवाकर आ रहा एक बाइक सवार पिता इस प्रतिबंध चाइनीस माझा की चपेट में आ गया। चाइनीज मांझा से उसकी पूरी गर्दन उड़ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पिता की मौत से बेटी का करूंण क्रंदन देखकर लोगों के आंसू भर आए और लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। क्योंकि चाइनीज माझा कभी भी किसी के परिवार के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। सीएचसी के अंदर बेटी की चीख पुकार सुनकर जब आते-जाते लोग पहुंचे तो उन लोगों ने भी प्रशासन को चाइनीज मांझे की बिक्री को लेकर जमकर कोसा। लेकिन कुंभकरण की नींद सो रहे शाहाबाद तहसील प्रशासन ने चाइनीज माझा पर प्रतिबंध लगाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### 6 माह के अंदर चार दर्जन से अधिक लोग हुए घायल

पिछले 6 माह के अंदर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की चपेट में आकर चार दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। इनमें शाहाबाद कोतवाली में तैनात महिला सिपाही प्रियंका की नाक और गर्दन पर काफी चोटें आई थी। इसके अतिरिक्त अधिवक्ता बसंत गुप्ता की दो उंगलियां कटकर जमीन पर गिर गई। मोहल्ला कटरा के रहने वाले सौरभ मिश्रा की चार उंगलियां कटीं। इसी तरह अनगिनत महिलाएं, बच्चे और पुरुष तथा बुजुर्ग चाइनीज मांझे का शिकार हुए। तमाम बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार आश्वसन देकर पब्लिक के आक्रोश को शांत कर दिया गया।

### तत्कालीन सीओ शाहाबाद ने लगाई थी सख्ती से रोक

क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने शाहाबाद में चार्ज लेने के बाद चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध लगाने की पहल की थी। उन्होंने समस्त मांझा विक्रेताओं को कोतवाली में बुलाकर चाइनीज मांझा न बेचने की हिदायत दी थी। उनके निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने एक दिन माझा विक्रेताओं के यहां छापेमारी भी की उसके बाद से मामला शांत हो गया और फिर धड़ल्ले से चाइनीज माझा बिकने लगा।

# हीटवेव से महिला और युवक की मौत

## अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन लेकर पहुंचे थे मेडिकल कॉलेज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हीट वेव के चलते युवक व महिला की मेडिकल कालेज पहुंचते ही मौत हो गई। उन दोनों को उल्टी-दस्त की शिकायत पर सीएचसी ले जाया गया था, जहां से उन्हे रेफर कर दिया गया था। बताते चलें कि पहले भी इसी तरह से मौत हो चुकी हैं।

जानकारी के अनुसार बिलग्राम कोतवाली के कुतुआपुर निवासी राजीव (30) पुत्र जगरूप पिकअप ड्राइवर था। दो भाइयों मे बड़े राजीव की पत्नी उसे कुछ साल पहले छोड़ कर चली गई थी। उसके दो बेटे है।



शनिवार को कड़ी धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जाती महिलाएं।

शनिवार की सुबह उसे एका-एक उल्टी-दस्त शुरु हो गए। घर वाले बिलग्राम सीएचसी ले गए,जहां से उसे मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया। यहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ पचदेवरा थाने के अनंगपुर की 40 वर्षीय सुनीता पत्नी अरविंद सिंह की शुक्रवार को तबियत खराब हुई,पहले तो उसे निजी हास्पिटल ले जाया गया,लेकिन हालत सही नहीं हुई। उसके बाद शनिवार को शाहाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां से मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया। सुनीता को मेडिकल कालेज लाया गया,जहां इलाज शुरु होते ही उसकी मौत हो गई। सुनीता के तीन बेटियां और एक बेटा है। करीब पांच साल पहले उसके पति की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

# पुरवा हवा ने दिलाई गर्मी से राहत

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार

जिले में शुक्रवार की रात से चली पुरवा हवाओं से तापमान में कुछ कमी आई है, जहां शुक्रवार को जिले का तापमान 45.6 पहुंच गया था, वहीं शनिवार को इसमें गिरावट आई। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि धूप की तेजी में कमी नहीं रही। तेज धूप से बचने के लिए लोग सिर ढक कर ही निकले। छाते के प्रयोग से लोगों ने खुद को सूरज की तपिश से बचाने का प्रयास किया। ठंडी तासीर वाली चीजों की मांग बढ़ी हुई है।

जिले में गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बिजली की मांग भी बढ़ी हुई हैं। बिजली की मांग बढ़ने से ही विद्युत उपकरणों पर लगातार लोड बढ़ रहा है। लोड बढ़ने से जगह-जगह खराबी आ रही है, जहां चिलचिलाती धूप में लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है, वहीं उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली विभाग के कर्मचारियों को भीषण धूप में खंभों में चढ़ कर बिजली बनानी पड़ रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है वैसे-वैसे



शनिवार को कड़ी धूप के बीच विद्युत पोल पर काम करता कर्मी।

कूलर व एसी आदि चलने से लोकल फाल्ट आ रही है। हालत यह है कि सुबह से शाम तक लाइनमैन कहीं न कहीं फाल्ट सही करने में लगे रहते हैं। जब तक वह एक जगह खराबी दूर करते हैं, तब तक दूसरी जगह की खबर आ जाती है।

# नहर से बरामद किए गए युवक और युवती के जले हुए शव

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** आखिरकार टड़ियावां पुलिस ने शारदा नहर में बहते हुए जा रहे दोनों शवों को अहिरोरी पुल से बरामद कर अपने कब्ज़े में ले लिए। उन दोनों के चेहरे जले हुए है। साथ ही शवों का जो हुलिया देखा गया, उससे उन दोनों की हत्या कर शवों को नहर में फेंकना माना जा रहा है।

बताते चले कि शुक्रवार को शारदा नहर में पिहानी कोतवाली के लेहना और हर्ररइया पुल से बहते हुए टड़ियावां थाने के टेनी और हर्रई नहर पुल से बहते हुए धरमपुर तक पहुंचे। उसी बीच शवों के पानी बहते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शनिवार को टड़ियावां पुलिस ने अहिरोरी पुल के पास से उन दोनों शवों को बरामद कर लिया। 40 वर्षीय युवक और 35 वर्षीय युवती, उन दोनों के चेहरे जले हुए है,साथ ही जो हुलिया है, उसे देख कर कहा जा रहा है कि दोनों की हत्या करने के बाद उनकी पहचान मिटाने के लिए चेहरा जलाया गया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

# रोल मॉडल बनेगा बेहटा सघई का तालाब

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर रहे बेंगलुरु के आनंद मल्लिगावाद (लेक मैन आफ इंडिया) को देश में बढ़ते जल संकट और झीलों की दुर्दशा ने इतना विचलित किया कि वह नौकरी छोड़कर तालाबों को पुनर्जीवित करने में जुट गए। इसी कड़ी में शनिवार को उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले ब्लॉक बाबन की ग्राम सभा बेहटा सघई में तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को देखने पहुंचे।

आनंद मल्लिगावाद ने शनिवार को बीडीओ और डीसी मनरेगा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष सोलंकी के साथ तालाब के सौंदर्यीकरण के काम को देखा। प्रधान और बीडीओ की



तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को देखने पहुंचे लेक मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर आनंद मल्लिगावाद।

**नौकरी छोड़ तालाबों को बचा रहे आनंद मल्लिगावाद**

सराहना करते हुए कहा कि उम्मीद से ज्यादा अच्छा किया जा रहा है। जिसमें उन्होंने 10 में से 9.5 नंबर दिए जाते हैं। आनंद मल्लिगावाद ने कार्य में जहां-जहां किसी तरह की कमी महसूस की तो उनमें सुधार के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर वहां मौजूद ग्रामीणों और अधिकारियों को उन्होंने जल संचय का महत्व बताते हुए इसमें सहयोग की भी अपील की। आनंद मल्लिगावाद ने बताया कि बेहटा सघई तालाब के सौंदर्यीकरण को भारत और उत्तर प्रदेश में एक रोल मॉडल के रूप में पेश किया जाएगा।

इस तालाब के सौंदर्यीकरण की जानकारी उनके द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्र सरकार को तमाम जगहों पर हुए तालाबों के सौंदर्यकरण के बारे में बताएंगे। कहा कि वह प्रयास करेंगे कि भविष्य में इसी तालाब को उत्तर प्रदेश का रोल मॉडल पेश किया जाए। बताया कि जिस दिन तालाब का सौंदर्यीकरण पूरा हो जाएगा तो पुनः इस तालाब पर आकर वह निरीक्षण करेंगे। उत्तर प्रदेश व केंद्र के मंत्री व अधिकारी भी उनके साथ आकर इस तालाब को देखेंगे।

# दबंगों के हमले में घायल व्यक्ति की लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शिरोमन नगर गांव में दबंगों के हमले में गंभीर रूप से जख्मी प्रेमचंद की इलाज के दौरान रात करीब 9:30 बजे मौत हो गई। आरोपियों के खिलाफ थाने में एससी एसटी का मामला पहले से दर्ज है।

बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम शिरोमन नगर निवासी मृतक प्रेमचंद की पत्नी प्रेम कांति के अनुसार 29 मई को सुनील के खेत में भूसा जल गया था। इसी बात से सुनील नाराज था और उसे शक था कि भूसा प्रेमचंद द्वारा जलाया गया है। इसी बात को लेकर गांव के सुनील ने अपने भाइयों निर्माण,



नरेश और पिता गजराज के साथ बुधवार की रात प्रेमचंद के घर पहुंचकर गाली गलौज किया और लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे प्रेमचंद लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल फिर वहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात्रि उनकी मौत हो गई। आरोपियों के खिलाफ प्रेम कांति ने एससी-एसटी के अंतर्गत मामला दर्ज कराया था। प्रेमचंद की मौत होने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हैं।

# मतगणना की तैयारी पूर्ण, की गई बैरीकेडिंग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रशासन द्वारा मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडी परिसर में मतगणना कराई जाएगी। इसके लिए मंडी में कारोबार रोक दिया गया है। मंडी में बिना अनुमति किसी का प्रवेश नहीं हो रहा है। सुरक्षा की व्यवस्था काफी मजबूत की गई है। बैरीकेटिंग व बैरियर लगा दिए गए हैं।

मतगणना के दिन बिना पास के किसी को मंडी के अंदर घुसने नहीं दिया जाएगा। गणना स्थल पर तेज गति का इंटरनेट लगाया गया है, जिससे वहां कंप्यूटर आदि निर्बाध रूप से कार्य हो सके। बिजली-पानी आदि की भी व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा का तगड़ा इंतजाम



मतगणनास्थल पर लगी बैरीकेडिंग। अमृत विचार

किया गया है। जगह-जगह कैमरे लगाए गए हैं। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतगणना के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं दूसरी ओर 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रत्याशियों ने अपने एजेंटों के पास बनवा लिए हैं। मतगणना के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए हैं। ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

### एग्जिट पोल के साथ चुनावी चर्चा हुई तेज

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान शनिवार को संपन्न होते ही आए एग्जिट पोल आने शुरू हो गए हैं। एग्जिट पोल के साथ ही हार-जीत को लेकर नेताओं व समर्थकों में ऊहापोह बढ़ने लगा है। अब 4 जून को होने वाली मतगणना का बेसब्री से इंतजार शुरू हो गया है। कई एग्जिट पोलों को देखकर प्रत्याशियों की धड़कनें घटने-बढ़ने लगी हैं। एग्जिट पोल को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चाय-पान की दुकानों पर होने लगी। एग्जिट पोल आने के साथ ही एक बार फिर से जिले में चुनाव की चर्चा तेज गई है। सभी प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे हैं।

### चतुराई छोड़कर सतगुरु पर रखें दृढ़ विश्वास

**हरदोई, अमृत विचार।** संत निरंकारी मंडल ने शनिवार को क्षेत्रीय संत समागम संडीला के ग्राम महसोना में परम महात्मा महेश सक्सेना ज्ञान प्रचारक शाहजहांपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 400 बहनों और महापुरुषों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर लगभग 25 महात्माओं व बहनों ने ब्रह्म ज्ञान प्राप्त किया। मंचासीन महात्मा ने कहा कि सारी चतुराइयां छोड़कर सतगुरु पर दृढ़ विश्वास रखें। जो हमें सत्संग से दूर कर रहे हों उनसे दूरी बनाकर सत्संग अवश्य करें। इस मौके पर जिला हरदोई के मुखी रामगोपाल वर्मा, कैशियर महात्मा रामकुमार, मीडिया प्रभारी राज किशोर सहित अन्य मौजूद रहे।

प्रतियोगिता

**जयपुरिया इलेवन और ओसिस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया हरदोई हेरिटेज कप का फाइनल मैच**

# ओसिस एकेडमी ने 4 विकेट से जीता खिताबी मुकाबला

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को हरदोई हेरिटेज कप का फाइनल मैच जयपुरिया इलेवन बनाम ओसिस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। मैच में टॉस ओसिस क्रिकेट अकादमी के कप्तान सनी वर्मा ने जीता तथा पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया इलेवन ने निर्धारित 37.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। जयपुरिया इलेवन की तरफ से आकाश त्रिपाठी ने 71 रन,सक्षम गुप्ता 45 रन, शिवम ने 15 रनों का योगदान





ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

दिया। ओसिस क्रिकेट अकादमी की तरफ से लक्ष्य शर्मा 4 विकेट, सनी वर्मा 3 विकेट, सोनू, मो. शाकिब ने एक-एक विकेट लिया तथा एक खिलाडी रन आउट हुआ। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओसिस क्रिकेट अकादमी की टीम ने 27.2 ओवर मे 6 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। ओसिस क्रिकेट अकादमी की तरफ से लक्ष्य शर्मा 46 रन, अनुज चौहान 41 रन वरुण ने 27 रनों का योगदान किया वहीं जयपुरिया इलेवन की तरफ से देवाशीष चौहान 3 विकेट, आकाश अवस्थी 2 विकेट, जय प्रकाश ने 1 विकेट लिया। फाइनल मैच मे ओसिस क्रिकेट एकेडमी ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच लक्ष्य शर्मा रहे। फाइनल मैच मे विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण पूर्व रणजी खिलाड़ी आरिश आलम के द्वारा दिया गया। बेस्ट बैट्स मैन का अवार्ड आकाश त्रिपाठी 7 मैच 244 रन, बेस्ट बॉलर सोनू मरांडी 7 मैच 17 विकेट, बेस्ट फील्डर देवाशीष चौहान, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सनी वर्मा 7 मैच 195 रन व 13 विकेट को मिला। मैच में अंपायरिंग इमरान व मो० हफीज ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की । इस मैच के दौरान अर्जित मित्तल, लकी गुप्ता, कुशी अग्रवाल, शिवम मिश्रा, राधा कृष्ण गुप्ता आदि मौजूद रहे।


# मुफ्त स्वास्थ्य मेला

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल**
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

**09 जून 2024, रविवार**
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
**श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज**
शाहबाद, हरदोई

**में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।**
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, दन्त रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग तथा मानसिक रोग आदि।

**कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें**
- पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त • सामान्य दवायें मुफ्त
- हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त • ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त

**कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें**
- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

**दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।**

**परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।**

अन्य सुविधायें:
1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।



सिया मिश्रा पुत्री श्री अनुज मिश्रा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में
सौजन्य से :
**श्री हर्ष पाण्डेय जी, अनुज मिश्रा, राजकुमार यादव**



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

## एक नजर

### ससुराल वालों पर घर से निकालने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पहुंचकर महिला ने ससुराल वालों पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम लौकहा निवासी चंदा पत्नी आरिफ ने बताया उसका पति आरिफ और सास बाउरा, ससुर नवी दराज उसे आए दिन मारते पीटते हैं। शनिवार को विपक्षी उसे मायके भेज जाने के बहाने लाकर कस्बे के बेझा चौराहे पर छोड़कर भाग गए। उसने सीओ अनुज मिश्रा को लिखित प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा एवं न्याय की गुहार लगाई है।

### बाग में आम के पेड़ से लटका मिला शव

**शाहाबाद, हरदोई।** नगला लोथू के सत्य प्रकाश ने पेड़ से लटक कर खुदकुशी कर ली। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम नगला लोथू निवासी 55 वर्षीय सत्य प्रकाश 30 मई की रात में घर से निकल गए। परिजनों ने सत्य प्रकाश की काफी तलाश की परंतु पता नहीं चल सका। 31 मई की रात्रि लगभग 9 बजे सत्य प्रकाश का शव पड़ोस के गढ़ी चांद खां स्थित बाग में पेड़ से लटका पाया गया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है सत्य प्रकाश की पत्नी की दो वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। सत्य प्रकाश शराब पीने के लती थे। इसी के चलते उन्होंने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### बावन में शुरू हुआ उर्स

**बावन, हरदोई।** कस्बे में मखदूम शाह बाबा की मजार पर होने वाला उर्स शुरू हो गया है। अंजुमन यादगारे हुसैन बावन हर साल की तरह इस बार भी सालाना उर्स मुबारक बड़ी धूमधाम से करा रहा है। बताते चलें कि हजरत मखदूम जहानिया जहांन गस्त रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक 1 जून से 4 जून तक मनाया जाएगा।

# झोलाछाप के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान

संवाददाता, हरदोई

**सख्ती**

- सीएमओ ने सीएचसी इंचार्जों को दिए सख्त निर्देश
- टीनशेड या छप्पर के नीचे इलाज करने वालों पर होगी कार्रवाई




**अमृत विचार।** जिले में मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग के निशाने पर आ गए हैं। चार दिन पहले कछौना में छप्पर में चल रहे अस्पताल की जानकारी सामने आते ही सीएमओ ने इसपर कड़ा रुख अपनाया है।

शनिवार को सीएमओ डॉ रोहताश कुमार ने सभी सीएचसी प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में देख लें कि टीनशेड, छप्पर, झोपड़ी और खुले आसमान के नीचे अगर इलाज किया जा रहा हो तो उसकी सूचना तत्काल मुझे दें। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इन झोलाछाप पर अब विभाग कार्रवाई की तैयारी में है। अगर इस मामले में सीएचसी प्रभारियों ने हीलाहवाली की तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप की बहुत सी दुकानें हैं। बिना डिग्री धारक यह मरीजों को भर्ती करने के साथ ही उनकी माइनर सर्जरी तक करते हैं। इनकी लापरवाही से अब तक बहुत से लोगों की जान भी जा चुकी है। चार दिन पहले कछौना में पकड़े गए अस्पताल के बाद सीएमओ ने काफी नाराजगी जताई है। सीएमओ के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हुआ। सीएमओ ने सभी सीएचसी प्रभारियों से उनके क्षेत्र में आने वाले झोलाछापों की सूची मांगी गई। नोडल डॉ. मनोज सिंह ने बताया कि अब झोलाछाप के खिलाफ अभियान चलेगा। इस दौरान कहीं भी झोलाछापों के मिलने पर उनके खिलाफ मामले दर्ज कराए जाएंगे। इस अभियान में आशा, संगिनी, एएनएम और सीएचओ की मदद ली जाएगी। सभी सीएचसी प्रभारियों को निर्देश भेजे जा चुके हैं। सीएमओ ने सीएचसी प्रभारियों से साफ-साफ कहा है कि अगर झोलाछाप की सूचना देने में लेटलतीफी की गई तो आप लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील के बार एसोशिएशन ने शनिवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देते हुए क्षेत्र में खुलेआम बिक रहे चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। बार एसोशिएशन के अध्यक्ष रामजी तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार नरेंद्र यादव को सौंपते हुए कहा है कस्बे में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से आयदिन हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी कस्बे और क्षेत्र में खुले आम चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। चाइनीज मांझे में शीशा पीसकर मिलाया जाता है, इसलिए ये एक धारदार हथियार के रूप में काम करता है। 31 मई को पुत्री की परीक्षा दिलवा कर लौट रहे पिता की प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से मृत्यु हो गई। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन की सख्ती से चाइनीज मांझे की बिक्री पर लगाना चाहिए। इस प्रकार की घटनाओं से आम जन में आक्रोश और भय व्याप्त हो गया है। इसलिए इसकी बिक्री को तत्काल बंद करवाया जाए और अधिवक्ता समाज की तरफ से मुख्यमंत्री से मांझा बेचने वाले दोषी दुकानदार के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए।

# पुलिस से हाथापाई व तोड़फोड़ में 11 नामजद व 50 अज्ञात पर केस दर्ज

## समुदाय विशेष के छात्र द्वारा दूसरे छात्र की हत्या के बाद किया था बवाल

संवाददाता, पाली, हरदोई

**युवराज हत्याकांड**




**अमृत विचार।** पुलिस ने युवराज सिंह उर्फ युवी की हत्या के बाद बवाल करते हुए उससे हाथापाई और तोड़फोड़ के अलावा सड़क पर जाम लगाने वालों पर शिकंजा कसा है। कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज की तहरीर पर 11 नामज़द और 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उनकी धरपकड़ की कार्रवाई की तैयारी कर रखी है।

बताते चलें कि 30 मई गुरुवार को पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना में इस्माइल पुर के युवराज सिंह उर्फ युवी पुत्र संजय सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जिसमें कस्बे के जुबैर, जुनैद और अदनान के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर पुलिस उनकी गिरफ्तारी की ज़मीन तैयार कर रही थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद युवराज का शव उसके गांव पहुंचता, उससे पहले ही तनाव बढ़ता हुआ देख कर काफी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। कस्बे की बाज़ार बंद हो गई। उसी दौरान निर्माणधीन पुलिस चौकी के पास इकट्ठा हुई भीड़ नाराबाज़ी करते हुए जुलूस की शक्ल में निकल पड़ी। उसने पुलिस की कुर्सियां तोड़ी और उसके साथ हाथापाई करते हुए पुलिस जवानों के साथ अभद्रता तक कर डाली।

आरोपियों का इनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोज़र चलाए जाने की मांग कर रही भीड़ ने रामलीला चौराहे पर जाम लगा कर लॉ एंड आर्डर के लिए मुश्किल खड़ी कर दी। एसडीएम सवायजपुर और सीओ शाहाबाद के समझाने के काफी देर बाद जाम हटाया गया। पाली कस्बा चौकी इंचार्ज शिव शंकर मिश्रा की तरफ से दी गई तहरीर में ऐसा करने वाले 11 नामज़द और 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

**इन धाराओं में मुकदमा**

पाली कस्बा इंचार्ज शिव शंकर मिश्रा की तहरीर पर धारा 147/323/504/506/332/353/186/188/427 और आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया गया है।

**नामज़द लोगों के नाम**

चौकी इंचार्ज शिव शंकर मिश्रा की तहरीर में नाने उर्फ अवधेश रस्तोगी, कन्हैया गुप्ता, निखिल बाजपेई, निक्की रस्तोगी, प्रीतम मिश्रा, सजल मिश्रा, मोनू लाला, शशिकांत प्रजापति, प्रेम अग्निहोत्री, करन मिश्रा और चुन्नू मिश्रा का नाम शामिल है।

# हत्यारोपियों को तमंचा देने के आरोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़, गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई





मुठभेड़ में घायल कामरान को ले जाती पुलिस, मौके पर पड़ा तमंचा व बाइक।

**अमृत विचार।** पाली के युवराज हत्याकांड को लेकर शुक्रवार को पूरे दिन जगह-जगह हंगामा और बवाल से जूझती रही पुलिस की शाम को आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक युवक के पैर में गोली लगी। साथ ही दो कांस्टेबल भी घायल हुए। हालांकि कि जिस युवक के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है वह मुकदमे में नामजद नहीं है। पुलिस का दावा है कि युवक ने हत्यारोपियों को तमंचा दिया था।

बताते चले कि गुरुवार को पाली कस्बे में युवराज सिंह उर्फ युवी सिंह की हत्या के बाद पाली का पारा और भी हाई हो गया। गुरुवार की देर रात को तीन हत्यारोपियो जुबैर, जुनैद और अदनान के खिलाफ 302 का केस दर्ज हुआ था। पुलिस जांच शुरू करती, लेकिन वहां फैले तनाव ने उसे हलकान कर दिया। उस पर आरोपियों का इनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की जा रही थी। उसी बीच शुक्रवार की शाम को बाबू खां के ईंट-भट्ठे के पास भागने की फिराक में छिपे आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिससे नामजद आरोपी का सहयोगी पैर में गोली लगने से ज़ख्मी हो गया। साथ ही दो कांस्टेबिल जयपाल व विनय कुमार भी ज़ख्मी हुए।

पुलिस ने मुठभेड़ में ज़ख्मी हुए युवक का नाम कामरान पुत्र सब्बुल निवासी मोहल्ला मलिकाना पाली बताया है। पुलिस का दावा है कि कामरान ने ही हत्यारोपियों तक तमंचा पहुंचाया था। अन्य नामजद आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# मिर्च झोंककर सेल्समैन से हुई लूट

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



पीड़ित शराब सेल्समैन नीरज गुप्ता

**अमृत विचार।** बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार शराब सेल्समैन को रोककर आंख में मिर्च झोंक दिया। स्कूटी से गिरने के बाद बदमाशों ने सेल्समैन के सिर पर डंडे से वारकर उसका झोला छीना और फरार हो गए। साथ मौजूद विमलेश ने तत्काल ओवर ब्रिज के नीचे स्थापित आंझी रेलवे स्टेशन चौकी पर जाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। तब तक बदमाश फरार हो चुके थे।

शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खलील निवासी नीरज गुप्ता आंझी रेलवे स्टेशन के टुमुरकी रोड पर शराब की दुकान पर सेल्समैनी करते हैं। रात्रि तकरीबन 10 बजे बियर की दुकान के शराब सेल्समैन विमलेश की स्कूटी पर बैठकर घर आ रहे थे। बकौल नीरज गुप्ता उनकी स्कूटी जैसे ही ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंची पीछे से एक बाइक पर तीन बदमाश आए और उनकी स्कूटी के आगे बाइक लगा दी और तुरंत बाइक सवारों की आंखों में मिर्च झोंक दी। विमलेश की आंखें बच गई लेकिन नीरज की आंखों में मिर्च पड़ गई और वह स्कूटी से गिर पड़ा। बदमाशों ने डंडे से उसके सिर पर वार किया और हाथ से झोला छीनकर फरार हो गए। झोले में टिफिन के अलावा कुछ थोड़ा घरेलू सामान था। कैश का बैग आगे स्कूटी के हैंडल में टंगा रह गया। विमलेश ने भागकर ओवर ब्रिज के नीचे चौकी पर जाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे, तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घायल नीरज को तत्काल शाहाबाद सीएचसी लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार हुआ। उसके बाद नीरज ने शाहाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घायल सेल्समैन नीरज गुप्ता ने बताया कि रात्रि के वक्त पिछले दो दिनों से बाइक सवार तीन युवक उनका पीछा कर रहे थे। लेकिन उसने इस बात का आभास नहीं कर पाया या लूटपाट के इरादे से रैकी कर रहे हैं।

## घायल मिले युवक की लखनऊ में हुई मौत

**हरदोई।** सड़क हादसे में ज़ख्मी हुए बताए गए युवक को लखनऊ में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। घरवाले शव को गांव उठा लाए, जहां से पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पिहानी कोतवाली के पीरपुर निवासी रामदीन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पुत्र धर्मपाल को ज़ख्मी हालत में लखनऊ में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। शव गांव में है। धर्मपाल को सड़क हादसे में ज़ख्मी होना बताया गया था, बाइक पर उसके साथ एक दूसरा युवक भी था। घर वालों का मानना है कि धर्मपाल के साथ कोई अनहोनी हुई थी।

# सराफा दुकानों का ताला तोड़ नकदी व जेवरात ले गए चोर

संवाददाता, बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** बावन बस अड्डे के पास शुक्रवार की देर रात स्वदेशी मार्केट में सराफा की दो दुकानों में घुसकर चोरों ने नगदी और जेवरात चोरी कर लिए। शनिवार की सुबह जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। फॉरेन्सिक टीम ने फिंगरप्रिंट कलेक्ट किये। इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

लोनार कोतवाली इलाके के गांव बावन में जय माता दी ज्वैलर्स और पंकज ज्वैलर्स की दो अलग अलग दुकानें है। इन दोनों दुकानों के पीछे खेत है। यह चोर पीछे खेत से सेंध लगाकर बाउंड्री के अंदर आ गए। जय माता दी ज्वेलर्स के संचालक कीर्ति चन्द पाल निवासी सराय ने बताया कि दुकान से एक किलो चांदी और 7 हजार रुपये चोरी हुए है। पंकज ज्वैलर्स के संचालक पंकज गुप्ता ने बताया कि दुकान से 250 ग्राम पुरानी चांदी और 700 रुपये की चोरी हुई है। चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल लोनार आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। चोरों को पकड़ने के लिए टीम कार्य कर रही है। घटना को अंजाम देने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा।

## सार-संक्षेप

### दवा लेने निकले अधेड़ का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से दवा लेने की बात कहकर निकले अधेड़ का शव देर शाम करना रेलवे स्टेशन की लूप पर पड़ा देखा गया। कोतवाली देहात की पुलिस के अलावा जीआरपी व आरपीएफ टीम वहां पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के डूडी बेरिया मजरा भीठा महासिंह निवासी रविन्द्र कुमार अस्थाना (50) खेती किसानी करते थे। परिवार में पत्नी अंजू के अलावा पुत्र आदित्य, आलोक व एक पुत्री है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की सुबह रविन्द्र दवा लेने की बात कहकर निकले थे।उसके काफी देर बाद तक वापस नहीं लौटे।उसी दौरान उसी दिन देर शाम को करना रेलवे स्टेशन की लूप लाइन पर उनका शव दो टूकडों में पड़ा हुआ देखा गया। कोतवाली देहात पुलिस के अलावा जीआरपी व आरपीएफ टीम ने वहां पहुंच कर अपनी जांच शुरु कर दी है। जामा तलाशी में उसके पास से करना रेलवे स्टेशन का प्लेट फार्म टिकट बरामद हुआ। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### योग से लोग बने रह सकते हैं निरोगी : हरिबंश सिंह

**हरदोई, अमृत विचार।** पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह ने शहीद उद्यान में सुबह 5 बजे से 7 बजे तक का सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया जो 25 जून तक चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाकर अधिक से अधिक योग शिक्षक तैयार करना है जिससे वह स्वयं स्वास्थ्य लाभ लें और दूसरों को भी स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर देश को स्वस्थ और समृद्धशाली बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि घर-घर योग पहुंचे और बच्चा-बच्चा योग से जुड़ जाए जिससे अच्छे जीवन जीने की कला सीख जाये। तभी सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की कल्पना साकार होगी। सभी ने शिविर में बहुत ही उत्सुकता के साथ भाग लेकर सहयोग किया। इस अवसर पर शशि कला सिंह, रिन्की गुप्ता, शशी मौर्या, रत्ना मिश्रा, सीमा मिश्रा, कंचन पाण्डेय, अवनि कुमारी, नीलम मिश्रा, दिलीप कुमार गुप्ता, अनुराग पाण्डेय, ललित कुमार गुप्ता, सुभाष चन्द्र मौर्य, रामशरण पाल, अवनीश सिंह, संतोषी देवी, रंजना, भावना गुप्ता, नीलम श्रीवास्तव, आशू सिहं, सुमन मिश्रा, मंजू वर्मा, संतोष शर्मा, सपना गुप्ता, विनाता, प्रांजलि आदि ने भाग लिया।

### शराब के आदी युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** नशे की लत के चलते युवक ने पत्नी के जेवर बेंच डाले। उसकी इसी हरकत के चलते अक्सर पत्नी से कहासुनी होती रहती थी। शुक्रवार को युवक ने बाग़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सुरसा थाने के लुकटहना मजरा फतियापुर निवासी 28 वर्षीय विनय पुत्र अंगने बाहर रहकर मेहनत-मज़दूरी करता था। वह होली पर गांव आया हुआ था। नशे की लत के चलते विनय ने एक-एक कर पत्नी के सारे ज़ेवर पार कर दिए और उन्हें बेंच कर दारू गटक गया था। उसकी उसी हरकत को ले कर पत्नी महापारा से आए दिन कहासुनी होती रहती थी। विनय के तीन बच्चे है। उसके पिता अंगने ने करीब 15 साल पहले फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। उसके बड़े भाई अशोक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह ज़ेवर बेंच कर दारू पीने की बात पर दोनों पति-पत्नी के बीच कहासुनी होने लगी। उसी बीच विनय घर से निकल कर रघुवर के बाग़ में पहुंचा और वहीं फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सेमरा चौकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह ने बताया है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच की जा रही है।

### पुण्यतिथि पर भंडारे का किया आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** शाहजहांपुर रोड स्थित पेट्रोल पम्प के सामने वरिष्ठ समाजसेवी, अधिवक्ता व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि रहे आलोक श्रीवास्तव की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर बूंदी एवं शर्बत वितरण कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत स्व. आलोक श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों अविनाश गुप्ता 'अब्बी, अविनाश मिश्रा, भरत पांडेय, कुलदीप द्विवेदी व पंकज अवस्थी ने अपने विचार रखे। आलोक श्रीवास्तव की धर्मपत्नी उमा श्रीवास्तव, बेटे नेहिल मोहन श्रीवास्तव व बेटी आलोकिता श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संस्मरणों को साझा किया। इसके पश्चात शर्बत व बूंदी वितरण हुआ। इस दौरान शिक्षक मनीष मिश्रा का सराहनीय सहयोग रहा। परिवार से विशाल मोहन श्रीवास्तव, तृप्ति श्रीवास्तव, अंजलि दीक्षित, कर्ण सिंह राणा, सुनील गुप्ता, धनंजय प्रताप सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, विजय भाई सहयोगियों के तौर पर मौजूद रहे। उधर ज्येष्ठ मास में आयोजित हो रहे भंडारों की श्रृंखला में शनिवार को बेलाताली के सामने रूबी सिंह, प्रायुष ह्यूमन, देव सिंह, अभय सिंह, अधिराज सिंह, सूरज, अंशिका सिंह, सनी, आयुषी अस्थाना, अंचल, इप्शिता, आराध्या सिंह के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। शुभारम्भ बजरंग बलि की मूर्ति के समक्ष पूजन अर्चन करके हुआ। छोला, चावल व शर्बत का भोग लगाया गया।

### सरसों तेल की भारी खेप पकड़ी, भरे गए सैम्पल

**बेनीगंज (हरदोई)।** शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस ने सरसों के तेल से लदे पिकअप डाला को हिरासत में लेकर खाद्य विभाग अधिकारियों को दी सूचना, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सैम्पल किए संग्रहित। शनिवार की सुबह स्थानीय पुलिस प्रशासन ने उन्नाव से बेनीगंज आ रहे सरसों तेल लदे पिकअप डाले को हिरासत में ले लिया। पिकअप चालक ने बताया कि सरसों का तेल नगर निवासी गयाप्रसाद ने मंगाया है। स्थानीय पुलिस ने शक के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद नगर में पहुंची खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार व सुभाष मौर्या के द्वारा पकड़े गए सरसों तेल का नमूना भरकर जांच के लिए भेज दिया गया। वहीं नगर के किराना व्यवसायी जगन्नाथ की दुकान पर भी छापेमारी कर सरसों तेल के सैम्पल भरे गए। करीब 15 लीटर सरसों का तेल सीज किया गया।



### ज्येष्ठ माह के पहले शनिवार को लगाए गए भंडारे

**हरदोई, अमृत विचार।** ज्येष्ठ के पहले शनिवार को जगह-जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। बजरंग बली की आराधना की गई। कई जगहों पर भंडारे व शर्बत वितरण का आयोजन भी हुआ। भगवान बजरंग बली की पूजा के लिए शनिवार का दिन भी बहुत महत्व रखता है। जेठ के पहले शनिवार को कई जगह सुंदरकांड पाठ आयोजित किए गए। हनुमान चालीसा के माध्यम से महाबली का गुणगान किया गया। मंदिरों में भक्तों ने बजरंग बली को भोग लगाया। जेठ के पहले शनिवार पर नगर में कई स्थानों पर भंडारे भी आयोजित किए गए। अनेक जगहों पर लोगों ने बूंदी व शर्बत का वितरण किया।

## लेखपाल की स्मृति में भंडारे का हुआ आयोजन

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील में कार्यरत रहे लेखपाल स्व. रजनीश त्रिवेदी की याद में तहसील मुख्यालय पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। तहसील मुख्यालय पर आयोजित भंडारे का उद्घाटन तहसीलदार नरेंद्र यादव ने बजरंगबली और स्व. रजनीश त्रिवेदी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात कन्याओं को भोज कराया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम जी तिवारी, महामंत्री बसंत गुप्ता, रामराज सिंह, गोविंद राम दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग दिया।

# सफाईकर्मियों का रोका वेतन, विवाद

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में बूथों पर किये जाने वाले कार्यों में सिथिलता बरती जाने का आरोप लगाते हुए ब्लॉक भरावन के 15 सफाई कर्मियों का वेतन बीडीओ भरावन ने रोक दिया। उधर एडीओ पंचायत ने डीपीआरओ को कवरिंग लेटर भेजकर सभी का वेतन जारी करने की संस्तुति कर दी। सफाईकर्मियों ने इस मामले को अपने संगठन में रखा।सफाई कर्मियों के संगठन के जिलाध्यक्ष ने बीडीओ भरावन पर फर्जी तरीके से वेतन रोकने की नोटिस जारी करके पांच हजार-पांच हजार रुपए मांगने का बड़ा आरोप लगाया है।

बताते चलें कि भरावन बीडीओ रीता सिंह ने सफाईकर्मियों का वेतन रोकते हुए दी गई नोटिस में लिखा है कि चुनाव के दौरान बूथ सेंटरों पर साफ सफाई नहीं की गई, जिस कारण मई माह का वेतन बाधित किया जाता है। सफाई कर्मियों ने बताया कि 6 मई की नोटिस 26 मई को बीडीओ ने दी जबकि चुनाव से पहले सभी बूथों पर साफ-सफाई कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार व कर्मियों ने बीडीओ भरावन पर आरोप लगाते हुए कहा कि सभी से 5 -5 हजार रुपयों की मांग की गई थी। कहा कि पंचायती राज के गजट में है कि ब्लॉक स्तर पर सफाई कर्मियों का अधिकारी एडीओ है न की बीडीओ। एडीओ पंचायत मेवाराम का कहना है कि सभी सफाईकर्मी के स्पष्टीकरण मिल गए थे अब बीडीओ की नोटिस के बाद डीपीआरओ को कवरिंग लेटर भेजकर सभी का वेतन जारी करने की संस्तुति की गई है।

> रुपये मांगने का आरोप निराधार और गलत है चुनाव में बूथों पर किये जाने वाले कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर वेतन रोकने की कार्रवाई की गयी है। 15 सफाईकर्मी के अतिरिक्त 4 सचिव और एडीओ पंचायत भी कार्रवाई में शामिल हैं।
> -**रीता सिंह**, बीडीओ

**दौरा** डीआरएम ऑफिस मुरादाबाद से आए असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर आशीष कुमार गुलाटी ने हरदोई स्टेशन पर सुविधाओं का किया निरीक्षण

# स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यों से यात्रियों को न होने पाए परेशानी

संवाददाता, हरदोई



हरदोई रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की जानकारी लेते एसीएम आशीष कुमार गुलाटी।

**अमृत विचार।** डीआरएम ऑफिस मुरादाबाद से आए रेल अधिकारी ने हरदोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। रेल अधिकारी ने हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया साथ ही यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के निर्देश जिम्मेदारों को दिए।

असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर आशीष कुमार गुलाटी ने हरदोई स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही गर्मियों में यात्रियों को खान-पान की मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य को एक साथ ना चलाया जाए। एक कार्य खत्म होने पर दूसरा कार्य किया जाए जिससे यात्रियों को असुविधा न हो। एसीएम ने यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसीएम मुरादाबाद ने हरदोई में रेल अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर चर्चा भी की।

**पीआरएस काउंटर पर एसी के लिए दिया आश्वासन**

हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचते ही एसीएम ने खानपान सेवा का हाल देखा। साफ-सफाई बनाए रखने के साथ निर्धारित मूल्य पर रेल यात्रियों को वस्तुएं बेचने के निर्देश दिए। कैटरिंग संचालकों से अभिलेखों के विषय में जानकारी ली। इसके बाद प्रतीक्षालय पहुंचे जहां यात्रियों के बैठने को लेकर रेल अधिकारियों से विचार विमर्श किया। रेल अधिकारियों ने यात्रियों को गर्मी में हो रही परेशानी को लेकर अवगत कराया, जिस पर एसीएम ने शीघ्र ही प्रतीक्षालय में कूलर लगवाए जाने की बात कही। स्टेशन के पीआरएस काउंटर पर पहुंचे तो यहां रेल अधिकारियों ने गर्मी में हो रही परेशानी की बात कही। बताया कि पीआरएस काउंटर पर एसी नहीं है जिसको लेकर रेल कर्मियों और यात्रियों दोनों को समस्या का सामना करना पड़ता है। जिस पर एसीएम ने एसी के लिए मांग पत्र भेजने की बात कही। माल गोदाम का भी निरीक्षण किया। प्लेटफार्म नंबर 4 व 5 पर यात्रियों के लिए टीम शेड बढ़ाने के निर्देश दिए। स्टेशन परिसर में बने पेय और यूज़ शौचालय का भी निरीक्षण किया है यहां पर एसीएम द्वारा मौजूद कर्मचारियों को साफ सफाई रखने व जलापूर्ति रखने के निर्देश दिए। इसके बाद साइकिल स्टैंड के निरीक्षण के लिए पहुंचे एसीएम को सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिली। स्टेशन पर कार्यरत टिकट निरीक्षकों की भी चेकिंग की। एसीएम कई समस्याओं को अपने साथ नोट करके ले गए हैं। इस मौके पर हरदोई के सीएमआई अम्बुज मिश्रा व मनीष बाजपेयी, सीएचआई मनीराम मौजूद रहें।



## एक नजर

### प्राथमिक विद्यालय से सोलर पैनल चोरी

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हरिबसपुर में आरओ प्लांट व सबमर्सिबल चलाने के लिये लगे एक सोलर पैनल को शुक्रवार की रात चोर चोरी कर ले गये। ग्राम प्रधान इमरान ने चोरी की सूचना प्रधानाध्यापक को दी। प्रधानाध्यापक विक्रम लाल ने बताया कि पैनल चोरी होने का प्रार्थना पत्र हरगांव थाने में दे दिया है। प्रधानाध्यापक ने प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया है कि प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल से सटाकर हरिबसपुर गांव निवासी रामगुलाम ने झोपड़ी डालकर अतिक्रमण कर रखा है। जिसमें हर समय अराजकतत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जो आये दिन स्कूल में नुकसान किया करते हैं। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि जांच करके मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

### दहेज नहीं मिला तो युवती को घर से भगाया

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना तम्बौर के ग्राम चकपूरवा निवासिनी नेहा रस्तोगी पुत्री ललित रस्तोगी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की 25 फरवरी 2020 को इसकी शादी शिवम रस्तोगी पुत्र राजू रस्तोगी निवासी ग्राम गौकुल पुर पोस्ट मुबारकपुर थाना तालगांव के साथ हुई थी। बताया की शादी में हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया गया था। फिर भी दहेज में अपाचे बाइक और एक लाख रुपए की नगदी की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर पति शिवम, सास शकुंतला, जेठ विनीत, जेठानी मंजू और ससुर राजू ने विवाहिता के साथ आए दिन प्रताड़ित करते रहे। आरोप है कि बीते 20 मई को ससुरालवालों ने दहेज की मांग पूरी न कर पाने घर से भगा दिया। पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पेड़ काटने को लेकर विवाद बहुओं ने सास को पीटा

**तंबौर।** इलाके के ग्राम सहिंजर कला निवासी नाजिरा पत्नी युनुस ने बताया कि वह घर पर बैठकर पति के साथ बात कर रही थी कि खाना बनाने के लिए लकड़ी घर पर नहीं है। ऐसे में घर के बाहर जो एक सूखा पेड़ लगा है, उसे कटवा लिया जाए तो खाना बनाने के लिए लकड़ी का इंतजाम हो जायेगा। जिसे सुनकर घर में मौजूद देवरानी-जेठानी रजिया पत्नी इसरार और आफरीन पत्नी इकरार और इकरार ने पेड़ काटने से मना किया और पेड़ बेचकर बंटवारा करने की बात कही। ऐसे में जब सास ने जब खाना बनाने के लिए लकड़ी न होने की बात कही तो दोनों पक्षों में तकरार होने लगी। जिसके बाद पति पत्नी ने देवरानी के साथ मिलकर सास की पिटाई कर दी। जिससे वह बेहोश हो गई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रंजिश में युवक को पीटा

**लहरपुर।** ग्राम सुलतानपुर हरिप्रसाद निवासिनी रामभोली ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कर आरोप लगाया है कि विगत सोमवार को पुरानी रंजिश एवं मामूली कहासुनी को लेकर गांव के त्रिलोकी उसके पुत्र नौनित 22 वर्ष को बुला ले गए थे, जहां पर मौजूद कल्लू, अनुराग, लीला व रजनी ने उसे गंदी गंदी गालियां दी और जमकर लाठी डंडों से पीटा जिससे उसके सर व हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### उधार दिए गए पैसे वापस मांगने पर विवाद

**लहरपुर।** ग्राम किशुनपुर निवासी गुड्डू उर्फ विपिन ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के सुनील कुमार व उनके पुत्र हरिओम ने उनसे दो लाख रुपये उधार लिए थे, जो वापस नहीं कर रहे हैं। दो माह पूर्व गांव के लोगों के मध्य उपरोक्त लोगों ने शीघ्र ही पैसा वापस करने का वादा किया था, परंतु अब पैसा देने से मना कर रहे हैं, विगत सोमवार को पैसा वापस मांगा तो उक्त लोगों ने गंदी-गंदी गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## गर्मी भी दूर और मस्ती भी खूब



**सीतापुर।** ग्रामीण क्षेत्र के लोग पेड़ की छांव तले दिन गुजार रहे हैं तो शहर के लोग एसी और कूलर में। ऐसे में बच्चों ने भी गर्मी से बचने का बेहतरीन तरीका निकाला है। वह सरकारी हैंडपंप के नीचे लेटकर अपने आपको ठंडा करने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही मस्ती भी खूब हो रही है। सदरपुर में भी शनिवार को कुछ ऐसा ही देखने का मिला, जहां बच्चे सरकारी हैंडपंप के नीचे लेटकर अठखेलियां करते नजर आए। अमृत विचार

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती बढ़ा रही परेशानी

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर का तापमान बीते दिन 42 डिग्री के आसपास का रहा। नवताप के चलते चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से नगरवासी त्राहिमाम कर रहे हैं। ऐसे में जनता बिजली की कटौती से खासा परेशान है। लोगों का कहना है कि नगर में बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। सुबह, दोपहर, शाम और रात को थोड़ी थोड़ी देर में बिजली कट रही है। न हीं सुकून से सो पा रहे हैं और न हीं भयंकर गर्मी को झेल पा रहे हैं।

पुष्कर शुक्ला ने बताया कि दिन भर सर्विस करके जब वापस घर को लौटता हूं तो कहीं खाना खाते वक्त बिजली गुल हो जाती है तो कहीं रात में लाइट कट जाती है। परिवार के बच्चे भी इस भीषण गर्मी में चैन से नहीं सो पाते हैं। इस भयंकर गर्मी में यदि बिजली आपूर्ति बाधित न हो तो कम से कम दिन भर की थकान तो मिट सकती है। सचिन तिवारी का कहना है कि बिजली सप्लाई का आलम बहुत बुरा हो चुका है। मैंने कई बार देखा है कि लगभग रोज ही बिजली एक बजे दोपहर में चली जाती है और घंटो तक गुल रहती है। समस्या को लेकर मैंने तीन दिन पहले शिकायत भी की है। मगर अभी तक कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। हाल ही में लगभग चार दिन पूर्व किन्नर समाज के लोग रात में लगभग 11 बजे पावर हाउस पहुंचे थे। उन्होंने बिजली कटौती को लेकर रोष भी जाहिर किया था।

# खड़े ट्रक में घुसी एम्बुलेंस, तीन की मौत

## मृतकों में दो सगी बहनें और युवक शामिल, एम्बुलेंस चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**हादसा**

- चालक को नींद आने पर हादसे की जताई जा रही संभावना
- परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार।** कमलापुर थाना इलाके में बीमार महिला का इलाज कराकर एम्बुलेंस से वापस आ रहा परिवार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। एम्बुलेंस वाहन नेशनल हाईवे के किनारे के खड़े एक ट्रक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एम्बुलेंस सवार दो सगी बहनों सहित एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने एम्बुलेंस चालक और मृतक किरन के बेटे सूरज की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर के मोहल्ला तामसेनगंज निवासी किरन देवी (45) वर्ष पत्नी किशोरी लाल का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में बीती 24 मई से इलाज चल रहा था। शुक्रवार की देर रात करीब 1 बजे निजी हॉस्पिटल में हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने किरन को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। परिजनों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अस्पताल न ले जाकर वापस घर लेकर उनके बेटे सूरज और बहन गुड्डी देवी (48) पत्नी शत्रोहन निवासिनी हलुआपुर जिला लखीमपुर खीरी और युवक रवि कुमार (20) गौड़ सहित के साथ एम्बुलेंस से सीतापुर आ रहे थे। बताया जाता है कि रात करीब दो बजे एम्बुलेंस वाहन संख्या यूपी 62 एटी 2451 जब कमलापुर स्थित सिंह ढाबा के समीप पहुंची तो नेशनल हाईवे 30 के किनारे खड़ी एक ट्रक में जाकर पीछे से टकरा गई। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि ढाबे में सोये हुए लोग नींद खुलते ही सड़क की तरफ दौड़ पड़े। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस का अगला हिस्सा ट्रक में घुसने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कसमंडा में भर्ती कराया। जहां सभी की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दर्दनाक सड़क हादसे की चीख ढाबे पर सोये हुए लोगों के कानों में घर कर गई है। हादसे वाली जगह पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की हालत देखकर यह अंदेशा जताया है कि सम्भवतः चालक को नींद आने पर वह सड़क से किनारे वाहन लेकर पहुंच गया। जिससे यह भयावाह हादसा हो गया। पुलिस ने एम्बुलेंस को कब्जे में लेकर शवों के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।



नेशनल हाईवे के किनारे खड़ी दुर्घटनाग्रस्त एम्बुलेंस। अमृत विचार

### एम्बुलेंस चालक की हालत नाजुक, लखनऊ रेफर

सड़क हादसे में कसमंडा सीएचसी में उपचार के दौरान बीमार महिला किरन देवी पत्नी किशोरी और युवक रवि को मृत घोषित कर दिया, जबकि मृतका किरन के बेटे सूरज और महिला गुड्डी देवी और एम्बुलेंस चालक सूरज पुत्र मनोज निवासी लब्देईकापुरवा थाना गुरूबख्श जिला रायबरेली की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर जिला अस्पताल में उपचार के दौरान ही मृतका किरन की बहन गुड्डी देवी ने भी दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने एम्बुलेंस चालक की हालत नाजुक देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार जारी है। जबकि मृतका के बेटे सूरज का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ दी तहरीर

मृतकों के परिजनों में लखीमपुर खीरी निवासी अर्जुन लाल ने थाने पर तहरीर देकर अवगत कराया था कि जब वह बीमार महिला किरन को परिवार सहित लेकर वापस आ रहे थे। तो इस दौरान रास्ते में ट्रक संख्या यूपी 32 यूएन 4300 के चालक ने लापरवाही से पीछे देखे बगैर ही ट्रक को पीछे तेजी से बैक कर दिया जिससे एम्बुलेंस ट्रक से टकरा गई। सड़क दुर्घटना के मामले में परिजनों ने तहरीर देकर ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

> नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हुई है जबकि तीन लोग घायल हुए है। मृतकों के परिवार वालों ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।
>
> -कृष्ण बलि सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कमलापुर

## आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, दो युवकों की मौत

- हादसे में बाइक सवार पत्नी और डेढ़ वर्षीय मासूम गंभीर घायल इलाज जारी

**महमूदाबाद/सीतापुर, अमृत विचार।** रामपुरकलां थाना इलाके में शनिवार देर शाम दो बाइको की आमने-सामने भिड़न्त हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि मां और मासूम बच्चा गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नाथुपुर निवासी यासिर (30) वर्ष पुत्र सत्तू बाइक पर पत्नी आशियां (27) वर्ष और मासूम डेढ़ वर्षीय बेटे वसीम के साथ बाजार से घर जा रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर ग्राम दुलारपुर के निकट सामने से आ रही बाइक पर सवार युवक की बाइक सामने आ रही बाइक से जोरदार टकरा गई। ओवरटेक के दौरान हुए हादसे में मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइको पर सवार सभी चार घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने बाइक सवार विजय कुमार (28) वर्ष पुत्र लाल बिहारी निवासी ग्राम असोहन को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरी बाइक पर सवार पति यासिर ने भी उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। जबकि पत्नी आशियां और डेढ़ वर्षीय मासूम वसीम का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक नवनीत मिश्रा ने बताया कि हादसे की जानकारी परिवार वालो को देकर शवो को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



हादसे के बाद अस्पताल में रोते बिलखते मृतकों के परिजन। अमृत विचार

## दबंगों पर लगाया गाली-गलौज और उत्पीड़न का आरोप

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना अटरिया अन्तर्गत ग्राम कोड़रिया के दर्जनों दलितों ने गांव के एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा उनके साथ गाली गलौज और महापुरूषों के विरूद्ध नारेबाजी कर गांव का माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया है।

अरविन्द कुमार कपिल कुमार, पवन कुमार दीपराज, सुधीर, बृजेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार, रामप्रताप, रवि, रोहन, अमित मिथिलेश कुमार आदि ने उपजिलाधिकारी, सिधौली को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया कि गुरूवार को एक बच्चे द्वारा नागबाबा के देवस्थान पर बालाजी का झण्डा उठा लेने से उत्पन्न गलतफहमी के कारण गांव की ही एक बिरादरी के लोगों के साथ आपस में विवाद हो गया था और मारपीट हो गई थी। बाद में मौके पर पहुंचकर पुलिस ने भी आपस में समझौता करवा दिया था। उपरोक्त समझौते के बावजूद विपक्षी समुदाय के कुछ लोग लगातार जातिसूचक गालियां और जाबेजा धमकी देकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### हनुमान मंदिर पर लगा भंडारा, भक्तों ने लिया प्रसाद



भंडारे में लोगों को प्रसाद देते आयोजक। अमृत विचार

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रामपुर कलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम शंकरपुर के बालाजी हनुमान देव स्थान पर जेठ के शनिवार के अवसर पर पंडाल लगाकर हनुमान भक्तों ने पूरी सब्जी, छोला, बूंदी व हलवा आदि हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। जेठ माह के प्रत्येक मंगलवार शनिवार को हनुमान भक्तों ने शर्बत पूड़ी सब्जी छोला बूंदी चना आदि प्रसाद का भंडारा किया। इसी क्रम में ग्राम शंकरपुर के प्राचीन देवस्थान हनुमान मंदिर पर ग्रामीणों मनोहर लाल तथा आशीष सिंह द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे करीब पांच सौ के आसपास भक्तो द्वारा श्री बालाजी का प्रसाद ग्रहण किया गया। आयोजक मंडल द्वारा बताया गया कि प्रभु की इच्छा से शाम तक भंडारा चलता रहेगा। इस कार्यक्रम में आशीष सिंह मनोहर लाल सर्वेश कुमार रामसिंह जगदीश सिंह आदि का भरपूर सहयोग रहा।

### पालिकाध्यक्ष ने चौराहों पर कराई शरबत की व्यवस्था



लोगों को ठंडा शरबत पिला रहे पालिकाध्यक्ष के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग से राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए हाजी जावेद अहमद अध्यक्ष पालिका परिषद ने नगर क्षेत्र के विभिन्न चैराहों पर शरबत का वितरण कराया जा रहा है, शनिवार को बिसवां तिराहा गेट पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस मौके पर चेयरमैन हाजी जावेद अहमद ने कहा है कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है उन्होंने कहा कि राहगीरों को शरबत पानी पिलाना इस भीषण गर्मी में पुण्य का काम है। इस मौके पर मुख्य रूप से अब्दुल्ला, समीर राईन, नफीस खान, राजू खान, इसामुल खान, सफीक शाह, जब्बार खान, दिलशाद खान आदि लोग उपस्थित थे।

### ग्राम समाज भूमि को छुड़वाये जाने की मांग

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम सुरैंचा के जिला पंचायत सदस्य गोविन्द प्रसाद ने एक निर्माणधीन पेट्रोलपम्प द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। गोविन्द प्रसाद ने उच्चाधिकारियों को भेजे गए एक पत्र में बताया कि गांव सुरैचा में एक भूखण्ड नेशनल हाइवे लखनऊ-दिल्ली पर स्थित है और व्यावसायिक भूमि के रूप में चिन्हित है। उपरोक्त भूमि पर पेट्रोल पम्प का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन पेट्रोल पम्प के परिसर में राजस्व अभिलेखों में नाला तथा चकमार्ग का भी अंकन है जिसे पेट्रोल पंप के मालिक द्वारा बाउण्ड्रीवाल का निर्माण करा कर अपने कब्जे में कर लिया गया है। जिला पंचायत सदस्य ने उक्त ग्रामसमाज भूमि को तत्काल छुड़वाये जाने की मांग की है।

### सरकारी हैंडपंप खराब, एक किमी दूर से पानी ला रहे ग्रामीण

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कई माह से खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप के खराब पड़े होने के चलते ग्रामीणों को पेयजल संबंधी किल्लतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत करने के बाद भी नल दुरुस्त नहीं हो सका। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से खराब पड़े नल को दुरुस्त करवाए जाने की मांग की है। विकास रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत बांका नगर के मजरे सेजौरा में हरिचरण के दरवाजे के पास लगा इंडिया मार्का हैंडपंप विगत कई माह से खराब पड़ा है। ग्रामीण मंशाराम ने बताया के इस नल से 08 लोगों के परिवारों की पेयजल आपूर्ति होती थी। मगर जब से खराब पड़ा है कोई इसे ठीक करवाने का नाम ही नहीं लेता। ग्रामीण प्रकाश ने बताया कि इस भीषण गर्मी में नल दुरुस्त न होने के चलते लगभग 1 किलोमीटर की दूरी से पानी लाना पड़ रहा है। दिनेश एवम जगदीश सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया की ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत के बावजूद भी समस्या का समाधान नही हो सका। इस संबंध में ग्राम प्रधान भगवानदीन ने बताया कि इस नल को कई बार बनवाया जा चुका है। जल्द ही इसे दुरुस्त करवाकर ग्रामीणों की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सही करवा दी जाएगी।



खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप।

### भागवत सुनने से मनुष्य को मोक्ष प्राप्त होता है: कथावाचक

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** रौना गांव के दानेश्वर बाबा मंदिर पर आयोजित नवम श्री रुद्र महायज्ञ एवं मानस कथा के पहले दिन कथा वाचक महेंद्र मानस मधुकर ने भगवान भोले नाथ और सती जी के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी के लिए पति पर भरोसा करना ही उसका सबसे बड़ा धर्म है। भगवान राम के वनवास काल में जब भोले बाबा कुम्भज ऋषि से कथा सुनकर वापस कैलाश जा रहे तब भोले बाबा ने मानव रूप में भगवान राम को प्रणाम किया। भोले बाबा द्वारा राम जी को प्रणाम किए जाने से सती जी चकित हो गई और उन्होंने भोलेनाथ से कहा कि जो मानव स्त्री के बिरह में भटक रहा है। आपने उस संसारी मानव को प्रणाम किस आधार से किया। भोले बाबा ने जवाब दिया कि प्रयागराज में जिस की कथा हम दोनों सुनकर आए हैं। ये वही मेरे आराध्य एवं इष्ट देव श्रीराम है। लेकिन सती जी को अपने पति भोलेनाथ के वचनों पर भरोसा नहीं हुआ और सीता जी का रूप बनाकर भगवान राम की परीक्षा लेने पहुंच गई। जहां राम जी से पहले लक्ष्मण जी ने ही सती को पहचान लिया। राम जी समझ गए सती जी मेरी परीक्षा लेने आई है। भगवान राम ने सती को अपना बिराट रूप दिखा दिया जिससे वह भयभीत हो गई और भोलेनाथ के पास पहुंच गई। जहां सती ने झूठ बोल दिया मैंने कोई परीक्षा नहीं ली है। तब भोलेनाथ ने तीसरे नेत्र से देखा कि सती ने सीता माता का रूप धारण किया है। जिसको लेकर भोलेनाथ ने सती जी का परित्याग कर दिया।

**फरियाद** भयानक गर्मी में इंसान ही नहीं बल्कि जानवर भी परेशान

## गर्मी से निजात पाने के लिए मस्जिद में मांगी दुआ

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** शनिवार दोपहर मस्जिद में जोहर नमाज के बाद मौलाना सैयद सज्जाद हुसैन ने दुआ करवाई और अल्लाह से दुआ मांगी कि इस भयानक गर्मी से जल्द से जल्द सभी इंसान और चरिंद् परिंद को राहत मिले मस्जिद में मौलाना के साथ और भी लोग दुआ में शामिल हुए इस भयानक गर्मी में इंसान ही नहीं बल्कि जानवर भी परेशान हैं।

सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकल आती हैं पूरा दिन जलती धूप मे मजदूरी कर पाना मुश्किल होता है। ऐसे मजदूरी कर रहे मोहम्मद बिलाल रमेश कुमार मोहम्मद फारूक सतीश कुमार ने बताया कि इतनी ज्यादा गर्मी पड़ रही है कि मजदूरी करने की हिम्मत नहीं पड़ती है लेकिन मजबूरी में काम करना पड़ रहा है। तपती धूप में काम करते-करते चक्कर आने लगता है। नंदलाल ने कहा की उपर वाले का सहारा है जल्दी बारिश हो जाए तो कुछ राहत मिल जायेगी।



मस्जिद में दुआ करते मौलाना व अन्य। अमृत विचार

### दरगाह हाफिजिया अस्लमियां में पांच दिवसीय उर्स का समापन

**सीतापुर।** दरगाह हाफिजिया अस्लमियां में 27 मई से चल रहे पांच दिवसीय उर्स के पांचवें और अंतिम दिन हाफिज असलम मियां अलैहिर्रहमा के 125वें कुल शरीफ मे सभी धर्म व सम्प्रदाय के लोगों ने शिरकत करके अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान नजमुल हसन शोएब मियां, सैय्यद अजीजुल हसन रिजवी मदनी मियां, सैय्यद गयास मियां, सैय्यद जिया अल्वी, मौलाना हाजी सैय्यद अजहर मियां चिश्ती, एजाज हसन खान, सैय्यद लईक अहमद किरमानी, डॉ. सैय्यद रेहान रिजवी, हैदराबाद के खुर्शीद अहमद, शेख इशरत अली, कारी इस्लाम अहमद आरफी, दरगाह मतवल्ली, सैय्यद नवेद असलम सलमी मियां, सैय्यद आमिर मियां रिजवी, सादी फारूकी, सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद फरहान मियां, सैय्यद फरमान मियां चिश्ती, गाजीपुर के वकार मियां, इमरान सिद्दीकी, दानियाल आदि मौजूद रहे। सज्जादानशीन हाजी सैय्यद फुरकान मियां ने कहा कि हमे अपने मुल्क व अपने पड़ोसियों से मोहब्बत हमदर्दी रखना चाहिए। हमे अल्लाह और उसके रसूल सल0 से सच्ची मोहब्बत करनी चाहिए। उर्स में बड़ौदा गुजरात, हैदराबाद, दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार के अलावा कई प्रांतो से तथा उत्तर प्रदेश के तमाम जनपदो से लोगों ने आकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## पर्याप्त मजदूरी न मिलने से गुस्साए मजदूरों ने मिल गेट पर काटा हंगामा

- शिकायत के बाद भी मिल प्रशासन पर अनदेखी करने का लगाया आरोप

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामकोट थाना इलाके में जवाहरपुर चीनी मिल में कार्यरत मजदूरों को पर्याप्त मजदूरी न मिलने पर दर्जनों मजदूरों ने चीनी मिल गेट पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा काटा।

बताया जाता है कि डालमिया शुगर यूनिट के जवाहरपुर चीनी मिल में कार्यरत मजदूरों के अनुसार जवाहरपुर चीनी मिल से मानक मजदूरी 385 रुपये प्रति दिन के हिसाब से मिलती है। परंतु मिल कर्मियों के द्वारा मजदूरों को मात्र 150 रुपये का भुगतान किया जाता है। जिससे इस महंगाई के दौर में मजदूरों के परिवार का भरण पोषण सही से होना मुश्किल हो जाता है। मजदूरों का कहना है कि कई बार जिम्मेदारों से मजदूरों के द्वारा शिकायत भी की गयी, परंतु उनकी तरफ किसी भी विभागीय अफसर का ध्यान इस ओर नहीं गया। अंत मे परेशान होकर करीब दर्जनों मजदूरों ने शनिवार सुबह अपनी मांगों को लेकर चीनी मिल गेट पर प्रदर्शन किया परंतु चीनी मिल कर्मियों द्वारा उनकी एक नहीं सुनी गयी, आखिरकार मजदूर परेशान होकर अपने अपने घरों को चले गए। बीते 10 वर्षों से मजदूरी कर रहे कटैया गाँव निवासी अनिल ने बताया कि वर्तमान समय में उनको भी कम दैनिक मजदूरी मिल रही है। परिवार इत्यादि का खर्चा भी इस मजदूरी से नहीं निकलता है, कई बार विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराया परंतु दैनिक मजदूरी में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई। जिससे परेशान होकर आज मिल गेट पर सभी मजदूरों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने बताया कि सुनवाई न होने पर सोमवार बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने की तैयारी है।

# प्राचीन राष्ट्र भारत


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई।

भारत प्राचीन राष्ट्र है,लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, "भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक् आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था,शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।" यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है,लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, "भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।" ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, "हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।" राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसा पूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसा पूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, "बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।" प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा,लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परपंराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था। ईसाई मिशनरी धर्मांतरण के लिए सक्रिय थे। वे भी हिन्दू धर्म की खामियां बढ़ा चढ़ाकर बता रहे थे। ईसाई धर्मांतरण का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य की मजबूती था। लेकिन भारतीय दर्शन के प्रति पूरे यूरोप में रुचि बढ़ रही थी। मैक्समूलर के सम्पादन में प्राचीन भारतीय ग्रंथों का बड़ी मात्रा में अनुवाद हुआ। यह अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट' सीरीज में लगभग 50 खण्डों में संकलित है।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। कालिदास ने रघुवंश में राम के समय के इतिहास-बोध की चर्चा की है। भवभूति, कालिदास और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। बौद्ध जातकों में अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय मांधाता, दशरथ और राम का उल्लेख है। बौद्ध पंथ अंधविश्वासी नहीं है। राम भारत की श्रुति व स्मृति में हैं। कुछेक राजनेता, वामदल और विद्वान राम को इतिहास नहीं मानते। दरअसल भारत ने यूरोपीय तर्ज पर इतिहास संकलन नहीं किया। अलबरूनी का भी आरोप था-''हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते, वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।" भारत ने राजाओं की विवरणी नहीं बनाई। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए,लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

# प्रकृति से लड़ पाना अत्यंत कठिन

एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के समय भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लंबे अरसे से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का जवाबी प्रहार यह होने हो रहा है कि आसमान से आग बरसने लगी है। प्रचंड धूप से लोकतंत्र का महापर्व में मतदान भी प्रभावित हुआ है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान में गिरावट के पीछे प्रकृति के प्रकोप को भी माना जा रहा है।

दरअसल प्रकृति के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष होते हैं। ऐसी भी प्रजाति के वृक्ष होते हैं,जो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की प्रचंड और घातक किरणों को धरती पर आने से पहले खुद झेलकर अवशोषित तथा निष्प्रभावी कर देते हैं। जिस तरह देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवान दुश्मन राष्ट्र की ओर से होने वाले आघातों को रोकते हैं,ठीक उसी तरह की भूमिका पेड़ निभाते हैं और अंतरिक्ष से आने वाले घातक शत्रु-दल को निष्प्रभावी कर देते हैं,लेकिन विकास तथा आधुनिकीकरण के चलते पृथ्वी के संरक्षक वृक्षों पर सर्वाधिक प्रहार किया जा रहा है। जब अपने संरक्षक पर ही चोट होगी तब उसके घातक परिणाम भुगतने ही होंगे।

यदि देखा जाए तो पेड़ों का भी अपना परिवार होता है। एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के वक्त भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की। यदि पूरे वन-क्षेत्र में पेड़ न होते तो शायद श्रीराम को सीता का पता पाने में कठिनाई होती। पेड़ों को धरती पर रहने में सहयोगी भूमिका अदा करने के चलते भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा का विधान किया गया है। यहां तक हर मांगलिक कार्यक्रमों में 'स्वस्तिवाचन' मंत्रों को पढ़ते समय वनस्पतियों के साथ पंचभौतिक जल, अग्नि, औषधि, पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि की शांति की कामना की जाती है। वृक्षों की पूजा में जलदान एवं खाद्य पदार्थ आदि के अर्पित करने के पीछे यही उद्देश्य रहा है कि पेड़ों की छत्रछाया में रहने वाले जीव-जंतु भी आहार प्राप्त कर सकें।

पेड़ों के कटने से ऐसे तमाम जीव-जंतु तथा विषाणु जिन्हें वृक्ष अपने अधीन रखते थे, वे मानव आबादी की तरफ भाग रहे हैं जिसका प्रभाव यह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं और संक्रामक रोगों का आक्रमण भी हो रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए ऋषियों द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के बताए गए सिद्धांत के तहत पंच भौतिक तत्वों को भी कुटुंब का सदस्य मानना पड़ेगा वरना प्रकृति की जवाबी कार्रवाई को झेल पाना कठिन होगा।

# क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णत: विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए।



अब चुनाव नतीजे का इंतजार है। मैं उन व्यक्तियों में नहीं हूं,जो सोचते हैं कि यह चुनाव तय कर देगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। या तय हो जाएगा कि भारत धार्मिक राष्ट्र बन जाएगा या सेकुलर रहेगा। मैं इतनी आसानी से कुछ भी होते नहीं देख पा रहा हूं, भले यह देश फिलहाल लोकतंत्र और सेकुलर भावना से काफी दूर चला गया है। जटिलताएं बढ़ी हैं। अतः इसी लोकसभा चुनाव से सब कुछ तय होने जा रहा है, ऐसा नहीं है। फिर भी क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का? बस यह देखने के लिए कि इस युग के एक बड़े ढोंग और पतन से हमारा देश कितनी ताकत से लड़ रहा था। वह कितना लड़ पाया,उसकी हजारों साल की उदात्त मानवीय ताकत और धार्मिक राष्ट्रवाद की सौ सालों की सामुदायिक ताकत में फिलहाल कौन भारी पड़ा?

हमें चुनाव के नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना पुनरुपलब्ध किया है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। हमें इस पर सोचना है कि अब अधिक उदार होकर किस तरह पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी और भारतीय एकता के लिए अपने को सुधारना होगा, ताकि एक बड़ी समवेत आवाज बन सके।

स्पष्ट है, आगे का रास्ता किसी के लिए भी बड़ा कठिन है। एग्जिट पोल पर भरोसा न करके हमें चार जून का इंतजार करना चाहिए। हमारे लिए चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। लोकतंत्र का सच्चा दर्पण उसकी भाषा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में आज से पहले किसी लोकसभा चुनाव में इतनी लुटी-पिटी, खोखली और उन्मादपूर्ण भाषा नहीं थी। आज से पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। राजनीति कभी इतनी विपन्न नहीं थी। इस चुनाव में नेताओं के बड़प्पन की जगह हमेशा उनका बड़बोलापन ही दिखता रहा। बौद्धिक बल की जगह भौतिक बल प्रदर्शित हुआ।

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए गए। यह महान विचारों को अलविदा कहना है और संकुचित स्वार्थ की जयजयकार करना है।

मीडिया और अपने को सर्वाधिक तेज घोषित करने वाले न्यूज चैनल पहली बार इतनी बेशर्मी से सत्ताधारी दल का ढोल बने। वे खुद पार्टी प्रचारक बन गए। जिस देश में तर्क विस्थापित हो जाता है, वहां अंततः लोकतंत्र का भी विस्थापन हो जाता है। इस लोकसभा चुनाव में देश के नागरिकों ने अपने लोकतांत्रिक मताधिकार का उपयोग तो किया, पर आखिर भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया की एक कितनी अंधेरी दुनिया में पहुंचकर, इस पर सोचने की जरूरत है। जिस देश में भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया एक रक्ताक्त अंधेरे में पहुंचा दिए गए हों, उस देश में अंततः आम लोगों के लिए कितनी आजादी और सुख-शांति बची रहेगी, इस पर सोचा जा सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि आखिर इस सार्वभौम ढोंग और पतन से फिलहाल महान भारत कितना लड़ पाया और वह कितना दबा दिया गया। एक दूसरा दिलचस्प सवाल है,इतने तामझाम भरे प्रचार और सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन 5-6 प्रतिशत वोट कम क्यों पड़ते रहे? अगर देश पहले से अधिक जाग्रत हुआ है तो वोट प्रतिशत बढ़ना चाहिए था।

# दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कभी लगता है,यह दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ है। बिना किसी दिल-दिमाग के उगती-फैलती चली गई। इस ग्रोथ में हम बहुत बाद में आए। हम आए तो वाइल्ड ग्रोथ से ही,लेकिन आने के बाद इसे देखा (शायद पहली बार कोई इसे देख रहा था),महसूस किया और फिर इसे पालतू बनाने में लग गए। फिर कुछ लोग आए जिन्होंने इस पर अपनी अमलदारी का दावा कर दिया। बोले,मैंने (या मेरे आका ने) इसे बोया,सींचा और बड़ी किया,इसे फैलाया, तुमको भी बनाया। अब मेरे बताए रास्ते पर चलो, मेरा नाम जपते रहो,मेरे शुक्रगुजार बने रहो तो इसमें भटकोगे नहीं। अब वाइल्ड ग्रोथ तो भाई साहब वाइल्ड ग्रोथ। इसने दुनिया के सारे अमलदारों को ठेंगा दिखाया और अपने झाड़-झंखाड़ के रास्ते चलती रही। हमारा छोटा-सा दिमाग, वह भी आखिर उसी वाइल्ड ग्रोथ का हिस्सा। जितना कर सकते थे किया और दुनिया में कुछ लोगों के लिए ही सही थोड़ी चमक-दमक आई,रास्ता आसान हुआ। औरों के लिए भी आशा बंधी,लेकिन कुछ लोगों ने जो भी दिमाग था,उसे भी ताक पर रख दिया और आंख मूंदकर अमलदारों के बताए रास्ते पर चल पड़े। फिर तो जो होना था,वही हुआ। उन्हें बताया गया। रास्ता दुर्गम जंगल में ले गया और वहीं छोड़कर गुम हो गया। वे छाती पीट रहे हैं और वाइल्ड ग्रोथ और ग्रो कर रही है और वाइल्ड हो रही है। अमलदार से पूछते हैं तो कहता है,हमने तो रास्ता ठीक बताया था,तुम उससे भटक गए तो मैं क्या करूं, अब झेलो। अरे भाई! रास्ता बताते समय हमारी काबिलियत-नाकाबिलियत पर गौर क्यों नहीं किया? और नहीं किया तो किस बात के अमलदार! हम इस काबिल होते तो आपकी जरूरत ही क्या थी? लेकिन वही हाथ गहे की लाज,हम कह नहीं पाते किअपनी अमलदारी अपने पास रखो और रास्ता नापो। हमारे पास जितना भी दिमाग है,उसी से रास्ता खोजेंगे, नहीं तो अरुंझकर मर जाएंगे। किसी के एहसान के बोझ तले दबकर मरने की नौबत तो नहीं आएगी,लेकिन हम ठहरे आलसी और डरपोक। वाइल्ड ग्रोथ और वाइल्ड होती जा रही है। हम अमलदार से कुछ कह नहीं पाते। उसके बताए रास्ते को बिना देखे सही सिद्ध करने के लिए कट-मरते हैं,लेकिन जो भी दिमाग है उसे लगाकर अपने तईं रास्ता नहीं खोजते,न औरों को खोजने देते है। जब हमें बनाने वाला सांचा ही वाइल्ड है तो हम अपनी काबिलियत पर भी क्या भरोसा करें! नतीजतन,भेड़ियाधसान जारी है और जारी रहने वाली है।

# हत्या का अर्थ


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत सारे धर्मों में हत्या करने की मनाही है,लेकिन इसकी विवेचना ठीक से नहीं की गई है। हत्या का क्या अर्थ है? अगर बहुत विस्तृत अर्थ लिया जाए तो हत्या का अर्थ है किसी सजीव की जीवन-प्रक्रिया में व्यवधान करने के कार्य में शामिल होना,लेकिन इस परिभाषा के अनुसार आदमी जी ही नहीं सकेगा और खुद की हत्या का सचेष्ट दोषी होगा।

पौधे भी तो जीव हैं और उनके बीज भी जीव हैं। यह परिभाषा फूड सायकिल को तोड़ देगी तो ऐसा उपदेश निरर्थक है,लेकिन परिभाषा को विस्तृत रखना हमारी मजबूरी नहीं है। हम संकुचित परिभाषा पर सोचें। हम कल्पना करें कि किसी आदमी में अमुक गुणों का होना अनिवार्य है जिनमें वे गुण न हों वह होमोसैपियन या होमो इरेक्टस होने के बावजूद आदमी नहीं है। किसी व्यक्ति में उन गुणों के रहने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाना हत्या है। सज्ञान और सचेष्ट हत्या नहीं करनी चाहिए।

संकुचित परिभाषा के अनुसार आततायी वध के योग्य है। संगीन अपराधी को फांसी दी जा सकती है। युद्ध में दुश्मन को मारा जा सकता है। बकरे की बलि दी जा सकती है। मछली और चिकन खाया जा सकता है। हम देखते हैं कि सारे धर्मों में अंततः संकुचित परिभाषा ही ग्राह्य है। फर्क है उस लिस्ट में जो ह्युमेन क्वालिटीज और उसके स्कोप का वर्णन करते हैं।

# तापमान वृद्धि एक वैश्विक समस्या


डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों।

तापमान वृद्धि यद्यपि वैश्विक समस्या है तथापि भारत में तापमान वृद्धि की भयावह स्थिति को देखते हुए अब बड़े-बड़े जयघोषों को छोड़कर केन्द्र में नव सरकार बनते ही इसी वर्ष से सशक्त कानून बनाएं जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में विधिवत क्रियान्वयन की नितांत आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में प्रतिवर्ष जिस द्रुतगति से तापमान बढ़ रहा है उससे अनुभव होता है अगले 10-15 वर्षों में भारत के कुछ नगर-महानगर और मैट्रो शहर जीव-मानवों के रहने योग्य नहीं रह पाएंगे।

फिर क्या करेंगे ऐसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से और क्या करेंगे कथित जयघोषित विकसित भारत से और कैसे पहुंच पाएंगे 2047 तक? जब व्यक्ति को लेने के लिए शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध नहीं हो पाएगी,जब व्यक्ति को पीने को जल नहीं मिल पाएगा और जब व्यक्ति 50-55 डिग्री सेल्सियस तापमान में जल रहा होगा। देश में बढ़ती हुई शिक्षित-प्रशिक्षित-युवा बेरोजगारी, कम होता कृषि क्षेत्र,राजनैतिक तुष्टिकरण, सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को तो तापमान वृद्धि विषय पर गौण ही कर दीजिए। भारत के कई शहर आज जल रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं और लू चलने से लोग मर रहे हैं। इनको निम्नलिखित प्रमुख कारणों से रेखांकित किया जा सकता है- देश में जनसंख्या वृद्धि,देश में 1947-50 से ही अनियंत्रित एवं अनियोजित भौतिक विकास। राष्ट्रीय राजमार्ग ,एक्सप्रेस वे तथा सड़क मार्गों के कटान में कटने वाले लाखों पेड़ों के स्थान पर सड़क मार्ग के किनारे-किनारे पौधे लगाकर उसकी भरपाई करने का कानून आजतक न होना। अगले पांच वर्ष तक टेंडर में ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय न करना न ही संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करना। बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती वाहन संख्या उनमें बढ़ता हुआ एसी प्रयोग,पैट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए प्रयोग से बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस आदि का उत्सर्जन। सीमेंट और कंक्रीट का बढ़ता हुआ प्रयोग,घरों एवं सरकारी कार्यालयों में एसी का बढ़ता प्रयोग और उससे निकलने वाली गर्मी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति सशक्त कानूनों का अभाव,वनों में आग लगाने वालों के लिए सशक्त कानून का अभाव,प्राकृतिक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन को अपनाने का प्रभाव जिस कारण खान-पान-परिधान आदि के लिए बढ़ती हुई कंपनी, कारखानों का आधिक्य,उनसे निकलने वाला धुआं, होने वाली ध्वनि विकृत तरंग आदि। प्राकृतिक,आध्यात्मिक और शांतिमय जीवन की अपेक्षा भौतिक-चकाचौंध मय जीवन को प्रधानता।

भारतीय राजनेताओं एवं उच्च वर्ग का भोग-भौतिक-विलासितापूर्ण जीवन, एक गाड़ी की जगह आगे-पीछे चलने वाली 40-50 गाड़ियां जिसमें खर्च होने वाला पैट्रोल-डीजल और उतनी गाड़ियों से निकलने वाली गैस। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है,क्रय शक्ति बढ़ रही है, वेतन-भत्ते बढ़ रहे हैं,लोगों की आमदनी बढ़ रही,जिस कारण देश की अर्थव्यवस्था भी कुछ क्षेत्रों के कारण बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का भी जोर-शोर से जयघोष दिया जा रहा है,लेकिन लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन चार-चार पृष्ठ पानी के संकट से भरे पड़े हैं। लोगों को अपनी संपत्ति तुच्छ लग रही है,उच्च वर्ग,उच्च मध्यम वर्ग गर्मी से राहत के पाने के लिए अपनी लग्जरी गाड़ियां से बद्रीनाथ,केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि पर्वतीय क्षेत्रों में आकर पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान को बढ़ाने में लगा है। कई सरकारें प्रसन्न मुद्रा में इसीलिए हैं कि उनका राजस्व बढ़ रहा है। अखबारों में वे स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं,लेकिन जरा सोचिए हम और हमारी सरकारें अपनी भविष्य के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए क्या करने में लगे हैं?

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों। स्वतंत्रता के बाद देश में नियोजित/ नियंत्रित विकास हुआ होता तो अवश्य ही देश तापमान वृद्धि में बहुत पीछे होता। विधि निर्माताओं की परवरिश माहौल के कारण आजतक देश में सशक्त कानून नहीं बन पाए। साथ ही उन लाखों देश के दल ध्वज वाहकों से भी आग्रह है कि कभी बंद कमरे में आप भी अपने साथियों से इस विपदा के विषय में बातें करें,क्योंकि इस तप्त विपदा में आप भी तप्त पीड़ित ही हैं,जो वर्तमान में अनुभव किया जा सकता है। अभी तापमान वृद्धि चरम पर है,इसीलिए केवल इसी समय जागरूक होने की आवश्यकता नहीं,अपितु आने वर्ष चौबीस घंटे प्रत्येक नागरिक को कानून के माध्यम से हो या चैतन्य स्तर से हो अब जागरूक हो ही जाना है। अन्यथा जीव मात्र का भविष्य कुछ ही वर्षों में संकट में जाएगा जिसका निराकरण तत्क्षण असंभव ही लगता है।

# ढूंढने होंगे रोजगार के अवसर


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

गर्मियों की छुट्टी बिताने आई अपनी नातिनों (ग्रैंड डॉटर्स) की जिद्द पूरी करने के लिए कई महीनों बाद मॉल का रुख करना पड़ा। बढ़े हुए तापमान से बचने के लिए गर्मियों में मॉल घूमना काफी भाता है। यही कारण है मॉल में भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ खाने-पीने के स्टाल पर थी। दूसरी ओर बड़े-बड़े सुसज्जित चमचमाते शोरूम में इक्का-दुक्का ही ग्राहक दिखे।

इन बड़े शोरूम के एक युवा कर्मचारी से उसकी दिनचर्या के विषय में जानना चाहा तो उसने बड़े निराशा जनक तरीके से बताया की वो दो साल से वहा काम कर रहा है। प्रतिदिन 12 घंटे की ड्यूटी के बदले प्रतिमाह 10000 रुपये मिलते हैं। सीजन पर अच्छी सेल होती है तो मालिक की तरफ से थोड़ा बहुत इंसेंटिव के रूप में भी मिल जाता है। माह में केवल 4 छुट्टी ही मिलती है,अगर 10 मिनट लेट हो जाओ तो छुट्टी कट जाती है। अभी शादी नहीं हुई है। मां-बाप साथ रह रहे हैं। थोड़ी सी खेती होती है इसलिए गुजारा चल रहा है। कमोबेश यही हाल दूसरे युवा कर्मचारियों का दिखा। असंगठित क्षेत्र में अन्य जगह काम करने वाला युवा किस तरह से उपेक्षित है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अक्सर मीटिंग या अन्य अवसरों पर जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं से चर्चा होती रहती है तो पता चलता है सबसे बुरा हाल होटलों, अस्पतालों, दुकानों, पटरी पर काम करने वालो का है,कितनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों में उन्हें काम करना पड़ता है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

भारत युवाओं का देश कहा जाता है। जहां जनसंख्या का 66 प्रतिशत में 35 वर्ष से कम के युवा है। भारत में श्रम बल में लाखों युवा काम कर रहे हैं,लेकिन रोजगार की संभावनाएं कम होती जा रही हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी की फोर्स में 83 प्रतिशत युवा है,जो या तो रोजगार तलाश रहे हैं या कोई छोटा-मोटा रोजगार कर गुजारा कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी की दुश्वारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों का फरमान काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ उनकी निगाह इन लोगों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश पर भी है। युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अच्छे और सम्मानजनक अवसर ढूंढने होंगे तभी उनको निराशा से बचाया जा सकेगा।

## एक नजर

### मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** एक सप्ताह पहले हुई मारपीट के मामले में कौड़िया के रामभरी गांव निवासी अनिल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी प्रशांत गुप्ता व प्रधान आरक्षी विनोद कुमार पांडेय ने की है।

### किसानों में धान के बीज का वितरण शुरू

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय पर स्थापित राज्य की कृषि बीज भंडार से किसानों को धान के बीज वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। गोदाम प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि अब तक विभिन्न गांवों को मिलाकर छह किसानों को सात कुंटल 50 किलोग्राम बीज वितरित किया गया है। शासन के निर्देश पर इस बार किसानों को अनुदान की धनराशि मौके पर ही भुगतान कर दी जा रही है।

### मछली के शिकार को लेकर की शिकायत

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर कोटहना में ग्रामीण ने एसडीएम से शिकायत कर मछली का शिकार बंद कराने की मांग की है। ग्राम फतेहपुर कोटहना निवासी मनमोहन सिंह ने एसडीएम करनैलगंज को दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम फतेहपुर कोटहना में विपक्षी रामनाथ निषाद के नाम मत्स्य का पट्टा 30 मई 2024 तक मिला था, लेकिन पट्टे की अवधि गुजर जाने के बाद भी मछली का शिकार जारी है। हर रोज करीब चार कुंतल मत्स्य का शिकार हो रहा रहा है जिससे सरकार को क्षति पहुंच रही है। इस बारे में एसडीएम भारत भार्गव ने कहा कि शिकायती पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अपने प्रत्याशी की जीत तय मान रहे समर्थक

## लोक सभा चुनाव 2024 के सातों चरण पूरे होने के बाद हर गली-नुक्कड़ पर नतीजों की हो रही चर्चा

रामपुर मथुरा, सीतापुर



राकेश राठौर।



राजेश वर्मा।



महेंद्र यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर लोकसभा क्षेत्र 30 का परिणाम आने में मात्र दो दिन बचे हैं। जनता ने किसे जीत का सेहरा पहनाया है, ये तो चार जून को ही पता चलेगा। हालांकि देखा जाये तो चुनाव में तीन प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत तय मानकर चल रहे हैं। इस लड़ाई में भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी पूरी मेहनत के साथ डेढ़ लाख पार का नारा दे चुके हैं। उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है, वहीं महमूदाबाद के पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा राकेश राठौर के समर्थन में दिन-रात एक करके महमूदाबाद से जिताने का वादा कर चुके हैं।

विधायक अनिल वर्मा लहरपुर क्षेत्र से राकेश राठौर को लोकसभा भेजने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। वैसे तो राकेश राठौर का घर सीतापुर के शहरी इलाके में है, वहां भी मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है। दो बार बसपा से दो बार भाजपा से सांसद रहे राजेश वर्मा इस लड़ाई में कहीं से भी पीछे दिखाई नहीं दे रहे हैं। वहीं तीसरे प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव पूर्व में बिसवां से भाजपा के विधायक रहे हैं, यादव व बसपा कैडर वोट के सहारे तथा सजातीय वोटों के बल पर अपने आप को काफी मजबूत मान कर चल रहे हैं। गांव व कस्बों मे दोपहर की भीषण गर्मी में बैठे हुए लोग आपस में इन्हीं चर्चाओं में व्यस्त हैं कोई किसी का समर्थक है तो कोई किसी का समर्थक है अपने-अपने समर्थकों का सभी लोग जीतने का दावा पक्का कर रहे हैं। इस बार वोटर का शांत होना इस बार बड़े-बड़े गणितिज्ञों का दिमाग काम नहीं कर रहा है कि ऊंट किस करवट बैठेगा।

देखा जाए तो इस बार बहुत ही कांटे की लड़ाई दिखाई दे रही है गांव के वोटर किसी भी तरह से अपना मुंह खोलने को तैयार नहीं है लेकिन इशारों में यह जरूर कहते हैं की लड़ाई बहुत ही कठिन है कहीं-कहीं पर बहुत पूछने पर बस इतना ही लोग बताते हैं कि सांसद जी क्षेत्र में बहुत कम आते हैं सिर्फ वोट के टाइम पर ही दिखाई देते हैं। वही राकेश राठौर भाजपा की नीतियों के कारण सत्ता को ठुकरा देना गरीब व मध्यम वर्ग में में चर्चा का विषय बना हुआ है। कस्बा रामपुर मथुरा, भगौतीपुर, बांसुरा, बहादुरगंज आदि जगहों पर चाय व ठंडा पीने के साथ यही चर्चा है हर जगह सुनाई देती है किसान जब झुंड के रूप में पिपरमेंट की गुड़ाई, गन्ने की गुड़ाई आदि करने के लिए जाते हैं तो इन्हीं चर्चाओं में व्यस्त रहते हैं, सभी अपने-अपने प्रत्याशी को जीता हुआ मानकर चल रहे हैं।

# तीन दिवसीय एकता नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

सेउता, सीतापुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार की देर शाम तीन दिवसीय 13वां एकता नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सेउता के इस्लामिया ग्राउंड किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नन्दराम गौतम ने फीता काटकर और बल्लेबाजी कर किया। प्रधान ने सभी आई हुई टीमों का परिचय भी प्राप्त किया।

आयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि नाइट टूर्नामेंट के तीन दिवसों मे जनपद ही नहीं गैर जनपदों की टीमों को आमंत्रित किया गया। प्रथम दिवस सेउता बनाम पिपरा व दूसरी पारी मे रेउसा बनाम जहांगीराबाद का मैच कराया गया। सभी मैच छः छः ओवर के कराये गये। पहले मैच के अंपायर संजय रस्तोगी व सन्तोष रस्तोगी व दूसरे मैच के अंपायर अनुभवी खिलाड़ी एराज खान रहे जबकि मैच की कमेंट्री सन्तोष जयसवाल, शकील अहमद मास्टर, महबूब अली मास्टर व स्कोरिंग अहमद हुसैन ने की। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 14,000 रूपये व उपविजेता टीम को 6000 रूपये पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे। नाइट टूर्नामेंट देखने के लिए ग्यानेश शुक्ल ,सन्तोष यादव, मतलूब अहमद, नसीम, आकाश यज्ञसैनी ,बशारत हलवाई, कौशल मौर्य आदि लोग उपस्थित थे ।

# कोटवारा फीडर से नहीं चालू हो सकी बिजली

**30 मई की शाम को तेज आंधी आने से चरमराई विद्युत व्यवस्था**

**बिलहरी, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार।** गोला पावर हाउस के अंतर्गत कोटवारा फीडर के दो दर्जन से अधिक गांवो में आंधी मे गिरे पोलो को अभी तक दुरूस्त नहीं किया गया, जिस कारण आसपास के लोग बिजली को तरस रहे है।

कोटवारा फीडर के लगभग दो दर्जन से अधिक गावां में भीषण गर्मी उपभोक्ताओं को झेलनी पड रही है। बिजली चालित उपकरण मात्र शो पीस बने हुये हैं। लोग गांव से बाहर दूर दराज पेडो के नीचे समय काटने को मजबूर हैं। आलम यह है कि उनके मोबाइल भी नहीं चार्ज हो पा रहे है। परेशान ग्रामीणों की कोई सुधि लेने वाला नहीं है। जब इस बात की जानकारी लाइनमैन, एसडीओ हाइडिल से लेनी चाही तो उनको कई बार फोन लगाने के बाद भी उनके फोन नहीं उठे।

अब ऐसे मे योगी सरकार के आदेशों की धज्जियां बिजली विभाग के आला अधिकारी उठाने मे कोई कसर नही छोड रहे है। जबकि आदेश यह है कि हर हालत मे जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर निर्बाध ग्रामीण क्षेत्रों मे बिजली सप्लाई की जायेगी।

# ऑनलाइन कमरा बुकिंग के नाम पर अयोध्या की धर्मशाला में ठगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ऑनलाइन होटल और धर्मशाला के कमरे की बुकिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा और ठगी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बरेली के श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल के साथ ठगी का आया है। उनसे अयोध्या के बिड़ला धर्मशाला में कमरा बुक करने के नाम पर पांच हजार की ठगी हुई है। पीड़ित ने साइबर क्राइम के टोल फ्री नंबर पर शिकायत के बाद नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

बरेली की श्री अग्रवाल सभा कल्याण समिति के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने फोन पर बताया कि समिति ने जुलाई माह में रामलला के दर्शन का कार्यक्रम बनाया। इसके बाद लोगों के ठहरने के लिए ऑनलाइन होटल और धर्मशाला की तलाश शुरू की। सर्च में सांई नगर न्यू कॉलोनी अयोध्या स्थित चर्चित बिड़ला धर्मशाला का संपर्क नंबर व प्रबंधक का नाम हासिल होने के बाद उन्होंने प्रबंधक संजय धाकड़ से 10 जुलाई को 24 घंटे के लिए आठ वातानुकूलित कमरों के बुकिंग की बात की। प्रबंधक संजय ने इसका कुल किराया 12160 रुपये बताकर उनको व्हाट्सअप पर क्यूआर कोड भेज कर एडवांस भुगतान मांगा। उमानाथ ने बताया कि उन्होंने पांच हजार रुपये एडवांस पेमेंट कर दिया और शेष रकम 11 जुलाई को चेक इन के समय भुगतान की बात कही। इस पर कथित प्रबंधक ने पूरी रकम जमा कराने पर ही बुकिंग पूर्ण होने की बात कही और अवशेष रकम 7160 रुपए जमा करने के लिए कहा। उन्हें दाल में कुछ काला लगा तो उन्होंने आठ की जगह तीन कमरों की ही बुकिंग करने को कहा। इस पर कथित प्रबंधक संजय ने ऐसा करने और रकम वापस करने से इंकार कर दिया।



उमानाथ अग्रवाल, अध्यक्ष श्री अग्रवाल सभा, बरेली

**बरेली के श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष हुए शिकार**

**12160 किराया बताकर एडवांस वसूल लिए पांच हजार**

### संजय नाम का प्रबंधक नहीं

श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल व मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने 28 मई को ऑनलाइन कमरा बुक किया था। उन्होंने बताया कि यहां संजय धाकड़ नाम का न तो कोई प्रबंधक है और न ही धर्मशाला की ऑनलाइन बुकिंग होती है। इसके बाद टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत की और वहां से भेजे गए लिंक के माध्यम से नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### बिड़ला धर्मशाला के संचालक बोले - ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा नहीं

राममंदिर के निर्माण और निर्माणाधीन राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद देश के विभिन्न प्रांतों ही नहीं, बल्कि विदेशों से श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आगमन बढ़ा है। इसके चलते अयोध्या में होटल और धर्मशाला के कमरों की मांग में बढ़ोत्तरी हुई है। इसी का फायदा साइबर ठग उठाने में जुटे हैं। कमरों की बुकिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। बिड़ला धर्मशाला के प्रबंधक आनंद यादव का कहना है कि अक्सर इस तरह की शिकायतें आती रहती हैं। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत भी पुलिस से की है।

बुकिंग से पहले साइट की ठीक से जांच कर लें। वेरिफाइड ऑनलाइन होटल बुकिंग साइट का ही इस्तेमाल करें। लुभावने ऑफर और कम कीमत के लालच में न फंसें। फर्जी वेबसाइट का पता लगाने के लिए यूआरएल की स्पेलिंग का मिलान करें। ठगी का शिकार होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोनकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। – **आलोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, साइबर क्राइम थाना**



स्टॉल लगाकर शर्बत पिलाते बच्चे। अमृत विचार

### स्टॉल लगाकर पिला रहे शर्बत और ठंडा पानी

**संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार :** कड़ी धूप में लोगों का हलक तर करने के लिए स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के सामने सिखों ने स्टाल लगाकर लोगों को शर्बत व ठंडा पानी पिलाने का मुहिम शुरू किया है। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार हरजीत सिंह ने बताया कि 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर हरमन्दिर साहब में एक जून से छह जून तक बच्चों व महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की याद में व अर्जन देव जी को समर्पित करते हुए ठंडा जलजीरा, शर्बत व शिकंजी का वितरण गुरुद्वारा के सामने स्टाल लगाकर किया गया। कड़ी धूप में लोग शर्बत शिकंजी को पीते दिखे। इस दौरान जसदीप सिंह, किरत सिंह, युवराज सिंह, लवप्रीत सिंह, अवल, प्रियांशु, अरमन, रोहित आदि ने सेवा दी। लोगों को शर्बत, शिकंजी, और ठंडा पानी पिलाया।

# आसमान से बरसी आग, पारा 43 पार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गर्मी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। अब तो हालत यह हो गए हैं कि लोग गश खाकर गिरकर बेहोश हो रहे हैं। कई लोगों की तो जान भी जा चुकी है। गर्मी के चलते सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। विद्युत आपूर्ति भी गड़बड़ हो गई है। लो वोल्टेज की सप्लाई होने से विद्युत के घरेलू उपकरण नहीं चल रहे हैं। कई ऐसे लोग हैं जिनको डायरिया, बुखार, पेट दर्द आदि की समस्या हो रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गर्मी का आलम यह है कि भले ही तापमान 43 सेल्सियस हो लेकिन आभास 47 सेल्सियस का हो रहा है। गर्मी का असर व्यापार पर भी देखा जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि तेज धूप होने के कारण ग्राहक घर से निकलते ही नहीं है। इसकी वजह से व्यापार चौपट होता जा रहा है। वहीं सड़क किनारे ठेले पर फास्ट फूड की दुकान करने वाले भी अच्छा खासा परेशान हैं। गर्मी के चलते उनकी भी दुकानदारी प्रभावित हो रही है। गर्मी के चलते तालाब, पोखरा में पानी सूख गया है। मवेशी पानी के लिए तरस रहे है। जंगली जानवर पानी की तलाश में गांव में आ रहे हैं। अस्पताल में भी डायरिया, बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। फिलहाल गर्मी से आमजन बेहाल है मौसम विभाग से जुड़े लोगों की मानें तो आने वाले दिन गर्मी और परेशान करेगी। सबसे बड़ी समस्या किसानों के लिए है। गर्मी अधिक होने के कारण गन्ने की फसल सूख रही है। लगातार गाने के खेत में पानी चलाना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों के लिए गर्मी परेशानी का सबब बनती जा रही है।



धूप से बचने के लिए दुपट्टे से मुंह ढंककर जातीं छात्राएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कोतवाली में लगा फ्रीजर, राहगीर बुझा रहे प्यास



कोतवाली गेट के पास लगा फ्रीजर और पानी पीते लोग। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में कोतवाली पुलिस ने फरियादियों के लिए फ्रीजर लगवाया है। जिससे कोतवाली आने लोग अपनी प्यास बुझा सकें और उन्हें इस भीषण गर्मी में कुछ राहत मिल सके। कोतवाली पुलिस ने गेट के पास फ्रीजर लगाने की बेहतरीन पहल की है, जिससे कोतवाली में आने वाले फरियादियों को इस भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध हो सके। वहीं फ्रीजर के बगल में फरियादियों को तपती धूप और भीषण गर्मी से बचाव के लिए एक टीनशेड की व्यवस्था की गई। जिसमें कुर्सी के साथ कूलर और पंखा की समुचित व्यवस्था की गई है। ताकि कोतवाली में आने वाले फरियादी 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में परेशान न होना पड़े और इधर-उधर भटकना न पड़े उसके लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। कोतवाली पुलिस द्वारा लगवाए गए फ्रीजर का आनंद जहां फरियादी उठा रहे हैं तो वहीं राहगीर इसका भरपूर लाभ उठा रहे हैं। कोतवाली के निकट बने हॉस्पिटल में आए मरीज व तीमारदारों को भी इस फ्रीजर का भरपूर फायदा मिल रहा है।

### पालिकाध्यक्ष ने ठीक करवाया ओवरहेड टैंक का खराब वॉल



वॉल की मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष हाजी जावेद। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर क्षेत्र को पेयजल आपूर्ति करने वाले प्रमुख ओवरहेड टैंक का वॉल खराब हो गया। जिससे इस भीषण गर्मी में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया। स्थानीय नागरिकों को पेयजल आपूर्ति न होने की सूचना मिलते ही पालिका परिषद अध्यक्ष जावेद अहमद ने मोहल्ला बहलोलपुर स्थित बड़ी पानी की टंकी पर पहुंचकर मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को जल्द से जल्द युद्धस्तर पर वॉल को ठीक करने के निर्देश दिये। यही नहीं पालिकाध्यक्ष हाजी जावेद स्वयं खड़े रहे और वॉल को ठीक कराकर पानी की सप्लाई बहाल करायी। इस मौके पर मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, समीर राईन, गुड्डू, आशीष पांडे, बल्लू अंसारी, सज्जाद मंसूरी, अशफाक गौरी सहित पालिकाकर्मी उपस्थित रहे।

### बीयर सेल्समैन ने की युवक की पिटाई

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना संदना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर हिण्डौरा के एक ग्रामीण युवक ने सिधौली नगर के महमूदाबाद चैराहा स्थित बीयर की दूकान के सेल्समैन पर बीयर के कैन की निर्धारित कीमत से अधिक मांगने और आपत्ति करने पर मारपीट करने व धारदार चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में ग्राम भगवानपुर हिण्डौरा निवासी पंकज कुमार ने बताया कि शनिवार को शाम लगभग साढ़े चार बजे वह महमूदाबाद चैराहा स्थित बीयर की दूकान पर बीयर लेने गया था। दूकान पर बैठे सेल्समैन ने तकरीबन 10 मिनट तक उसको बीयर नहीं दी। इस पर उसने गर्मी का हवाला देते हुए बीयर जल्दी देने को कहा। इस पर सेल्समैन ने एक खास ब्राण्ड के बीयर कैन के प्रति कैन एक सौ पचास रूपये देने को कहा। इस पर उसने आपत्ति की कि उक्त ब्राण्ड की कीमत एक सौ तीस रूपये है। इस पर वह उत्तेजित होकर बाहर निकल आया गाली-गलौज करते हुए आवाज देकर तीन अन्य लोगों को बुला लिया तथा युवक को लात घूंसों से मारने लगा।

### सामुदायिक शौचालय का सामान उठा ले गए चोर

**पलियाकलां।** मझगई क्षेत्र के गंगा पुरवा मे बने सामुदायिक शौचालय का ताला तोड़ कर अंदर घुसे चोर हैंडपंप नल की मशीन, मोटर, पाइप व बल्ब आदि सामान खोल ले गए। चोरी की जानकारी सामुदायिक शौचालय में काम करने वाली महिला ने अपने पति व प्रधान को दी। महिला के अनुसार सुबह जब वह शौचालय साफ करने पहुंची तो शौचालय में लगा सामान गायब था। ग्राम प्रधान रमाशंकर ने मझगई पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### गर्मी से निजात पाने की जुगत में बंदर



**सीतापुर।** आसमान से बरस रही भीषण गर्मी लू के थपेड़ों का सितम लगातार जारी है। 43 डिग्री तापमान के बीच आम जनमानस से लेकर जीव जंतु भी बेहाल है। तपती धूप के बीच सड़कों पर निकलने वाले लोग सिर को ढककर निकलने को मजबूर है। गर्मी के बीच मवेशियों सहित बंदरो का भी हाल बेहाल है। शनिवार को एक घर की छत पर भरे पानी की फुहारों के बीच बन्दर आसमानी आफत से निजात पाने की जुगत में जुटे हुए नजर आये है। नौतपा के आठवें दिन चिलचिलाती गर्मी से लोग बेहाल नजर आये है।। अमृत विचार

# सफाईकर्मी नियुक्त न होने से फैली गंदगी

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से वंशीपुर गांव के वाशिंदों को गंदगी संबंधी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी की नियुक्ति पूर्व में थी परंतु उसके स्थानांतरण के पश्चात किसी भी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से समस्याएं बढ़ रही है। संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र भेजकर सफाई कर्मी की नियुक्ति की मांग की है।

विकास खंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत सैदनपुर के मजरे वंशीपुर में कई माह से सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नही है। पूर्व में नियुक्त सफाई कर्मी सुनील के स्थानांतरण के पश्चात अब तक किसी की नियुक्ति नही हो सकी। ग्रामीण दिनेश कुमार ने बताया कि सफाई कर्मी के न आने के चलते जगह जगह कूड़े के ढेर लगे है। जिससे वातावरण दूषित हो रहा है। ग्रामीण ज्वाला ने बताया कि घरों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों में एकत्रित हो रहा है। और सफाई न किए जाने के चलते यह सड़क पर बह रहा है। जिससे मच्छरों की संख्या बढ़ रही है। मच्छरों के करने से संक्रामक रोगों के बढ़ने की आशंका है। भल्लू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नही हो पा रहा। इस संबंध में प्रधान सैदनपुर राम गुलाम ने बताया की इस गांव में वर्तमान समय में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नही है। व्यक्तिगत मजदूर लगवाकर सफाई करवाते है।



कूड़े से बजबजाती नाली। अमृत विचार

# ससुराल में रह रहे युवक का सड़क किनारे मिला शव

**कई घंटों बाद शव की शिनाख्त हो पाई**

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रामपुर कला क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार सुबह बिसवां-महमूदाबाद मार्ग के देवकलिया गांव और कोठीपुरवा पुल के बीच में सड़क के किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। जिससे हड़कंप मच गया। काफी संख्या में लोग जमा हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराने का प्रयास किया। कई घंटों बाद शव की शिनाख्त हो पाई। मृतक के ससुरालीजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

बिसवां-महमूदाबाद मार्ग के देवकलिया कोठीपुरवा गांव के मध्य अमरेश पुत्र रामदास निवासी तुलापुरवा की बाग के निकट शनिवार सुबह कुछ लोगों ने एक शव पड़ा देखा। जिसकी सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया। जिसकी शिनाख्त उसके ससुर मनोहर कश्यप निवासी ग्राम अलायपुर थाना सदरपुर ने अपने बड़े दामाद के रुप में की और उसका नाम रामू उर्फ रमेश निवासी महरिया थाना सदरपुर बताया। मृतक के ससुर मनोहर ने थाना रामपुर कलां में लिखित तहरीर देकर मृत्यु का सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने और उचित आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नवनीत मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। मृतक करीब 10 साल से अपने पैतृक गांव महरिया से जमीन मकान आदि बेचकर ससुराल में रह रहा था। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे अमरेंद्र 13 वर्ष तथा बेटी सोमवती 09 वर्ष की है।



घटनास्थल पर पूछताछ करती पुलिस व लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार

# गांव के पास मिला मगरमच्छ का बच्चा

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुढा भवनाथपुर में एक मगरमच्छ का बच्चा दिखने से हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने पकड़कर उसे नदी में छोड़ दिया। शुक्रवार देर रात लगभग दो बजे एक मगरमच्छ का बच्चा गांव के निकट आते हुए एक ग्रामीण ने देखा। मगरमच्छ को देखकर ग्रामीण ने शोर मचाया।

ऐसे में भारी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर मौके पर जमा हो गए और ग्रामीणों वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उपवन क्षेत्राधिकारी हरीश कुमार श्रीवास्तव, वन दरोगा राजकुमार वर्मा व वनकर्मी गोलू ने ग्रामीणों की सहायता से मगरमच्छ को पकड़कर रस्सी के सहारे गांव में लगे इंडिया मार्का नल में बांध दिया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि आजकल शारदा नहर में पानी कम होने के कारण मगरमच्छ शिकार की तलाश में बाहर निकलते हैं, मगरमच्छ अभी छोटा बच्चा है जो शिकार की तलाश में भटक कर गांव की ओर आ गया था। जिसे पकड़कर शनिवार सुबह घाघरा नदी में वनकर्मियों ने छोड़ दिया।



## एक नजर

### बिजली विभाग की पेंशन अदालत 8 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पेंशन अदालत 8 जून को आयोजित होगी। हर तीन माह में आयोजित होने वाली पेंशन अदालत उप्र. पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) मुख्यालय शक्ति भवन समेत प्रदेश के सभी डिस्कॉम मुख्यालयों पर संपन्न होगी।

### एसटीएफ ने वांछित अपराधी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विगत छह वर्ष से फरार चल रहा 50 हजार के इनामी अपराधी देवेंद्र प्रताप सिंह को शनिवार को एसटीएफ ने राजधानी के इंदिरानगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। देवेंद्र के खिलाफ अयोध्या, झांसी, उन्नाव, मैनपुरी, गाजियाबाद सहित कई जिलों के थानों में मुकदमें पंजीकृत है।

# खाते में भेजे जा सकते हैं गृहस्थी के रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़े पर 51 हजार रुपये किए जाते हैं खर्च

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या को गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले दस हजार रुपये भी सीधे खाते में भेजे जा सकते हैं। हालांकि इसका निर्णय शासन स्तर पर होना है। जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव पारित हो सकता है।

बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कुछ जिलों से गड़बड़ियों की बात सामने आई थीं। बलिया में विवाह कर चुके व्यक्ति को भी लाभार्थी दिखाया गया था। साथ ही एक कन्या को बिना विवाह के ही योजना में शामिल किया गया था। मामले का खुलासा होने पर एक अधिकारी को निलंबित किया गया था। जबकि आठ अपात्र लाभार्थियों समेत नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। योजना में फर्जीवाड़े की शिकायतें आने के बाद ही तय किया गया कि वर और वधु-पक्ष के पास-पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। पड़ोस के लोग प्रमाणित करेंगे कि वर या वधु का विवाह नहीं हुआ है। गवाही देने वालों के नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज किया जाएगा। गवाही होने के बाद ही आवेदनकर्ता के आवेदन पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### दिया जाता है गृहस्थी का सामान

एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधु के खाते में जमा होते हैं जबकि दस हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। छह हजार रुपये आयोजन के मद में खर्च किए जाते हैं। सूत्रों की मानें तो अब गृहस्थी के सामान की जगह दस हजार रुपये की धनराशि भी कन्या के खाते में भेजने पर विचार किया जा रहा है। आचार संहिता खत्म होने के बाद जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में अगर इसकी स्वीकृति मिलती है तो लागू किया जाएगा।

# गुरु जी हल करेंगे छात्रों के भविष्य के सवाल

**94** आश्रम पद्धति विद्यालयों में सहायक अध्यापक और प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर होगी भर्ती

**280** प्रवक्ता और 373 सहायक अध्यापकों के पद विद्यालयों में हैं रिक्त

आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति करने की है तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




▶▶ विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं अध्यनरत

**अमृत विचारः** समाज कल्याण निदेशालय के अधीन संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में गुरुजनों का अभाव है, इसलिए छात्रों को आशीर्वाद नहीं मिल पा रहा है। आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों के 653 पद खाली हैं। साथ ही कई जगह प्राचार्य भी नहीं हैं और कार्यवाहक के भरोसे विद्यालय चल रहा है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो सकती है। जिसके बाद गुरु जी छात्रों के भविष्य को सवांरने के लिए उनके सवालों को हल करने में मदद करेंगे।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश की व्यवस्था है। छात्र-छात्राओं को निशुल्क छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें और यूनिफार्म आदि की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है। 94 विद्यालयों में 40 सीबीएसई और 54 माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबंद्ध हैं। 32 हजार छात्र-छात्राओं के लिए प्रवक्ता के 930 और सहायक अध्यापक के 930 पद स्वीकृत हैं और इनके सापेक्ष 650 प्रवक्ता और 557 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापक के 373 पद खाली पड़े हैं।

> आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों की कमी है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रयास होगा कि जुलाई तक सभी पदों पर नियुक्ति हो जाए ताकि छात्र-छात्राओं को और बेहतर शिक्षा मिल सके। **-कुमार प्रशांत,** निदेशक, समाज कल्याण

# अंतिम चरण में भी चली सत्तापक्ष-विपक्ष में खींचतान

## वाराणसी समेत कई लोकसभा क्षेत्रों में मतदान व्यवस्था को लेकर चला आरोप-प्रत्यारोप का दौर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ कहीं पीठासीन अधिकारी तो कहीं पुलिस कर्मियों पर लगे आरोप

▶▶ वाराणसी से कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय ने लगाया नेताओं को नजरबंद करने का आरोप

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के दौरान भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चुनावी व्यवस्थाओं को लेकर खींचतान चलती रही। शनिवार को उप्र. की 13 सीट के लिए चुनाव संपन्न हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से आरोपों का दौर रहा। भाजपा की तरफ से इन सभी आरोपों का खंडन करते हुए उल्टा कई क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं पर ही अभ्रदता का आरोप लगाया।

मतदान के बीच उप्र. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व वाराणसी लोस. सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजरबंद कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अजय राय ने लिखा, वाराणसी लोस. में प्रशासन द्वारा इंडी गठबंधन के नेताओं, कार्यकर्ताओं को घर पर नज़रबंद करके मतदान को प्रभवित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लिखा, चुनाव आयोग कृपया यह संज्ञान ले कि हमारे गठबंधन के लोगों को चिन्हित करके ऐसा क्यों किया जा रहा है?

वहीं, देवरिया में सपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि वहां की तमकुही राज विधानसभा में बूथ संख्या 86 पर थाना अध्यक्ष द्वारा सपा बूथ एजेंट को बाहर कर दिया गया है। साथ ही फर्जी मतदान की आशंका है। वहीं सपा की एक एक्स पोस्ट सामने आयी जिसमें आरोप लगाया है कि मिर्जापुर लोकसभा के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 381 पर पीठासीन अधिकारी द्वारा भाजपा के पक्ष में स्वयं ही मतदान किया जा रहा है।

यह भी आरोप लगाया गया कि मिर्जापुर सीट के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 77, 78, 79 पर चौकी इंचार्ज द्वारा भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सपा के सेक्टर इंचार्ज और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गई है।

### सपा प्रमुख ने भी की शिकायत

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए दावा किया कि भाजपा की पराजय की पटकथा लिखने के साथ ही मतदाताओं ने सत्ता में आने का मार्ग सपा और इंडी गठबंधन के लिए प्रशस्त कर दिया। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी एक संदेश में कहा कि अंतिम चरण के चुनाव में सत्ता के बल पर मतदाताओं को डराने धमकाने, मतदान में बाधा डालने के साथ पोलिंग एजेंट को धमकाने या भगा देने की तमाम शिकायतें भाजपा के खिलाफ दर्ज हुई हैं। उन्होंने सवाल किया कि मिर्जापुर छानवे विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 430, 431 पर प्रशासन ने सीसीटीवी क्यों बंद करा दिया? धीमी गति से मतदान के खिलाफ आवाज उठाने पर पडरौना में पूर्व प्रधान को गिरफ्तार करा दिया गया। बलिया में भी खराब ईवीएम में मतदान कराया गया।



पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पलटवार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक पर प्रतिक्रिया दी कि वहां हार का ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम, सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग और चुनाव आयोग की भूमिका को घेरने के लिए चर्चा हुई है। शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं में साहस की कमी रही, इस कारण राहुल गांधी और अखिलेश यादव सभी 80 लोकसभा सीटों पर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाये। उन्होंने कहा कि चुनाव में जिस तरह से विपक्षी गठबंधन ने बंटवारे की राजनीति की, निम्न स्तर पर उतर कर भाषाई मर्यादायें लांघीं, उसका जवाब जनता ने भाजपा के समर्थन में मतदान करके दिया।

# लखनऊ जोन से समाप्त हुए अंतर्राज्यीय अपराधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ एससीआरबी के रिकॉर्ड में अंतर्राज्यीय माफिया का कॉलम हुआ खाली

▶▶ नए गिरोहों को पंजीकृत कर कार्रवाई कर रही पुलिस

**अमृत विचारः** लखनऊ जोन से अब अंतर्राज्यीय अपराधियों का उन्मूलन हो चुका है। इस वर्ष अंतर्राज्यीय अपराधी के तौर पर किसी पर कार्रवाई नहीं की गई। अंतर्राज्यीय अपराधी का निर्धारण करने वाले स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो का कॉलम खाली है। वहीं अगर जिलास्तरीय अपराधियों की बात की जाए तो पूरे जोन में यह संख्या 1654 हैं, जबकि अंतर्जनपदीय अपराधियों की संख्या 25 और अंतर्परिक्षेत्रीय अपराधियों की संख्या 58 है।

यह पहली बार है कि जोन में एक भी अंतर्राज्यीय अपराधी बचा है। पुलिस विभाग इसे अपनी बड़ी सफलता मानते हुए अब अंतर्परिक्षेत्रीय श्रेणी के अपराधियों के समापन पर जुटा है। विभाग ने पूरे जोन से इस श्रेणी के 58 अफराधियों पर कार्रवाई करने पर जुटा है। इस श्रेणी के सभी अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। इन अपराधियों की पूरी कुंडली पुलिस के पास मौजूद है। लगभग सभी जेल में बंद हैं। इनके खिलाफ इनकी संपत्तियों के जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी चल रही है। अंतर्परिक्षेत्रीय अपराधियों की सर्वाधिक संख्या बाराबंकी में है। यहां पर इस श्रेणी के 26 अपराधी हैं जबकि रायबरेली में 22 अपराधी सक्रिय थे। अंबेडकरनगर और सुल्तानपुर में इस श्रेणी के एक भी अपराधी सक्रिय नहीं है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि अंतर्जनपदीय और अंतर्परिक्षेत्रीय अपराधियों के गिरोह के कई सदस्य पर पुलिस जल्द ही बड़ी कार्रवाई करेगी।

### सीतापुर, रायबरेली से दो-दो, खीरी से एक गिरोह पंजीकृत

एक तरफ जहां पुलिस अपराधियों के उन्मूलन में जुटी है, वहीं नए-नए गैंगों का भी पता लगाकर उसका पंजीकरण भी कर रही है, ताकि कार्रवाई चलती रहे। इस वर्ष पुलिस ने पांच नए गैंग को पंजीकृत किया है। पहला गैंग लखीमपुर खीरी जनपद में पंजीकृत हुआ है। इस गैंग का सरगना जाबिर अंसारी पुत्र सुल्तान अंसारी है। इस गैंग में सात सदस्य हैं। वहीं दूसरा गैंग रायबरेली के थाना शिवगढ़ से जुड़ा है। इस गैंग का सरगना विजय सिंह है और बड़े पैमाने पर अवैध शस्त्र निर्माण का कार्य करता है। तीसरा गैंग भी रायबरेली से ही पंजीकृत हुआ है। यहां के सलोन थाना क्षेत्र में वांछित मनोज कुमार सरोज उर्फ नान का गैंग चौरी और नकबजनी में सक्रिय है। जबकि, सीतापुर से दो गैंग पंजीकृत हुए हैं। इस में एक नितिन उर्फ पहाड़ी का गैंग है जो मोबाइल और अन्य उपकरणों की चोरी को लेकर सक्रिय है और दूसरा संतोष कुमार पाठक का गैंग है जो की ऑनलाइन फ्राड आदि के लिए सक्रिय है।

# राहत कार्य की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भेजें, लापरवाही नहीं बर्दाश्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▶▶ मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी और हीट वेव को लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और हीटवेव से हो रही जनहानि व पशुहानि की विशेष मॉनीटरिंग करने के साथ हर हफ्ते रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यकाल में जमा करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री का मूड भांपकर अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मौसम की मार से हो रहे नुकसान और राहत कार्यों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हीट वेव को लेकर लोकभवन में शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिये कि संवेदनशील जिलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का प्रबंध किया जाए। योगी ने अधिकारियों से कहा कि भीषण गर्मी को लेकर राहत कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अति संवेदनशील शहरों में विशेष निगरानी

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मौसम को देखते हुए हर जिले में लगातार काम किया जा रहा है। तहसील स्तर पर प्रदेशवासियों को हीट वेव से अलर्ट करने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग की ओर से अति संवेदनशील शहरों में विशेष निगरानी की जा रही है। इन शहरों में जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम फील्ड में लगातार मुआयना कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए 21 तरह की जनहानियों को प्राकृतिक आपदा में शामिल किया गया। वहीं इसके 24 घंटे में भुगतान के लिये सभी जिलों को एडवांस धनराशि जारी कर दी जाती है ताकि इस तरह की स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। इसके अलावा हीटवेव से संबंधित कोई भी संकेत नजर आने पर विभाग की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की अपील की जा रही है ताकि उनका समुचित इलाज कराया जा सके। साथ ही हीटवेव पर जनहानि पर 4 लाख का मुआवजा देने का प्रावधान है।

# हीट वेव के चलते समरकैंप का नहीं होगा आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊः** मौजूदा समय में जानलेवा हीट वेव को देखते हुए कक्षा एक से 12 तक सभी स्कूलों में समर कैंप के आयोजन का निर्णय अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी कर दिया है। शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गतिविधियों का संचालन और समर कैंप के आयोजन के निर्देश थे जिसके क्रम में सभी विद्यालयों में भी 5 जून से 12 जून तक समर कैंप के आयोजन का आदेश दिया गया था, लेकिन अब अत्यधिक गर्मी के कारण समर कैम्प का आयोजन अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

**आगे लिया जायेगा निर्णयः** अधिकारियों ने बताया कि अभी हीटवेव के चलते आदेश स्थगित किया गया है। अगले एक दो सप्ताह में जैसे ही स्थिति सामान्य होगी तब फिर से समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए जायेंगे।

# गंगाजल की गुणवत्ता सुधरी, डॉल्फिन और कछुओं की आबादी बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▶▶ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गंगा नदी में प्रदूषण पर केंद्रित एक रिपोर्ट में दावा

**अमृत विचारः** नमामि गंगे का दूसरा चरण पूरा होने पर गंगा में प्रदूषण का स्तर तो कम होगा ही जलधारा भी निर्मल होगी। यही नहीं सीवरेज क्षमता में भी 3,108 एमएलडी तक की अभूतपूर्व वृद्धि होगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा गंगा नदी में प्रदूषण पर केंद्रित एक रिपोर्ट जल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार को इशारा करती है। ऐसे में गंगा नदी में डॉल्फ़िन, ऊदबिलाव और कछुओं की आबादी भी बढ़ी है।

सीपीसीबी की रिपोर्ट की मानें तो बॉयोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) की मात्रा मानक के अनुसार पायी गई। इससे स्पष्ट होता है कि नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर भी निर्धारित मानकों के भीतर है।

दरअसल, नमामि गंगे योजना 2014 में शुरू हुई थी। इसके तहत गंगा समेत इसकी सहायक नदियों में प्रदूषण कम करने और सीवरेज क्षमता बढ़ाने पर खासा ध्यान दिया गया। इसी को लेकर अब आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर और सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट एंड स्टडीज (सी-गंगा) के संस्थापक डॉ. विनोद तारे ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सीवेज उपचार के लिए अपनाई गई सभी तकनीकें निर्धारित मानकों के अनुसार फेकल कोलीफॉर्म का उपचार करने में सक्षम हैं।

डॉ. विनोद तारे ने बताया कि अभियान के परिणामस्वरूप गंगा बेसिन के भीतर जलीय जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा बेहतर जल गुणवत्ता और सीवरेज बुनियादी ढांचे में सुधार ने नदी में जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

## वर्ग पहेली-88

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतों
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहाँ चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।




### वर्ग पहेली -87 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

### सुडोकू-1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 4 | 8 | | |
| 5 | | 9 | | | 3 | | 6 | |
| | 3 | | 9 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | | | | 9 | | 2 |
| 3 | 9 | | | | | | 1 | 7 |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | 2 | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | 5 | | | | | 9 |

### सुडोकू -166 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 3 जून 02.41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष:** आज भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। लोग आपको गुस्सा दिलाने का प्रयास करेंगे। गुप्त शत्रु आपको काफी लंबा नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। ऋण लेने के कारण आपको परेशानी महसूस होगी।

**वृष:** आज परिवार का माहौल बहुत अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी में आय बढ़ने की संभावना बन रही है। बच्चों को लेकर कोई समस्या दूर होगी। परिस्थितियों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज प्रबंधन से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। परिजन आपसे किसी गंभीर मामले पर चर्चा कर सकते हैं। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मन में किसी बात को लेकर असुरक्षा हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज घर के बुजुर्ग आपसे काफी खुश रहेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। धूप में निकलने से बचें। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। प्राचीन विद्याओं को सीखने की रुचि मन में हो सकती है।

**सिंह:** आज कार्यक्षेत्र में डाटा अथवा सूचनाओं में त्रुटियां हो सकती हैं। अपने कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी क्षमता से ज्यादा काम न करें। इससे एक तो आपके काम रुकेंगे दूसरा आपकी विश्वसनीयता में भारी कमी आ सकती है।

**कन्या:** आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। नए कार्यों की शुरुआत की योजना बना सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला:** आज अपने विरोधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखना आवश्यक है। किसी अपरिचित व्यक्ति से आपको काफी मदद मिल सकती है। आप जॉब को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मन में अज्ञात भय रहेगा। स्थान परिवर्तन को लेकर परिवार में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक:** आज व्यापारी अपने ग्राहकों को लेकर थोड़े कठोर हो सकते हैं। स्वार्थी भाव रखने के कारण कुछ लोग आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक मामलों को तूल न दें। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु:** आज व्यक्तिगत कार्यों के लिए आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। घर के सदस्य भी असंतुष्ट हो सकते हैं। अपने घर की चर्चा बाहर वाले लोगों से करना उचित नहीं होगा। विरोधी आपका नुकसान करने की योजना बना सकते हैं।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। यदि आप अपने प्रेमी को विवाह के लिए प्रपोज करना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। संतान की उन्नति पर गर्व होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आपका प्रभाव मजबूत होगा।

**कुंभ:** आज आप कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क करना चाहेंगे, किंतु ध्यान रखें गुप्त बातों को शेयर न करें। अनिर्णय की स्थिति में हैं तो अपने मित्रों से सहयोग ले सकते हैं। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया न करें। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे।

**मीन:** आज घर पर रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति पर निवेश करने के लिए समय शुभ है। नया कारोबार शुरू करने में सहयोगियों की मदद मिलेगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। कुछ अच्छी सूचनाएं मिलने से आपकी चिंता दूर होगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 3 जून 01.40 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लोहा — सुबह : 09.23
- गुरुदेव — शाम : 04.26

SONY MAX
- आजा नचले — सुबह : 09.50
- हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.00

SONY PIX
- स्पाइडर मैन — सुबह : 10.29
- द अनहोली — रात : 07.26

ZEE CINEMA
- रॉकस्टार — सुबह : 10.00
- आप तो ऐसे न थे — रात : 07.20

colors CINEPLEX
- जॉनी दुश्मन — दोपहर : 12.05
- स्पाई — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां-बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है?
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- भाई समोसा खाएगा?
मिंटू- नहीं, आज मेरा व्रत है।
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है।
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना

# मृत्यु से पहले दिया गया प्रामाणिक बयान दोषसिद्धि का हो सकता है एकमात्र आधार

## कांस्टेबल की पत्नी की हत्या का मामलाः सजा बरकरार रखते हुए न्यायालय ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालत को विश्वास दिला सकने वाले 'मृत्यु-पूर्व प्रामाणिक बयान' पर भरोसा किया जा सकता है और यह बिना किसी पुष्टि के किसी आरोपी को दोषी ठहराने का एकमात्र आधार हो सकता है। महाराष्ट्र के बीड जिले में 22 साल पहले पुलिस कांस्टेबल पत्नी की हत्या के मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की सजा बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

अदालत की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार न्यायालय ने कहा कि अदालत को मृत्यु-पूर्व बयान की सावधानीपूर्वक पड़ताल करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सुसंगत एवं विश्वसनीय हो तथा किसी के सिखाने पर न दिया गया हो। इसने कहा-जब मृत्यु-पूर्व दिया गया बयान प्रामाणिक और अदालत को विश्वास दिला सकने वाला हो तो उस पर भरोसा किया जा सकता है तथा यह बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा-हालांकि, इस तरह के मृत्यु-पूर्व बयान को स्वीकार करने से पहले अदालत को संतुष्ट होना चाहिए कि यह स्वेच्छा से दिया गया है, सुसंगत और विश्वसनीय है तथा किसी के सिखाने पर नहीं दिया गया है। एक बार जब इस तरह के निष्कर्ष पर पहुंच लिया जाए तो जैसा कि पहले भी कहा गया है कि यह सजा का एकमात्र आधार बन सकता है। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि महिला के साथ उसके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने क्रूरता की थी। उसके हाथ-पैर बांधकर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई।



### फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने भी रखा था बरकरार

निचली अदालत ने 2008 में पति को हत्या के मामले में दोषी ठहराया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी तथा 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने महिला के मृत्यु-पूर्व बयान को वैध सबूत के रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सबूतों पर गौर करने के बाद इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि अपीलकर्ता अपराध करने का दोषी है। इसने कहा कि अपीलकर्ता को अपनी सजा पूरी करने के लिए दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है।

### न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का किया पुनर्गठन

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्यीय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं।

### मतदाता जागरूकता की निकली सवारी...




लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान के दौरान शनिवार को पटना में मतदाता जागरुकता संबंधी नारे लिखे रिक्शे पर सवार होकर जातीं युवतियां। ● एजेंसी

## एक नजर

### पंजाब में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के अजनाला में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता दीपिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और इस घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर अजनाला के लखुवाल गांव में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। अजनाला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बलबीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात जब कुछ लोग घर के बाहर बैठे थे उस दौरान यह घटना हुई।

### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में कल देर रात आग लग गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आग पुलिस उपायुक्त कार्यालय तक फैल गयी जो थाना परिसर के समीप ही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12 :45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आयी जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन थाने के 15 कमरे एवं पुलिस बैरक आग में क्षतिग्रस्त हो गए।

## अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 3 जून को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को राष्ट्रीय राजधानी के लिए जारी करे, ताकि यहां का जल संकट दूर किया जा सके। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा मामले की सुनवाई किये जाने की संभावना है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया है।

## मोदी ने बेटी बचाओ... का नारा दिया, पर प्रज्वल पर चुप्पी नहीं तोड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने उठाया सवाल

कांग्रेस ने यौन शोषण मामले में कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए राज्य सरकार को बधाई देते हुए शनिवार को इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी को लेकर सवाल खड़े किए।

पार्टी की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा जरूर दिया, लेकिन इस संगीन मामले पर अब तक वह कुछ नहीं बोले और यहां तक कि आरोपी सांसद के लिए लोकसभा चुनाव में वोट भी मांगे। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने प्रज्वल को गिरफ्तार किया है। लांबा ने संवाददाताओं से कहा-हम कर्नाटक सरकार को बधाई देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने प्रज्वल रेवन्ना पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है।

## अदालत ने राहुल गांधी को 7 जून को पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु, एजेंसी

### मानहानि मामला

- कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व शिवकुमार को दी जमानत



भाजपा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को सात जून को अदालत में पेश होने को कहा गया है।

कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था। सिद्धरमैया और शिवकुमार बेंगलुरू में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं।

कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नयी दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी में पूरी की ध्यान साधना

कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की।

ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गए और बाद में वह तट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मोदी ने 30 मई को यहां पहुंचने पर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय सूर्य अर्घ्य दिया। सूर्य अर्घ्य के तहत भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। ध्यान साधना के लिए प्रधानमंत्री की कन्याकुमारी यात्रा का तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने विरोध किया।

प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने आरोप लगाया कि पर्यटकों को उस क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे स्थानीय व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थगई ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा-कोई व्यक्ति 14 कैमरों के सामने बैठकर ध्यान कैसे कर सकता है? क्या यह ध्यान है? यह ध्यान साधना चुनावी राजनीति को ध्यान में रखकर की गई है। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कन्याकुमारी में तिरुवल्लुवर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। ● एजेंसी

### कटरा में तंबाकू की बिक्री, रखने और सेवन करने पर लगी रोक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के पवित्र कटरा शहर के उप-मंडल में प्रशासन ने सभी तरह के तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने, रखने और सेवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शनिवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, कटरा शहर श्री माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है और हर साल एक करोड़ से अधिक लोग यहां आते हैं। कटरा शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए कटरा शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री करने, रखने और सेवन पर पहले से ही प्रतिबंध है और अब तंबाकू पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# शीर्ष 100 कंपनियां अफवाहों की बताएंगी सच्चाई

## सेबी का यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए भी होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा।

सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि सेबी की यह पहल अफवाह सत्यापन ढांचे को मजबूत करने और एक निष्पक्ष बाजार हासिल करने में मदद करेगी। इससे भारत दुनिया भर के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा बाजार बन जाएगा।

बाजार की अफवाहें स्टॉक की कीमतों में महत्वपूर्ण अस्थिरता का कारण बन सकती हैं, जिससे अक्सर ऐसे लेनदेन होते हैं जो किसी कंपनी के वास्तविक मूल्य को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। ये अफवाहें प्रबंधन परिवर्तन, ऑर्डर रद्दीकरण या वित्तीय स्वास्थ्य से जुड़ी हो सकती हैं।



### शेयरचैट, अन्य ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर आईएएमएआई की दलीलों का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मैट्रिमोनी डॉट कॉम और शेयरचैट उन चार कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि वे डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर उद्योग निकाय आईएएमएआई की दलीलों से सहमत नहीं हैं। गौरतलब है कि चारों कंपनियां आईएएमएआई की सदस्य हैं। इनका दावा है कि आईएएमएआई की दलीलें पूरे डिजिटल स्टार्टअप इकोसिस्टम या 540 से अधिक इसके सदस्यों की राय को नहीं दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के केवल एक छोटे से हिस्से ने मसौदा डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक (डीसीबी) के पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध और पश्चात नियमन व्यवस्था को जारी रखने से स्थापित खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और नवाचार को दबाने का मौका मिलेगा। पूर्व नियमन से तात्पर्य ऐसे नियमों से है, जो बड़े मंचों को कुछ खास तरह के आचरण में शामिल होने से पहले ही रोक देते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में कॉरपोरेट मामलों के सचिव मनोज गोविल को भेजे गए पत्र पर मैट्रिमोनी डॉट कॉम के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन, होइचोई के सह-संस्थापक विष्णु मोहा, मैच ग्रुप के अधिकारी मॉर्गन कॉविन आदि ने हस्ताक्षर किए थे।

### तिलहन और दलहन फसलों में उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता

**उदयपुर।** राजस्थान में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है ।

डॉ कर्नाटक ने यह विचार यह तिलहनी फसलों में अनुसंधान को गति प्रदान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि एमपीयूएटी ने कहा कि हमारे राष्ट्र ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है, लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है।

## यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों का समाधान नहीं है वर्क फ्रॉम होमः चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीसीएस के चेयरमैन ने कहा-लोगों को शिक्षित करने की है जरूरत



देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों से बचने के लिए घर से काम करना (वर्क फ्रॉम होम) कोई समाधान नहीं है। इसकी बजाय इस मामले में लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान टीसीएस कर्मचारियों द्वारा रिपोर्ट की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों की कुल संख्या 110 रही जो पिछले वर्ष 49 थी। हालांकि, आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि 2023-24 के आंकड़ों में कर्मचारियों की ओर से विश्व स्तर पर रिपोर्ट किए गए आंकड़े शामिल हैं जबकि 2022-23 के आंकड़े भारतीय परिचालन से जुड़े हैं।

टीसीएस में 152 देशों के 6,01,546 कर्मचारी काम करते हैं, इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी 35.6% है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में एक शेयरधारक की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस जैसी बड़ी कंपनी में ऐसे मामलों की इतनी संख्या हो सकती है। आगे उन्होने कहा कि ऐसे मामलों का सामधान वर्क फ्राम होम से नहीं बल्कि लोगों को शिक्षित करने से ही संभव है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,600 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 90,100। |

## अडाणी पोर्ट ने तंजानिया का प्रमुख कंटेनर बंदरगाह 30 साल के लिए लिया

अहमदाबाद / अबू धाबी, एजेंसी

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के पूर्ण स्वामित्व की कंपनी अडाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाहर में कंटेनर टर्मिनल-2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडाणी पोर्ट्स की एक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया, दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है। चार बर्थ वाले कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक माल लादने-उतारने की क्षमता 10 लाख कंटेन (20फुटे कंटेनर) है। इस टर्मिनल से 2023 में 8.2 लाख कंटेनरों की आवाजाही हुई थी जो तंजानिया में कुल कंटेनर की आवा-जाही का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है। ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईगल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है।

### कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटकर 5,200 रुपये प्रति टन

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 5,700 रुपये से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दरें एक जून से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। यह कर ऊर्जा कंपनियों के मुनाफे पर लगाया जाता है।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री चुनावों के कारण रही धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मारुति और हुंदै मोटर इंडिया के वाहनों के बिक्री में थोड़ी रही बढ़ोत्तरी



भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मई में मामूली वृद्धि देखी गई। इसका कारण उच्च आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण मांग में कमी रहा। कंपनियों से डीलरों तक कुल यात्री वाहन आपूर्ति पिछले महीने चार प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,50,257 लाख इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,35,436 इकाई था।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में कुल बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी। कंपनी ने पिछले महीने शुरुआती स्तर की और कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में सालाना आधार पर गिरावट देखी। बहुपयोगी वाहनों- ब्रेजा, ग्रैंड विटारा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 की बिक्री मई में बढ़कर 54,204 इकाई हो गई, जो मई, 2023 में 46,243 इकाई थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा-इस बात पर चर्चा हुई है कि इस साल वृद्धि दर बहुत अधिक नहीं होगी। उच्च आधार प्रभाव के कारण यह एकल अंक में रहेगी। दूसरी बात, चुनाव थे और भीषण गर्मी का भी मई में कुल बिक्री पर असर पड़ा। कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी। इसकी प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) की मई में घरेलू वाहन बिक्री में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# बाइडेन का दावा- इजराइल ने सीजफायर प्रस्ताव स्वीकारा

वाशिंगटन, एजेंसी

- कहा-अब जंग रोकने का वक्त आ गया, हमास में इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को दावा किया कि इजराइल ने एक नए सीजफायर प्लान को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइडेन ने कहा कि हमास अब इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं रखता है। इजराइल ने कहा है कि वो सभी बंधकों की रिहाई के बदले जंग खत्म करने को तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बीच इजराइल का समर्थन करने पर बाइडेन की काफी आलोचना हो रही है। इस बीच व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम से उन्होंने कहा, अब जंग खत्म करने का वक्त आ गया है। बाइडेन ने कहा कि इजराइल ने जंग रोकने के लिए प्रोपोजल दिया है। हमास भी सीजफायर की मांग कर रहा है। यही वक्त है कि वो ये साबित कर दें कि वे सच में सीजफायर के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक हमास-इजराइल के बीच किसी भी तरह की सीजफायर बाइडेन की चुनावी कैंपेन में अहम भूमिका निभाएगी। ये उनकी फिकी पड़ती चुनावी कैंपेन को नया जीवनदान देगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस बात की भी काफी संभावनाएं हैं कि नेतन्याहू सीजफायर की बात से मुकर जाएं।

# अफगानिस्तान में नाव दुर्घटना में आठ की मौत, पांच लापता

**जलालाबाद।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार की एक नदी में शनिवार को नाव पलट जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य लापता हो गये । एक स्थानीय अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

प्रांतीय सूचना विभाग के प्रमुख कुरैशी बडलून ने बताया कि दुर्घटना शनिवार सुबह हुई, जब नाव मोमंद दारा जिले के बसोल इलाके में नदी पार करते समय डूब गयी। उन्होंने बताया कि नाव में 26 लोग सवार थे। श्री बडलून ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की डूबने से मौत हो गयी। नाव में सवार 13 लोगों को बचा लिया गया, जबकि पांच अन्य लापता हैं। यात्रियों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। उन्होंने बताया कि अब तक आठ शव बरामद किये गये हैं।लापता लोगों की तलाश जारी है।

# किशोरावस्था में धूम्रपान की लत मौत को निमंत्रण



विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग तीन करोड़ 70 लाख बच्चे तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। 2023 में, ई-सिगरेट अमेरिका में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.7% मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों ने ई-सिगरेट के उपयोग की सूचना दी थी। सिगरेट अगला सबसे आम था, 1.6% माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने में इसका सेवन किया था। शोध से पता चलता है कि ज्यादातर लोग तंबाकू का सेवन बचपन से ही शुरू कर देते हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय में सामाजिक और व्यवहार विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर जॉन-पैट्रिक अल्लेम ने कहा मैं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हूं जो उन विभिन्न तरीकों का अध्ययन करता है जिनसे निगम किशोर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, वर्तमान परियोजनाएं किशोरों और युवा वयस्कों के बीच तंबाकू मार्केटिंग के जोखिम के स्रोतों की पहचान करने पर केंद्रित हैं।

### धूम्रपान दिमाग पर डालता है असर, हर अंग के लिए हानिकारक

धूम्रपान मानव शरीर के हर अंग के लिए हानिकारक है और अन्य समस्याओं के अलावा कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग का कारण माना जाता है। ई-सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों में मौजूद निकोटीन, किशोरों के मस्तिष्क के विकास के लिए हानिकारक है। किशोर मस्तिष्क प्रारंभिक वयस्कता में विकसित होता है, विशेषकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में। मस्तिष्क का यह हिस्सा उच्च संज्ञानात्मक विकास में शामिल है, जिसमें ध्यान, स्मृति और संज्ञानात्मक लचीलेपन से संबंधित कार्य शामिल हैं। शोध से पता चला है कि निकोटीन के संपर्क से मस्तिष्क में दीर्घकालिक कार्यात्मक और संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं। दशकों के शोध से पता चला है कि कैसे तंबाकू कंपनियां अपने व्यवसाय को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वर्षों तक तंबाकू उत्पादों की मार्केटिंग करती रहीं।

### जागरुकता बढ़ाने की जरूरत

बच्चों और किशोरों को उन संदेशों से बचाने के लिए सिगरेट और ई-सिगरेट मार्केटिंग पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित करना होगा जो उन्हें धूम्रपान और वेपिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए हर जगह अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। अधिकांश माता-पिता, शिक्षक और अन्य प्राधिकारी शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा किस हद तक ऑनलाइन तंबाकू सामग्री के संपर्क में हैं, जिसमें तंबाकू विज्ञापन और सोशल मीडिया पर सहकर्मी-जनित पोस्ट शामिल हैं जो तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाते हैं।

### बदल रहा मार्केटिंग का तरीका

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिये तंबाकू कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पत्रिकाओं, बिलबोर्ड और खुदरा स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों से ऑनलाइन चैनलों में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे युवा लोगों की ओर से स्क्रीन पर बिताए जा रहे समय का फायदा उठाया जा रहा है। तंबाकू कंपनियों ने ब्रांडेड सोशल मीडिया अकाउंट पेजों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद से ऑनलाइन तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाने में मदद की है।

## एक नजर

### ज़िज़ांग के नागकू में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया

**बीजिंग/ल्हासा।** दक्षिण पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र में नागकू शहर के न्यिमा काउंटी में शनिवार सुबह 8:46 बजे (बीजिंग समय) 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 34.14 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 86.36 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 8 किमी की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र न्यिमा काउंटी सीट से 275 किमी दूर और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से 672 किमी दूर स्थित है।

### ड्रोन हमले में अमेरिका समर्थित 4 लड़ाके मारे गये

**सीरिया।** उत्तरी सीरिया में शुक्रवार शाम को तुर्की के ड्रोन हमले अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गये जबकि 11 नागरिक घायल हो गये। कुर्द की अगुवाई वाले बल ने यह जानकारी दी। अमेरिका समर्थित एवं कुर्द की अगुवाई वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) पर इस हमले से एक दिन पहले ही तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा था कि कुर्द की अगुवाई वाले समूह यदि स्थानीय चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो उनकी सरकार उन पर कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी ।

### ईरान ने अधिकारियों ने प्रतिबंधों की निंदा की

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शुक्रवार को कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। कनानी ने कहा कि यूरोपीय संघ ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए इजरायल को दंडित करने के बजाय, कुछ ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं को अपनी प्रतिबंधों की सूची में शामिल किया था जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी और प्रभावी थे।

### मिशेल ओबामा की मां मारिया का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ व्हाइट हाउस में ही रही थीं। 'व्हाइट हाउस' अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है। मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी।

# दक्षिण अफ्रीका में बहुमत पाने से चूकी एएनसी पार्टी

## रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने 30 साल बाद गंवाया बहुमत

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

- पहली बार बनेगी गठबंधन सरकार, राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है

दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को हुए आम चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। यहां हुए ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया। चुनाव के लिए 99.5 प्रतिशत मतगणना हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40% से अधिक मत मिले है जो बहुमत से कम है।

राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया। निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की औपचारिक रूप घोषणा नहीं की है। विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही,



बहुमत न मिलने से निराश एएनसी के नेता।

लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी। राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। इस परिणाम से दक्षिण अफ्रीका में एएनसी का तीन दशक से चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया, लेकिन अफ्रीका की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्था के लिए आगे का रास्ता जटिल है क्योंकि अभी तक कोई गठबंधन सहयोगी वार्ता के वास्ते तैयार नहीं है। मुख्य विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक अलायंस को लगभग 21 प्रतिशत वोट मिले। पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की नई एमके पार्टी अपने पहले चुनाव में 14 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से दूर

सरकार बनाने के लिए वार्ताओं का दौर शुरू होने वाला है और संभवत: वे जटिल होंगी। एमके पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए उनकी शर्तों में से एक यह है कि रामाफोसा को एएनसी नेता और अध्यक्ष के पद से हटा दिया जाये। एमके पार्टी के प्रवक्ता नहलामुलो एन्डलेला ने कहा हम एएनसी के साथ बातचीत करने को तैयार हैं, लेकिन सिरिल रामाफोसा की एएनसी के साथ तैयार नहीं हैं। राष्ट्रीय चुनाव में 50 से अधिक पार्टियों ने भाग लिया था। एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से बहुत दूर है और ऐसी संभावना है कि उसे तीन मुख्य विपक्षी दलों में से किसी एक से संपर्क करना होगा।

# साइबर ठगों ने नोएडा के व्यवसायी से नौ करोड़ ठगे

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यवसायी से 9.9 करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस अनुसार, एक महीने पहले पीड़ित को व्हॉट्सऐप समूह में जोड़ा गया था और फिर एप डाउनलोड करा शेयर बाजार कारोबार में फर्जी मुनाफे का लालच देकर ठगी को अंजाम दिया गया।

उसने बताया कि शुक्रवार को सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कारोबारी के खाते में 1.62 करोड़ रुपये के लेनदेन को रोक दिया गया है। उसने बताया कि जांच जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध पुलिस थाना) विवेक रंजन राय ने कहा सेक्टर-40 ब्लॉक-बी के रजत बोथरा ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को उन्हें व्हॉट्सऐप समूह पर जोड़ा गया।

समूह में शेयर बाजार कारोबार के मुनाफे के बारे में बताया जाता था। उन्होंने 27 मई तक शेयर बाजार कारोबार में 9.09 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, इसके बाद उनका (ट्रेडिंग) खाता बंद हो गया। राय ने कहा जब हमें शिकायत मिली तो हमने तुरंत जांच शुरू कर दी और हम उनके बैंक खाते से 1.62 करोड़ रुपये का लेन-देन रोकने में कामयाब रहे।

## पुणे कार हादसा

# रक्त के नमूने बदलने पर नाबालिग की मां गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

- पुलिस ने मां की मौजूदगी में नाबालिग से एक घंटे पूछताछ की

पुणे पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे।

पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे 5 जून तक रखा गया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर पूछताछ करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने मामले में गहन जांच का दिया आश्वासन

**जबलपुर।** पुणे में नाबालिग चालक की पोर्श गाड़ी से हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाली आईटी पेशेवर अश्विनी कोष्टा के पिता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जबलपुर भेजे गए विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) ने मुख्यमंत्री शिंदे से फोन पर बात कराई। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को तेज रफ्तार पोर्श कार ने मध्य प्रदेश की निवासी 24 वर्षीय अश्विनी कोष्टा और उसके दोस्त अनीश अवधिया की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

# अमेरकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाला छात्र बाइडेन से मिला



**वाशिंगटन।** स्क्रिप्प्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के चैंपियन ब्रुहत सोम समेत फाइनल में जगह बनाने वाले सात अन्य प्रतिभागियों को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया गया जो इन किशोर प्रतिभाओं के लिए जीवन का अहम अनुभव रहा।

फ्लोरिडा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रुहत (सातवीं कक्षा के विद्यार्थी) को बृहस्पतिवार को स्क्रिप्प्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक दिन बाद, उन्हें व्हाइट हाउस ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनसे मुलाकात की।

पीली टी-शर्ट और माथे पर लाल तिलक लगाए ब्रुहत के साथ सात अन्य प्रतिभागी और उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फाइनल में जगह बनाने वाले चार अन्य प्रतिभागी भी भारतीय अमेरिकी हैं।

# चीन ने ताइवान को दी धमकी कहा- कभी आजाद नहीं होने देंगे

बीजिंग, एजेंसी

- केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ने दिया बयान

चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जिंग जियानफेंग ने शनिवार को कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान को कभी भी स्वतंत्र होने या अलग होने की अनुमति नहीं देगी।

सिंगापुर में आईआईएसएस शांगरी-ला डायलॉग के मौके पर जिंग ने यह बयान दिया। ताइवान की आजादी युद्ध के समान है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पीएलए सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी। साथ ही पुनर्एकीकरण को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सेना चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। इससे पहले दिन में चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून ने शांगरी-ला डायलॉग के इतर अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने ताइवान जलडमरूमध्य में चीन की नवीनतम गतिविधियों, यूक्रेन के आसपास की स्थिति और अंतरिक्ष पर चर्चा की।

## पासिंग आउट परेड



चेन्नई के ताम्बरम वायु सेना स्टेशन पर संयुक्त पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर वायु प्रशिक्षु ने सलामी दी। 234 महिलाओं सहित 1983 अग्निवीर वायु प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। ● एजेंसी

# अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित

सिंगापुर, एजेंसी

- अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा- दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आएगी

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है तथा दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आयेगी। ऑस्टिन ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में एक प्रतिनिधि के प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की।

हर साल सिंगापुर में आयोजित होने वाला सांगरी ला डायलॉग एशिया का एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा फिलहाल भारत के साथ जो हमारा संबंध है, वह पहले जितना ही अच्छा या उससे भी बेहतर है। उन्होंने कहा हम भारत में बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है। इसलिए मैं मानता हूं कि जो गति मुझे नजर आती है, वह न केवल बनी रहने वाली है बल्कि एक वक्त पर इसमें तेज भी आएगी।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संबंध में ऑस्टिन ने कहा इस क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ मिलकर हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं तथा अपने रक्षा उद्योग को बेहतर तरीके से एकीकृत कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अहम भूमिका निभाता रहेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# कार्तिक आर्यन के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा : कबीर

**मुंबई।** अभिनेता कबीर का कहना है कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। इस फिल्म में कबीर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी हो गई है। कबीर ने कहा भूल भुलैया 3 में काम करना किसी रोमांच से कम नहीं रहा है। हमने फिल्म बनाने में जीजान लगा दी है। मुझे यकीन है कि फिल्म दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।

# बिग बॉस ओटीटी-3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट करेंगे। जिसकी अनाउंसमेंट हो चुकी है। इस बार सलमान खान किन्हीं कारणों से होस्ट करेंगे। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरे सीजन जल्द शुरू होने वाला है, जिसका प्रोमो सामने आ चुका है। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर प्रीमियर होने के लिए तैयार है। शो के प्रोमो और टीजर में अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस का आजाग जून में ही होगा।

# आईएसआईएस संदिग्धों का आका गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। डेली मिरर पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था और उसका एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें जनता से उसके बारे में जानकारी मांगी गई थी। पुलिस ने बताया कि माना जाता है कि उस्मान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था।

## खगोल विज्ञान | जलवायु परिवर्तन को लेकर भौतिकी शोध में किया गया दावा

# जलवायु को प्रभावित करने में गुरुत्वाकर्षण बड़ी वजह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे जलवायु में बदलाव आ रहे हैं, वैसे वैसे पृथ्वी व अन्य ग्रहों के बीच चेताने वाले शोध सामने आ रहे हैं। हाल में भौतिकी आधार पर हुए शोध में सामने आई जानकारी के अनुसार गुरुत्वाकर्षण मंगल और पृथ्वी पर जलवायु व समुद्री धाराओं में बदलाव लाने का बड़ा कारण है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय और पेरिस में सोरबोन विश्वविद्यालय के भू-वैज्ञानिकों ने भौतिक आधार पर साक्ष्य जुटाए हैं। जिसमें बताया गया है कि पृथ्वी और मंगल की कक्षाओं में 2.4 मिलियन वर्ष में बदलाव आता है। जिस कारण जलवायु में बड़ा परिवर्तन आता है। दरअसल गुरुत्वाकर्षण के कारण गर्म महासागरों के परिणामस्वरूप गहरा परिसंचरण अधिक तीव्र होता है।



पृथ्वी और मंगल गृह की तस्वीर। ● अमृत विचार

ध्यान रहे कि मंगल ग्रह में भी कभी गहरे विशाल सागर नदियां बहा करती थी, जो आज समाप्त हो चुके हैं। यह शोध नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है। इस खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन गहरे समुद्र के कोर में खुदाई करनी पड़ी। इससे पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव की जानकारी जुटाई गई। इससे समुंदर की जलधराओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जो जलवायु परिवर्तन में गहरा असर डाल सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह मंगल और पृथ्वी के बीच जुड़े गुरुत्वाकर्षण है, जो एक दूसरे की कक्षा को प्रभावित करती हैं।

सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एड्रियाना डुट्किविज़ का कहना है कि गहरे समुद्र तलछटी में 2.4 मिलियन वर्षीय चक्र के दौरान मंगल और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की परस्पर क्रिया के चक्रों से गहरे जुड़े हुए हैं, जो मंगल व पृथ्वी के गहरे समुद्र की धाराओं को मजबूत और कमजोर करता है। बहरहाल पृथ्वी की जलवायु के भविष्य के लिए मंगल व शुक्र ग्रह पर शोध करने होंगे।

### कहां गायब हुआ मंगल का वातावरण

वैज्ञानिक मानते हैं कि कभी मंगल पर पृथ्वी की तरह वातावरण रहा होगा और जलवायु पृथ्वी की तरह रही होगी, बारिश व बर्फबारी भी होती होगी। तभी नदियां बहा करती होंगी। मगर अब मंगल वीरान हो चुका है। इसकी वजह समझने को वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। इस रहस्य का खुलासा होने के बाद, पृथ्वी के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकेगा।